सेंसेक्स 72,426.64 ▲ +376.26
डॉलर 83.0210 ▲ +0.0153

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 12.0 | 14.0 |
| धनबाद | 28.0 | 14.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 15.0 | 17.0 |
| पलामू | 26.0 | 12.0 | 14.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 17 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक 18, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | अबूधाबी में आईआईटी दिल्ली : सीमा पार ...08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वंशवाद के कुचक्र में फंसी कांग्रेस को ...12 | देश विदेश




## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 61,640

चांदी (1 किलो) 77,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# चंपई मंत्रिमंडल का विस्तार, दो नये तो छह पुराने चेहरों को मिली जगह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नई सरकार के कैबिनेट का विस्तार किया गया है। सभी कयासों पर विराम लगाते हुए चंपई सोरेन ने पुराने चेहरों पर विश्वास जताया। लेकिन उनके मंत्रिमंडल में भी अनुसूचित जाति वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिला वहीं हेमंत मंत्रिमंडल के मुकाबले महिला मंत्री की संख्या भी दो से कम कर एक कर दी गई। शुक्रवार को हुए विस्तार में आठ मंत्री बनाये गए जिसमें बसंत सोरेन व दीपक बिरुआ को छोड़ हेमंत मंत्रिमंडल के शेष छह साथियों की ताजपोशी हुई। राजभवन में शाम साढ़े चार बजे से पांच बजे के बीच शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नये चेहरों में बसंत सोरेन व दीपक बिरुआ को शपथ दिलायी जबकि पुराने चेहरों में डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, बेबी देवी, मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं हफीजुल हसन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। मालूम हो कि दो जनवरी को सीएम चंपई सोरेन के साथ मंत्री के रूप में आलमगीर आलम एवं सत्यानंद भोक्ता ने शपथ ली थी। इस तरह मंत्रिमंडल में अब मुख्यमंत्री सहित कुल 11 मंत्री हो गए हैं। पूर्व के हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल रहीं जोबा मांझी को इस बार कैबिनेट में जगह नहीं मिल पाई है। इस बार कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के चेहरे में बदलाव की चर्चा थी, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने पुराने चेहरों को ही रिपीट किया है।



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बीच गजब की कैमेस्ट्री दिखी। इस कैमेस्ट्री की चमक दोनों के चेहरे पर साफ देखी जा सकती है।

इससे पार्टी के बाकी विधायकों की नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। सोरेन परिवार को भी मंत्रिमंडल में एक ही प्रतिनिधित्व दिया गया है। सीता सोरेन को भी चंपई कैबिनेट में जगह नहीं मिली है। इस तरह मंत्रिमंडल में सिर्फ एक ही महिला हैं बेबी देवी। वैसे चंपई मंत्रिमंडल में भी हेमंत मंत्रिमंडल की तरह एक सीट अब भी खाली रह गया है।

**कांग्रेस के विधायकों में नाराजगी :** मंत्री पद के लिए एक बार फिर से पुराने चेहरों को मौका दिये जाने से कांग्रेस के दस विधायकों ने सर्किट हाउस में बैठक कर अपनी नाराजगी का इजहार किया। कांग्रेस में नये चेहरों को मौका दिए जाने की चर्चा जोरों पर थी। नाराज विधायक पार्टी के तीनों पुराने मंत्रियों को हटाने की मांग कर रहे थे। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### बैद्यनाथ राम का नाम कटा, खाली रह गया 12वें मंत्री का पद



राज्य सरकार ने राजभवन में शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे शपथ लेने वाले मंत्रियों की सूची जारी की थी। इसमें दूसरे नंबर पर बैद्यनाथ राम का नाम था लेकिन ऐन मौके पर उनका नाम जेएमएम की तरफ काट दिया गया। आठों मंत्रियों की तरह बैद्यनाथ राम के लिए भी राजभवन ने पूरी तैयारी की थी लेकिन वह राजभवन पहुंचे ही नहीं। पिछले 10 सालों से झारखंड में मुख्यमंत्री समेत 11 मंत्री ही रहे हैं जबकि झारखंड विधानसभा का समीकरण बताता है कि सूबे में 12 मंत्री हो सकते हैं। रघुवर और हेमंत की तरह चंपई ने भी 12वां मंत्री पद खाली रखा है। कांग्रेस हमेशा से दबाव बनाती रही कि उनके पांच मंत्री हों। फॉर्मूले के मुताबिक कांग्रेस पांच मंत्री का दावा नहीं ठोक सकती है। गठबंधन सरकार बनते वक्त चार विधायक पर एक मंत्री की बात तय थी। कांग्रेस के फिलहाल 16 विधायक हैं। रामगढ़ सीट हारने के बाद एक गिनती कम हुई है। लिहाजा पांचवां मंत्री बनना काफी मुश्किल है। फिर भी कांग्रेस के दबाव की वजह से 12वां मंत्री का पद खाली रखा गया है।

## मंत्री बने

**कांग्रेस से**
डॉ रामेश्वर उरांव
बन्ना गुप्ता
बादल पत्रलेख

**झामुमो से**
मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, दीपक बिरुआ, मो हफीजुल हसन और बेबी देवी

## मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के बीच बांटे विभाग

### मुख्यमंत्री चंपई सोरेन

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, गृह (कारा सहित) विभाग मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग तथा वैसे सारे विभाग जो अन्य मंत्रियों का आवंटित नहीं है।

### आलमगीर आलम



ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग

### सत्यानंद भोक्ता



श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग उद्योग विभाग

### डॉ रामेश्वर उरांव



वित्त विभाग योजना एवं विकास विभाग वाणिज्य कर विभाग खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

### बेबी देवी



महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

### हफीजुल हसन



अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग।

### बसंत सोरेन



पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग।

### दीपक बिरुआ



अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) परिवहन विभाग

### बादल पत्रलेख



कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग।

### मिथिलेश ठाकुर



पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग

**हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल रहीं जोबा मांझी को इस बार नहीं मिला मौका**

### बन्ना गुप्ता



स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, आपदा प्रबंधन विभाग

## एक नजर

### खूंटी में टर्बो की हाइवा से टक्कर, दो की मौत

**खूंटी।** जिले के कर्रा थाना क्षेत्र स्थित घुनसूली गांव के पास शुक्रवार सुबह अवैध बालू लेकर जा रहे टर्बो की हाइवा से जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में दोनों ही गाड़ियों के चालक और खलासी की गाड़ी में दबने से मौत हो गयी है। सूचना मिलने पर कर्रा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गयी। अंदर फंसे शवों को निकाला जा रहा है। बताया जाता है कि हूटार से चिप्स लेकर कर्रा की तरफ हाइवा जा रहा था, जबकि कर्रा से अवैध बालू लेकर खूंटी की तरफ टर्बो जा रहा था। तभी घुनसूली गांव के पास दोनों की आपस में टक्कर हो गयी।

### नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आकर महिला की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के अति नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। यह घटना गोइलकेरा थाना क्षेत्र के वन ग्राम मारादिरी गांव में हुई। इसकी पुष्टि करते हुए पश्चिमी जिले का एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि घटना में वन ग्राम मारादिरी निवासी कांडे पूर्ती की पत्नी रानदाय पूर्ति (56) की मौत हो गई है।

# झारखंड के आठ आईएएस का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ अधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने गुरुवार देर रात अधिसूचना जारी की है।

जारी अधिसूचना के अनुसार कृषि निदेशक झारखंड के पद पर पदस्थापित संजय सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। जबकि दुमका के बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार को डीडीसी गोड्डा के पद पर पदस्थापित किया गया है।

इसी प्रकार पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अपर सचिव विजय कुमार गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का अपर सचिव,धनबाद के डीडीसी शशि प्रकाश सिंह को स्थानांतरित करते हुए प्राथमिक शिक्षा का निदेशक,चतरा के डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी का निदेशक, देवघर के डीडीसी कुमार ताराचंद को स्थानांतरित करते हुए कृषि झारखंड का निदेशक, बोकारो डीडीसी कीति श्रीजी को स्थानांतरित करते हुए झरक्राफ्ट का प्रबंध निदेशक, देवघर एसडीओ दीपांकर चौधरी को स्थानांतरित करते हुए समेकित जनजाति विकास अभिकरण जमशेदपुर के परियोजना निदेशक के पद पर नियुक्त और पदस्थापित किया गया है।

# नगड़ी में मूर्ति विसर्जन जुलूस पर पथराव, तनाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगड़ी में शुक्रवार शाम मां सरस्वती का मूर्ति विसर्जन करने जा रहे जुलूस पर मस्जिद के पास पथराव की घटना हुई है। पथराव की घटना के बाद पूरे नगड़ी की स्थिति तनावपूर्ण हो गई और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के वरीय अधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में जवान मौके पर पहुंचे और स्थिति पर काबू में किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को समझाने में जुटी हुई है। कानून व्यवस्था को देखते हुए पूरे नगड़ी में धारा 144 लागू कर दी गई है।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा स्थगित नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा 2024 को स्थगित करने के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित फर्जी सर्कुलर के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी किया। फर्जी सर्कुलर में कहा गया है कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 को किसानों के चल रहे विरोध के कारण स्थगित कर दी गई है। इसे देखते हुए सीबीएसई ने एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट में स्पष्ट किया कि बोर्ड द्वारा ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सीबीएसई बोर्ड सोशल मीडिया में वायरल हो रहे उस पत्र को फर्जी और भ्रामक बताते हुए कहा है कि बोर्ड ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। फर्जी नोटिस में कहा गया था, यह बोर्ड के संज्ञान में आया है कि किसान विरोध के कारण, बोर्ड को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वे स्कूलों में उपस्थित होने में असमर्थ हैं, इसलिए सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। आपको नई तारीखों के बारे में सूचित कर दिया जाएगा। समस्या को देखते हुए, सीबीएसई ने परीक्षा केंद्र की तारीखों को स्थगित करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि परीक्षाओं की शुरूआत से पहले ही देश में चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शनों को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई ने परिवहन संबंधी संभावित कठिनाइयों को देखते हुए दिल्ली में छात्रों को घर से समय पर निकलने, मेट्रो सेवाओं का उपयोग करने और सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की सलाह जारी की थी।

### मुंबई एयरपोर्ट पर नहीं मिला व्हीलचेयर

# इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल आने से बुजुर्ग की हो गई मौत



**एजेंसी। मुंबई**

देश के सबसे व्यस्त और आधुनिक मुंबई हवाई अड्डे पर बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिलने से मौत हो गई। एयरपोर्ट में व्हीलचेयर सहायक की कमी थी। इसके चलते बुजुर्ग दंपति को सिर्फ एक सहायक दिया गया। ऐसे में विमान से लेकर बुजुर्ग पति को इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर आना पड़ा। काउंटर पर बुजुर्ग गिर पड़े और हार्ट अटैक से मौत हो गई। जैसे ही डीजीसीए को घटना की जानकारी मिली उन्होंने एयर इंडिया को नोटिस जारी करते हुए सात दिनों के अंदर जवाब देने को कहा है। इस घटना के बाद एयर इंडिया ने अपनी सफाई भी दी है। 80 साल के बुजुर्ग ने न्यूयॉर्क से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

# रोक लगे वैभवशाली शादियों और बेहिसाब चुनावी खर्चे पर



सुनील बादल

भारत में भ्रष्टाचार पर रोक के लिए पारदर्शी ऑनलाइन प्रशासन के अलावा जो दो बड़े कारणों पर रोक लगाने की बात होती है वह है वैभवशाली खचीर्ली शादियां और चुनाव में बेहिसाब खर्च। 30 साल पहले बोहरा कमेटी की रिपोर्ट में नेता, अपराधी और कॉरपोरेट्स की मिलीभगत को लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा संकट माना गया था। वर्ष 1998 में इंद्रजीत गुप्ता कमेटी की रिपोर्ट में सरकार की तरफ से चुनावी खर्च देने की बात कही गई थी। विधि आयोग और प्रशासनिक सुधार आयोग ने चुनावी कानून दुरुस्त करने के लिए कई रिपोर्टें दी हैं। ऐसी सभी कमेटियों के सुझाओं को धता बताकर नेता चुनावों में काले धन का इस्तेमाल बढ़ाते जा रहे हैं। चुनावों में टिकट पाने के लिए हर दाव पेंच और सरकार बनाने में करोड़ों की रिसोर्ट पॉलिटिक्स से स्पष्ट है कि राजनीति सबसे बड़ा व्यापार है, जहां सफल होने के लिए अनुचित तरीके से भी काले धन का निवेश होता है। सीबीआई और ईडी के छापों से साफ है कि नेताओं के संरक्षण में खनन, शिक्षा, रियल एस्टेट और नौकरी में माफिया सक्रिय और प्रभावी हैं। दिवालिया कानून की आड़ में अनेक कंपनियां सरकारी बैंकों का पैसा हजम कर रही हैं। ऐसी कंपनियों को



चुनावी बॉन्ड की आड़ में फंडिंग की इजाजत देना देश के खजाने की लूट ही मानी जाएगी। विपक्ष में रहकर सभी पार्टियां चुनावी व्यवस्था को ठीक करने की बात करती हैं, लेकिन काले धन के बाहुल्य से सरकार बनाने की होड़ में शुचिता के संकल्प तिरोहित हो जाते हैं। नेताओं को चुनाव जीतने के बाद गाड़ी, बंगला और अनेक सुविधाएं मिलती हैं। पार्टियों के चंदे और आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगता और उन्हें बेशकीमती सरकारी जमीन पर ऑफिस बनाने की सहूलियत मिलती है। चुनाव आयोग और आयकर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, कई रजिस्टर्ड पार्टियां मनी लॉन्ड्रिंग के कारोबार में लिप्त हैं। संविधान में जनता के शासन को मान्यता मिली है, लेकिन इस संवैधानिक व्यवस्था को पार्टियों ने अपहत कर लिया है। चुनावों में काले धन के कैंसर को खत्म करके ही राजनीति में अपराध और सरकारों में भ्रष्टाचार का खात्मा हो सकता है। हम यूरोप और अमेरिका के विकास मॉडल का अनुकरण करते हैं। एक बेहतर समाज बनाने के लिए हमें उनकी समृद्ध लोकतांत्रिक परंपराओं को भी अंगीकार करने की जरूरत है। अमेरिका में वर्ष 1910 से और यूरोपीय संघ में वर्ष 2014 से नेताओं की फंडिंग में पूर्ण पारदर्शिता के लिए परंपरा और कानून हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने के लोकतंत्र से जुड़े इस बड़े मामले की सुनवाई और फैसला आने में सात साल लग गए। सॉलिसिटर जनरल और अटार्नी जनरल ने इस योजना का अनेक तरीके से बचाव करने की कोशिश की। सरकारी दलीलों के अनुसार, वोटरों को ऐसे चंदे के बारे में जानने का कानूनी अधिकार नहीं है। लेकिन चुनाव आयोग ने ऐसे बॉन्ड और विदेशों से मिल रहे चंदे पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। रिजर्व बैंक ने भी इन बॉन्डों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग होने की आशंका जाहिर की थी। केंद्र और राज्य सरकारों को चुनावी बॉन्ड में विशेष बढ़त मिलती है, इसलिए इस योजना को जजों ने समानता के विरुद्ध माना है। भारत में लॉबिंग गैर-कानूनी है, लेकिन चुनावी बॉन्डों के माध्यम से निजी कंपनियां सरकारों से अनुचित लाभ ले रही हैं। इस बात को सरकार ने भी अप्रत्यक्ष तौर पर स्वीकार किया। सरकारी वकील के अनुसार, चुनावी चंदे का खुलासा होने से चंदा देने वाली कंपनियों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ सकता है। जो लोग चुनावी बॉन्ड से सिर्फ भाजपा को फायदा होने की बात कर रहे हैं, उन्हें यह समझने की जरूरत है कि सिर्फ एक राज्य में सरकार चलाने वाली टीएमसी को लगभग दस फीसदी फंडिंग मिली है। इसलिए अगले महीने चुनावी बॉन्ड का हिसाब-किताब सार्वजनिक होने पर लोकसभा चुनावों के पहले बड़े पैमाने पर राजनीतिक उथल-पुथल हो सकती है। इस योजना के रद्द होने के बाद धन उगाही पर रोल तो नहीं लगेगी पर पुराने तरीकों से पार्टियों को फंडिंग जुटानी होगी। कानून के अनुसार, 20 हजार रुपये से कम की रकम गुमनाम तरीके से ली जा सकती है। पार्टियों को चेक के माध्यम से कंपनियों से चंदा मिल सके, इसके लिए आयकर विभाग ने वर्ष 2013 में ट्रस्ट की व्यवस्था बनाई थी। अनुमानों के अनुसार, पिछले लोकसभा चुनाव में लगभग 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। नियमों का उल्लंघन करके प्रत्याशी बड़े पैमाने पर काले धन का चुनावों में इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, सभी पार्टियों को कानूनी और गैर-कानूनी तरीके से चंदा मिलता है। पार्टियों के संगठित पैसे से कॉरपोरेट ऑफिस, चार्टर्ड फ्लाइट, रोड शो, रैलियां और नेताओं की खरीद-फरोख्त भी होती है। यह ऐतिहासिक फैसला लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मील का पत्थर बन सके, इसके लिए पार्टियों और नेताओं द्वारा पारदर्शी फंडिंग पर अमल जरूरी है।

## एक नजर

### चैनपुर प्रखंड के 56 और बिशुनपुर प्रखंड के 16 घर सोलर लाईट सुविधा से हुए रोशन

**गुमला ।** राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रयास से जिले के लगभग 1700 से अधिक घरों को पूर्ण रूप से सोलर बिजली की सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है। इसी क्रम में जिला अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड स्थित बनारी पंचायत के परसापानी ग्राम में सोलर होम लाइट का अधिष्ठापन करते हुए 16 घरों को (प्रत्येक घरों को 200 वाट) बिजली से सफलता पूर्वक अच्छादित किया गया। वहीं चैनपुर प्रखंड स्थित बारडीह पंचायत अंतर्गत तबेला ग्राम में भी सोलर माइक्रो/मिनी ग्रिड का अधिष्ठापन करते हुए 56 घरों को 14 केडब्लयूपी बिजली से सफलता पूर्वक अच्छादित किया गया है। उक्त कार्य के सफल क्रियान्वयन जरेडा के द्वारा किया जा रहा है।

### रोबोट जतरा कार्यक्रम से स्कूली बच्चों में बढ़ेगी विज्ञान के प्रति रूचि : कर्ण सत्यार्थी

गुमला। जिला प्रशासन की ओर से गुमला पॉलिटेक्निक के सभागार में रोबोट जतरा अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रकवार को हुआ। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी तथा उप विकास आयुक्त हेमन्त सती ने की। जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद के समन्वय में उपायुक्त, गुमला के नवाचारी सोच अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा 28 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला विज्ञान केंद्र, गुमला में गुमला रोबोट जतरा का आयोजन किया जाएगा । गुमला रोबोट जतरा में रोबो रेस और रोबो फाइट जैसी गतिविधियों के लिए जिले से छः विद्यालयों से 05-05 बच्चों की कुल 12 टीम बनाई गई है।

### देशव्यापी हड़ताल का कोडरमा में दिखा असर

**कोडरमा।** देश के मजदूरों, किसानों और आम जनता के जीवन जीविका पर केंद्र सरकार की नीतियों के विनाशकारी हमले, किसानों पर हो रहे दमन और तानाशाही शासन के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और सेन्ट्रल ट्रेड यूनियन और स्वतंत्र फेडरेशनों के राष्ट्रव्यापी हड़ताल का कोडरमा जिला में असर देखा गया। झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के बैनर तले जिला में सभी 751 आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटका रहा। झारखंड राज्य रसोईया संयोजिका यूनियन भी हड़ताल में हुआ शामिल, झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के बैनर तले सैकड़ों निर्माण मजदूरों ने काम रखा बंद वहीं माईका वर्कर्स यूनियन के हड़ताल में शामिल होने से कई क्षेत्रों में ढिबरा मजदूर भी काम रखा बंद, झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के बैनर तले टैम्पो चालक संघ भी हड़ताल में शामिल हुआ।

# अजय झा बने खेलो इंडिया के तकनीकी अधिकारी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अजय झा को खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स -2023 के अंतर्गत मलखंब प्रतियोगिता को सफल संचालन हेतु झारखंड से एकमात्र तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री झा झारखंड राज्य के सभी कोटि के विधालय में वरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं जो नियमित रूप से बत्तीस वर्षो से विधालय में शिक्षण कार्य के अलावा मलखंब ,खो-खो, कबड्डी, आत्या-पात्या ,योग, स्क्वाश, क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स , बैडमिंटन खेल में व्यक्तिगत निःशुल्क प्रशिक्षण देकर हजारों खिलाड़ी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए हैं। खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स गुवाहाटी , असम में मलखंब प्रतियोगिता 18 से 21 फरवरी 2024 तक खो-खो ग्राउंड, सारूसजाय स्पोर्ट्स कंपलेक्स , में आयोजित की जाएगी, श्री झा को 16 फरवरी को रिपोर्ट करना है। श्री झा झारखंड के पहले तकनीकी अधिकारी हैं जिन्हें लगातार तीन बार खेलों इंडिया यूथ गेम्स (पंचकूला, हरियाणा ; उज्जैन , मध्यप्रदेश एवं त्रिचि , तमिलनाडू ), नेशनल गेम्स (अहमदाबाद, गुजरात एवं पणजी, गोवा ) , विश्व मलखंब चैम्पियनशिप (भूटान) , एवं प्रथम नेशनल बीच मलखंब, दीव दमन में अहम भूमिका निभा चुके हैं एवं वर्तमान में गुवाहाटी ,असम खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए 16 फरवरी को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से अपराह्न 2 बजे भाया कोलकाता होते हुए गुवाहाटी , असम के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री झा झारखंड में मलखंब खेल के संस्थापक, पूर्व महासचिव, मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं वर्तमान में झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव के रूप में दायित्व निर्वाह कर रहे हैं। श्री झा झारखंड राज्य के सभी जिलों में ग्रामीण, प्रखंड, जिला स्तर पर लगातार मलखंब खेल के तहत पोल मलखंब,रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब, पिरामिड पर खिलाड़ी अपना अदभुत प्रदर्शन कर राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त कर लगातार क्वालीफाई कर रहे हैं। श्री झा को खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स गुवाहाटी , असम में मलखंब खेल को सफल संचालन के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किए जाने पर विधालय सचिव सजल बनर्जी , कल्याण सचिव मौनी पोद्दार, बीएसपी के अध्यक्ष सुकृत भट्टाचार्य, बीएसपी के चेयरमैन सुब्रतो बनर्जी, महासचिव विकास कुमार राय, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ नन्दी, विधालय की प्रधानाध्यापिका मंजू रानी डे, राज्य मलखंब संघ के अध्यक्ष जगदीश सिंह 'जग्गू, आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन, अखिलेश्वर उपाध्याय, चन्द्र कान्त लाल, चंद्रदेव सिंह, अमरेन्द्र दत्त द्विवेदी , रजनी बक्शी, अमरेन्द्र विकल, गौरी शंकर यादव एवं कई गणमान्य लोगों ने बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।इस खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023 में 16 विश्वविद्यालय से एक सौ पुरुष ,एक सौ महिला खिलाड़ियों सहित 50 प्रशिक्षक, टीम प्रबंधक एवं 40 राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय निर्णायकों को बुलाया गया है।

# सकारात्मकता को साथी बना कर तो देखो, जो चाहो पा लोगे : चौहान



नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली शुक्रवार को सिल्ली कॉलेज, सिल्ली और आदर्श उवि छोटा मुरी में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। सिल्ली कॉलेज में संचालन प्राचार्य अनंत प्रशाद महतो और विषय प्रवेश इतिहास के व्याख्यता विश्वेश्वर मुंडा ने किया। जबकि आदर्श उवि में संचालन प्राचार्या पुष्पा महतो व विषय प्रवेश अनिता नायक ने किया। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए। चौहान ने सकारात्मकता से सजी कहानी भी सुनाई- एक हथौड़ा छोटी सी चाबी से पूछा- आखिर तुम्हारे अन्दर ऐसी कौन सी शक्ति है जो तुम जिद्दी तालों को भी बड़ी आसानी से खोल देती हो, जबकि मैं इतना बलशाली होते हुए भी ऐसा नहीं कर पाता। चाबी बोली- तुम तालों को खोलने के लिए उसपर प्रहार करते हो। ऐसा करने से ताला खुलता नहीं टूट जाता है। जबकि मैं ताले को बिलकुल भी चोट नहीं पहुंचाती। उसके मन में उतर कर उसके हृदय को स्पर्श करती हूँ और फिर निवेदन करती हूँ, वह फौरन खुल जाता है। लब्बोलुआब यह, यदि हम किसी को सचमुच जीतना चाहते हैं तो हमें उस व्यक्ति के हृदय में उतरना होगा। जोर-जबरदस्ती से कोई काम कराना संभव तो है पर इस तरह से हम ताले को खोलते नहीं बल्कि उसे तोड़ देते हैं। यानि उस व्यक्ति की उपयोगिता को नष्ट कर देते हैं। जबकि प्रेम पूर्वक किसी का दिल जीतते ही हम उसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में चौहान ने कॉलेज और स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। निःशुल्क हर संभव मदद दी जाएगी।

### सुदेश कुमार महतो ने स्मार्ट क्लास की शुरुआत की

# बच्चों के चेहरे पर आयी मुस्कान




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ल** पढ़ेगा सिल्ली बढ़ेगा सिल्ली अभियान के तहत विधायक सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार को प्रस्तावित उच्च विद्यालय लोटा में फीता काटकर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया।इस दौरान प्रधानाध्यापिका पार्वती कुमारी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि विद्यालय में अब बच्चों का स्मार्ट क्लास से डिजिटल पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होगी। आईआईटी कानपुर के पूर्ववर्ती छात्रों के संस्था स्कूल लिंक स्मार्ट क्लास का संचालन करेगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भी स्कुली बच्चों का भविष्य बदलेगा और शिक्षा में भी गुणात्मक बदलाव होगी। स्मार्ट क्लास के संचालन से अब स्थानीय छात्र भी आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में स्मार्ट क्लास एक अच्छी पहल है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को मनोरंजन के साथ बेहतर तरीके से विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा सकेगी। यह योजना छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित होगी। वहीं उन्होंने कहा शिक्षा में सिल्ली को बेहतर बनाने के लिए निशुल्क बस सेवा, निशुल्क कोचिंग, निशुल्क लाइब्रेरी समेत कई कार्यक्रम की तैयारी है। स्मार्ट क्लास शुरू होने से स्कूली बच्चों में खुशी का माहौल देखा गया। सभा को बीडीओ रेणु बाला, बीईईओ विमल कांत झा एवं स्कुल लिंक के परशुराम कुमार ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान स्कूल के छात्र द्वारा पाइका नृत्य एवं छात्राओं का संस्कृतिक नृत्य उपस्थित अतिथि एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक परीक्षित महतो ने किया। मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह,प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, बीपीओ मनोज कुमार, जेएसपीएल के बीपीएम अमिता राहिल टुटी, पुर्व मुखिया डबलु महली, संदीप कुमार महतो समेत अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**मांडर।** एनएच 39 में मांडर शर्मा फर्नीचर के निकट शुक्रवार की शाम को एक वाहन से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में से एक अनीस उरांव 20 वर्ष कंदरी चील टोली का रहने वाला है और 20 वर्षीय प्रकाश उरांव सुरसा का रहनेवाला है। घटना करीब सात बजे की है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बाइक से मांडर से मिशन की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में तेज गति के कारण आगे चल रहे एक डीजे वाहन से टकरा गये। सूचना मिलने पर मांडर पुलिस ने घायलावस्था में सड़क पर पड़े दोनों युवकों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

### महाभोग प्रसाद वितरण के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन



**सिल्ली।** सिल्ली बजार स्थित न्यू स्टुडेंट क्लब के सरस्वती पूजा पंडाल में शुक्रवार को महाभोग हलवा का वितरण किया गया। इसके बाद पुजारी विनय चक्रवर्ती द्वारा पुजा एवं आरती के पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा और भक्ति के साथ कर दिया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाभोग ग्रहण करने के बाद संध्या बेला में मां सरस्वती को अंतिम विदाई दी। ज्ञात हो कि सिल्ली मुरी समेत आसपास विभिन्न गांवों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं ने बीते 14 फरवरी को विधिवत पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बंटी गुप्ता, किशन आश, तनोज लाहा, ज्योति साव, विष्णु साव, अनिल साव, पुनम केशरी, राजा चौधरी, राकेश चौधरी समेत स्थानीय युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### जंगली हाथियों ने किसानों की फसलों और बोरिंग मशीन पर बरपाया कहर



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईटा पंचायत अन्तर्गत ईटा गांव के अकला महतो के बोरिंग मशीन को जंगली हाथियों के झुंड ने बर्बाद कर डाला। इसी गांव के तेम्बा उरांव, बिरसा उरांव, सोमरा उरांव, गौरी शंकर उरांव, चरवा उरांव के खेतों में अलग-अलग लगी गेहूं, मटर फ्रेंचबीन सहित अन्य खड़ी फसलों को रौंदकर जंगली हाथियों ने तहस नहस कर डाला। जंगली हाथियों के झुंड ने ईटा पंचायत के ही चरिमा गांव में एक बार फिर किसानों की फसलों पर कहर बरपाया। चरिमा गांव में लगातार तीसरे चौथे दिन बुधराम लकड़ा, चम्पा लकड़ा, तेम्बू खेश, बुधु उरांव, लाधु उरांव सहित अन्य किसानों के खेतों में लगी गेहूं मटर और आलु की फसलों पर जंगली हाथियों ने झुमर खेलकर बुरी तरह बर्बाद कर दिया। पहले से ही जंगली हाथियों के कहर से कराह रहे किसानों को पिछले दिन ही ओलावृष्टि ने बर्बाद कर दिया और एक बार फिर से जंगली हाथियों की कहर ने किसने की कमर तोड़ दी। भुक्तभोगी किसान पंकज कुजूर ने बताया कि जंगली हाथी चरिमा से भाग नहीं रहा और वन विभाग के अधिकारियों की नींद अब तक नहीं खुल पाई है। जंगली हाथी एक सप्ताह से क्षेत्र में तांडव बचा रहा है और वन विभाग के कोई भी कर्मचारी जंगली हाथियों को भगाने की दिशा में कोई भी कदम नहीं उठाया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### डांस प्रतियोगिता में अव्वल रहे सिद्धिका कुमारी व सत्यम साव



खलारी। पुरनाडीह कालोनी धमधमिया में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन तुमांग पंचायत के मुखिया संतोषकुमार महली ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बारी बारी से एकल व ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। डांस प्रतियोगिता के जज द्वारा प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों को अंक दिया गया। अंक आधार पर प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रथम स्थान सिद्धिका कुमारी व सत्यम साव, द्वितीय स्थान अनन्या यादव व तृतीय स्थान पर प्रतीक गंझू रहे। वही चित्रकला प्रतियोगिता में अनुशिका कुमारी, माही कुमारी, मौसम कुमारी को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को भी मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन में समिति के अध्यक्ष रमेशर भोगता, सरजू सिंह, ध्वजाराम धोबी, जीतेंद्र यादव, संजय राम, अर्जुन गंझू, मनोज साव, नंदू प्रजापति, राकेश कुमार, बंधन गंझू, रवि कुमार, रजनीश प्रजापति, अनुराग, आशीष, पवन, करण, श्रवण, गोलू, टिचकुले, युवराज आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### देश के हर नागरिक को आध्यात्मिक चिंतन करने की जरूरत : जगन्नाथ भगत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया गांव में गोरिया गड़हा नामक स्थान पर दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए जगन्नाथ भगत के पहल एवं देखरेख में भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर दर्जनों महिलाओं एवं गांव के पुरुषों ने भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भूमि पूजन के दौरान विधिवत झंडा गाड़कर पूजा अर्चना की गई। वेद मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस मौके पर परना साहु, अनिल कुमार साहु, शांति देवी, गौरी शंकर साहु, ज्योति गुप्ता, शकुंतला देवी, राधा देवी, विनोद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, रीना देवी, चिरंजीवी देवी, संतोषी देवी, सुमंती देवी, कृष्णा साहु, चांदनी देवी, फुलेश्वरी देवी, बबीता देवी, सविता देवी, सुकरमणी कुमारी, फुलेश्वरी देवी सहित कई लोगों ने धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। इस मौके पर मंदिर निर्माण के लिए तुलसी का पौधा लगाकर तथा बजरंगबली का झंडा स्थापित कर विधिवत भूमि पूजन किया। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगन्नाथ भगत ने कहा कि बिना आध्यात्मिक ज्ञान के मनुष्य का जीवन अधुरा है। देश के हर नागरिक को आध्यात्मिक चिंतन करने की जरूरत है। जब हम आध्यात्म की ओर अग्रसर होंगे तब हमारे अंदर के विचारों की मलिनता स्वच्छ होगी और हमारे अंदर का विकार नष्ट होगा।

### मनरेगा के मेठ, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, जेई, मुखिया, बीपीओ पर लगा जुर्माना

**खलारी।** खलारी प्रखंड के 11 पंचायतों में मनरेगा के योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस दौरान पाई गई कमियों को लेकर मनरेगा के मेठ, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, जेई, मुखिया व बीपीओ पर जुमार्ना लगाया गया। अंकेक्षण कार्य तुमांग, विश्रामपुर, हुटाप, खलारी, बुकबुका, चूरी दक्षिणी, चूरी पश्चिमी, चूरी मध्य, चूरी पूर्वी, राय व बमने पंचायत में किया गया। कमियों में कहीं मेजरमेंट बुक पूरा नहीं था, कहीं बोर्ड नहीं लगा था, कहीं नापी सही नहीं मिला। इसके अलावा फाइल अपूर्ण पाया गया। इससे पहले एक सप्ताह तक सोशल आडिट टीम द्वारा योजनाओं का आडिट किया गया था। तुमांग पंचायत भवन में सामाजिक अंकेक्षण की अध्यक्षता ग्राम प्रधान गणेश पाहन ने की। ज्यूरी टीम में सहदेव महली, प्रेम साहू, नवीन टोपनो, मोनिका देवी आदि थे। यहां 11 योजनाओं में बोर्ड नहीं लगा था। 42 योजनाओं में मापी पुस्तिका नहीं लगाई गई थी। 32 योजनाओं में तीन चरणों का फोटो नहीं लगाया गया था। कई योजनाएं अपूर्ण थी जिस पर जुमार्ना लगाते हुए निर्धारित समय पर योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अनुपालन नहीं करने पर मनरेगा अधिनियम के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पंचायतों में मुखिया संतोष महली, तेजी किस्पोट्टा, पारसनाथ उरांव, शिवनाथ मुंडा, शिवरत मुंडा, मलका मुंडा, सुनीता देवी, शिला देवी, शांति देवी, दीपमाला कुमारी, पंचायत सचिव महावीर महतो, परीक्षित महतो, पूषा मुंडा, रोजगार सेवक कुणाल कुमार, विश्वरंजन कुमार, लालमोहन राम, महबूब आलम, सुजीत कुमार, सुधीर कुमार, मणिलाल उरांव आदि उपस्थित थे।

## ओलावृष्टि ने किसानों की तोड़ी कमर, ईंट भट्ठा मालिक को भी नुकसान

# गंगोत्री कुजूर ने सरकार से की मुआवजे की मांग



**मोहसिन खान**
चान्हो/मांडर। मांडर और चान्हो के विभिन्न गांव में बारिश के साथ हुए ओलावृष्टि से किसानों के फसलों को काफी नुकसान हुआ है । चान्हो प्रखंड के हुरहुरी, नौदी, बेयासी, गोके, सिसई, मदई तो मांडर प्रखण्ड के कुरकुरा, मंदरो, डुमरी, सरवा, पचपादा समेत अन्य गांवों में किसानों के फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जिससे किसानों मे काफी निराशा देखने को मिल रही है। फसल को भारी नुकसान हुआ है। एक तो वैसे ही किसान पहले से धान की फसल पीटने के बाद सकते में थे, कि आसमानी कहर ने किसानो की दुर्दशा को और बढ़ा दी। आलू, गोभी, मटर एवं हरी सब्जियों को जहां नुकसान पहुंचा है, वही ईट भट्ठा में भट्टेदारों को भी नुकसान का सामना करना पड़ा है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि आर्थिक तंगी से गुजरते हुए कृषि कार्य पर आश्रित रहने वाले हम किसानों के सामने जीवन की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। बड़ी संख्या में किसानों के खेतों में लगे फसल को नुकसान हुआ है। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द मुआवजे की मांग की। और किसानों को सांत्वना दिया कि मुआवजा मिलने तक मैं आपके साथ संघर्ष करूंगी। चान्हो अंचल के अंचल अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि अंचल फसलों के हुए नुकसान का जायजा ले रही है। साथ ही उन्होंने किसानों से अपील की कि जिनका जो भी नुकसान हुआ है, वह जमीन के कागजात के साथ अंचल कार्यालय में नुकसान की भरपाई के लिए आवेदन दे सरकार से मुआवजा दिलाई जायेगी। ओलावृष्टि से प्रभावित किसान अपने खेत के सामने फोटो खींचा कर पंचायत के मुखिया से अग्रसारित आवेदन, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ अंचल कार्यालय में जमा करे, ताकि मुआवजा की प्रक्रिया को शुरू किया जा सके।

### क्या कहते हैं किसान

#### मकसूद अंसारी, हुरहुरी



मेरा एकमात्र सहारा खेती ही है। खेती के साथ ही उम्मीद जुड़ा हुआ था। इस तरीके से अचानक आसमानी कहर ने हमारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

#### तपेश्वर शाही, हुरहुरी



बहुत मुश्किल से हम मटर लगाए थे। और ठीक तोड़ने का समय हो रहा था और ओलावृष्टि ने हमारे सारे फसल को बर्बाद कर दिया। एक बार का हुए नुकसान की भरपाई के लिए हमें पूरा साल मेहनत करना पड़ेगा।

#### हजरू अंसारी, नौदी



इस बार देर से बारिश होने के कारण धान की खेती भी नहीं कर पाए थे। और हम एक एकड़ में गेहूं लगाए थे लेकिन ओलावृष्टि से पूरे का पूरा गेहूं खत्म हो गया। अब हम हमारे परिवार के बीच खाने को भी लाले पड़ जाएंगे।

#### आजाद अंसारी



जिस तरीके से हमारे खेती के साथ हमारी सारी उम्मीदें खत्म हो गई है। पचास डिसमिल में गोभी की खेती लगाए थे, सब खत्म हो गया। अब हमें कमाने के लिए एट भत्ते का रुख करना पड़ेगा।

### ओलावृष्टि से एक व्यक्ति घायल

वहीं कल हुई वर्षा और ओलावृष्टि से मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम डोंगाटोली टोली के रहने वाले अनुप बाड़ा गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार अनूप बाड़ा अपने खेत के तरफ गए हुए थे। इसी बीच अचानक वर्षा और ओलावृष्टि शुरू हो गई। ओलावृष्टि से अनुप बाड़ा वहीं घायल हो गए। अभी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।और रिम्स में इलाज चल रहा है।

### इलेक्ट्रिक सप्लाई वर्कर्स यूनियन ने मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन




**रांची ।** झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिक सप्लाई वर्कर्स यूनियन की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को कुसई कॉलोनी में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान विद्युत विधेयक 2022 को रद करने, केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी चार लेबर चार्टर को वापस लेने की मांग की गई। संगठन के नेता सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए मानव दिवस कर्मी और अस्थाई तौर कर्मचारियों की नियुक्ति की भी मांग कर रहे थे। इसके साथ ही मानव दिवस कर्मियों के दैनिक भत्ता भुगतान निगम की ओर से करने की भी मांग उठाई गई।

# खलारी सीमेंट कामगार को-आपरेटिव से कब्जा हटाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
न्यायालय, भवन किराया नियंत्रक सह अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची के आदेश का अनुपालन करते हुए खलारी सीमेंन्ट वर्कर्स कोआपरेटिव से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। कब्जा हटाने की कार्रवाई प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी असीम बड़ा, कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर, रांची तथा पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। कोआपरेटिव परिसर में सहदेव मुंडा अपने परिवार के साथ रह रहा था। खलारी सीमेंट कंपनी की ओर से एसडीओ कोर्ट में वाद दायर किया गया था। आदेश में कहा गया है कि नोटिस प्राप्त होने के बावजूद द्वितीय पक्ष सहदेव मुंडा के न्यायालय में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण एक पक्षीय फैसला सुनाते हुए परिसर खाली करने का आदेष दिया गया। कार्रवाई के समय सहदेव मुंडा वहां नहीं था। उसकी पत्नी फगनी देवी, उसके बच्चे व परिवार के लोग थे। परिसर खाली कराकर ताला मारकर प्रथम पक्ष को कब्जा दे दिया गया।
सहदेव मुंडा की पत्नी फगनी देवी ने बताया कि कारखाना बंदी के दौरान उसका परिवार कंपनी के जीएम बंगला में रहकर रखवाली किया करता था। बाद में कंपनी के अधिकारी ही उनके परिवार को कोआपरेटिव परिसर में रहने का जगह दिए। फगनी का कहना था कि कंपनी के पास उनका पैसा बाकी है। उनपर कब केश किया गया उसे नहीं मालूम है। न्यायालय में उपस्थित होने संबंधी उन्हें कभी भी कहीं से कोई नोटिस नहीं मिला। उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका भी नहीं दिया और सीधे कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वह सभी से अपनी बात कहती रही। लेकिन उसकी बातों को अनसुनी कर आदेश का अनुपालन किया गया।

# हजारों अभ्यर्थियों संग राजभवन के सामने प्रदर्शन करेगी आजसू

## जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच समेत अन्य मांगों को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) आज राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेगा। इस प्रदर्शन में आजसू के समस्त जिलों के कार्यकताओं के साथ हजारों की संख्या में छात्र और अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस प्रदर्शन के बारे में जानकारी देते हुए आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने बताया कि कल छात्रों के साथ पैदल मार्च करते हुए मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से कचहरी होते हुए राजभवन पहुँच कर प्रदर्शन की शुरूआत होगी। इसके बाद अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल मोहदय को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। जेएसएसी ने छात्रों के भविष्य के साथ ही राज्य के भविष्य को भी अंधेरे में धकेल दिया है। सरकार को इस मामले की जांच सीबीआई से कराए ताकि दोषियों पर कार्यवाई हो और पीड़ित छात्रों को इंसाफ मिले। आजसू के महासचिव विशाल महतो ने राज्य के सभी छात्रों और अभ्यर्थियों को इस प्रदर्शन में शामिल होने होने का आग्रह किया।

# गुरुनानक होम फॉर हैंडीकैप्ड चिल्ड्रेन में 1970 से दिव्यांग बच्चों का हो रहा है मुफ्त इलाज

## सेरेब्रल पाल्सी, मायोपैथी, क्लब फुट, पोस्ट ट्रोमेटिक पैरालिसिस के बच्चे हो चुके हैं स्वस्थ्य

**अमित कुमार। रांची**

बच्चे माता पिता और पूरे परिवार के प्यारे होते हैं। कोई नहीं जानता कि एक बच्चा मां के गर्भ में ही या जन्म के बाद विकलांग होगा। ऐसा होने पर पूरे परिवार का भविष्य कठिन होता दिखता है। ऐसे में गुरुनानक होम फॉर हैंडीकैप्ड चिल्ड्रेन दिव्यांग बच्चों की बेहतरी के लिए काम कर रहा है। इस संस्थान की स्थापना 1970 में बरियातु में हुई। तब से अस्पताल के सचिव जीएस सलूजा, निदेशक डॉ सुरेश्वर पांडे और डॉ अनिल कुमार पांडे इस पुनीत सेवा कार्य में लगे हैं। यहां इलाज के लिए शुरू में मात्र 50 रुपये का रजिस्ट्रेशन कराना होता है।

**कई गंभीर बिमारियों का होता है इलाज**

संस्थान की ओर से शुरूआती दौर में पोलियो और हड्डियों की विकृतियां से संबंधित बीमारियों का इलाज होता था। लेकिन अब सेरेब्रल पाल्सी, मायोपैथी क्लब फुट पोस्ट ट्रोमेटिक पैरालिसिस का भी इलाज हो रहा है ।

**स्वस्थ्य हो चुके बच्चों की दास्तान**

दरभंगा से आये आठ वर्ष के अनमोल गामी तथा गिरिडीह की छह माह की स्वीटी कुमारी को सेरेब्रल पाल्सी की समस्या थी। जिससे उनका शरीर पूरी तरह से अकड़ चुका था और उनके शरीर की गतिविधियां रुक सी गई थीं । उन्हें सभी तरह के इलाज के साथ फिजियोथैरेपी दी गई और छह माह के बाद वे दोनों अपने पैरों पर चल कर घर गये। ठाकुरगांव निवासी मालती कुमारी के एक वर्षीय बच्चे उज्जवल राज का क्लब फुट की समस्या थी। जिससे पैर उंगलियां मुड़ कर ऊपर पैर में सटी हुईं थीं । छह माह के इलाज के बाद बच्चे का पैर पूरी तरह ठीक हो गया।




**क्या सुविधा है**

**व्हीलचेयर, कृत्रिम हाथ व पैर लगाये जाते हैं। बच्चों की देख रेख के लिये 14 स्टाफ, 2 शल्य चिकित्सक हैं। रहने के लिये कमरे, बाथरूम, सारी सुविधाएं हैं । ऐसे बच्चों को इलाज के साथ उन्हें नियमित व्यायाम भी कराया जाता है।**

### डॉ सुरेश्वर पांडे, निदेशक



यहां विकलांग बच्चों को निःशुल्क इलाज किया जाता है। यहां बिहार,बंगाल,ओडिशा के 15 वर्ष तक के 45 से 50 बच्चों का बच्चों का रोजाना इलाज होता है ।

### डॉ अनिल कुमार पांडे, निदेशक



अब तक कुल 25 हजार बच्चों का सफल इलाज हो चुका है और 12 हजार से अधिक बच्चों का सफल शल्य चिकित्सा किया गया है। उन बच्चों का प्यार हमें मिलता है।

### जीएस सलूजा, मानद सचिव



सभी गंभीर समस्याओं का सफल इलाज सभी सुविधाओं के साथ किया जाता रहा है। लोगों का विश्वास हम पर है हम उन बच्चों के स्वस्थ जीवन जीने के लिए तत्पर हैं ।

## शहरी महिलाओं की आजीविका संरचना पर कराना होगा काम

**रांची।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, यूएनडीपी इंडिया एवं नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहरी आजीविका से संबंधित राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यशाला में महिला सशक्तीकरण एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता विषय पर गहन चर्चा हुई। नयी रणनीति और भविष्य में राज्यों के उत्कृष्ट कार्यों को पूरे देश में कैसे लागू किया जाये, इसकी कार्ययोजना बनायी गयी। मौके पर आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के केंद्रीय संयुक्त सचिव राहुल कपूर ने कहा कि शहरी क्षेत्र की गरीब महिलाओं के साथ उनकी सशक्त संरचनात्मक संस्था के द्वारा उनकी आजीविका विकास, उनके सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के लिए समुदाय के साथ मिलकर विकास पर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अर्बन लाइवलीहुड इको सिस्टम पर काम करना होगा।

## एक नजर

### अपनी मांगो के समर्थन में धरना स्थल पर दिव्यांगो ने की सरस्वती पूजा

**रांची।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ अपने विभिन्न मांगों को लेकर कर रहे आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन स्थल पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। शुक्रवार को पूजा कर मां की प्रतिमा को राजभवन समिप स्थित तालाब में मूर्ति का विसर्जन किया। मौके पर ओमप्रकाश चौहान, पीके प्रधान, पप्पू, मुकेश जिल महतो सरोज बारला, रूबी थॉमस, संजय कुशवाहा सहित अन्य लोग शामिल रहें। बताते चले की वहां मौजूद राज्य भर के सभी दिव्यांग लोग दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के तहत सभी विभागों में 5 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित हो को लेकर धरना प्रदर्शन पिछले दो माह से कर रहें है। उनकी अन्य मांगो में रोजगार शिक्षा चिकित्सा सहित अन्य लाभकारी योजनाओं का लाभ की मांग कर रहे हैं। साथ ही राज्य में निशक्त आयुक्त का स्वतंत्र नियुक्ति की भी मांग की है।

### सरकार को भी सुपरसीड कर रहे पीसीसीएफ

**रांची।** वन विभाग की कथनी और करनी में शुरू से काफी अंतर रहा है. विभाग के कई अफसरों का विवादों से गहरा नाता भी रहा है. पूर्व पीसीसीएफ एके रस्तोगी बोकारो में सहारा इंडिया की 70 एकड़ जमीन मामले में जांच की जद में हैं. वहीं वर्तमान पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव अपने कनीय अधिकारी डीएफओ आरएन मिश्र को बचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे. मामला हाईप्रोफाइल है. एनपीटीसी ने 100 एकड़ से अधिक वन भूमि में अवैध खनन कर ली है. शुभम संदेश अखबार इसका परत-दर परत राज खोल रहा है. एनटीपीसी के पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना (हजारीबाग) में किए गये अवैध खनन का दोषी वन विभाग किसी को नहीं मानता. सुप्रीम कोर्ट के 6 जून 2022 को मेसर्स बालासोर अलॉयज लिमिटेड बनाम ओडिशा राज्य मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस शाह ने अपने आदेश में कहा था कि फॉरेस्ट क्लीयरेंस के आवेदन लंबित हैं तो इसे फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं माना जा सकता, अगर फॉरेस्ट क्लीयरेंस के आदेश के बिना खुदाई की जाती है।

# गाजे-बाजे के साथ निकली मां की विसर्जन शोभायात्रा



**रांची।** विद्या की देवी मां शारदे की पूजा अर्चना के बाद शुक्रवार को को उन्हें गाजे-बाजे के साथ विदाई दी गई। राजधानी के विभिन्न मोहल्लों में स्थापित माता सरस्वती की प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने विसर्जन शोभायात्रा के साथ निकट के तालाबों पर ले गए और प्रतिमाइओं को विसर्जित किया गया। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान युवक-युवती और बच्चे गानों के धून में नाचते चल रहे थे। इस दौरान राजधानी के कई तालाबों में अलग से विसर्जन कुंड का निर्माण भी कराया गया था। इस बार राजधानी के कई किड्स स्कूलों में भी सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया था। इसके बच्चे अपने अभिभावकों के साथ विसर्जन में शामिल हुए। ऐसा ही नजारा यूरो किड्स टूंकी टोला में देखने को मिला। यहां शिक्षक, प्रबंधक, अभिभावक और बच्चे सभी विसर्जन शोभायात्रा में शामिल हुए।



## हेमोल्यटिक उरेमिक सिंड्रोम के कारण किडनी फेल मरीज का पारस एचईसी हॉस्पिटल में सफल इलाज



**रांची।** एक 50 वर्षीय पुरुष मरीज मिर्गी, बेहोशी और बुखार की समस्या के साथ इमरजेंसी में लाया गया।इमरजेंसी में मरीज काफी इरिटेबल था। मरीज को तत्काल पारस एचईसी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया । पारस अस्पताल में डॉ अशोक कुमार बैद्य ने मरीज की जाँच की और पाया कि उसका किडनी काम करना बंद कर दिया है, जिसके कारण मरीज का यूरीन कम पास हो रहा था। हीमोग्लोबिन एवं प्लेटलेट्स काफी कम और सीरम छउऌ बहुत बढ़े हुए पाए गए। इस बीमारी को हेमोल्यटिक उरेमिक सिंड्रोम कहा जाता है। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ बैद्य की निगरानी में पारस अस्पताल में तत्काल प्लाज्मा फेरेसिस डायलिसिस और ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया। प्लेटलेट्स को नियंत्रित करने के लिए मरीज के प्लेटलेट्स भी ट्रांसफ़्यूज किए गए। 2 से 3 दिनों के नियमित इलाज के बाद मरीज का हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स सामान्य स्तर पर आ गया और मरीज इरिटेबल नहीं था।

## फिनो पेमेंट्स बैंक झारखंड में 4.50 लाख ग्राहकों को दे रहा वित्तीय सेवा



**रांची।** फिनो पेमेंट्स बैंक झारखंड राज्य में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। वर्तमान समय में झारखंड में फिनो पेमेंट्स बैंक 4.50 लाख ग्राहकों को सेवा दे रहा है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 1.40 लाख खाता खोले गये हैं। अगले वित्तीय वर्ष में 1.70 लाख नये खाते खोलने की योजना है। अभी राज्य में दो शाखाएं और सात क्लस्टर कार्यालय है। कुल 18 हजार से अधिक मर्चेंट प्वाइंट के माध्यम से ग्राहकों के साथ आसानी से रुपए का लेन देन किया जा रहा है। अलगे वित्तीय वर्ष में मर्चेंट नेटवर्क की संख्या बढ़ायी जायेगी। फिनो पेमेंट्स बैंक कैश मैनजमेंट सर्विस के मामले में भी बेहतर प्रदर्शन करते करते हुए 2600 करोड़ का काम कर चुके हैं। बैंक जल्द ही कई अन्य प्रोडक्ट में भी एड करने जा रहा है। यह जानकारी फिनो पेमेंट्स बैंक झारखंड और छत्तीसगढ़ के जोनल हेड अशोक कुमार पांडे ने शुक्रवार को रांची में स्थित आंचलिक कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

# पर्यावरण के मुख्य क्षेत्रों को लक्षित कर हम परिवर्तन के प्रबंधक बनें

## एक्सआईएसएस व स्विचऑन फाउंडेशन की ओर से 'मूव फॉर अर्थ सिम्पोजियम' का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और स्विचऑन फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान निकालने और स्थिरता की दिशा में सामूहिक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए मूव फॉर अर्थ सिम्पोजियम 2024 का आयोजन शुक्रवार को संस्थान परिसर में किया।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण से सम्बंधित विषयों की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए, झारखंड राज्य के हितधारकों ने इस सिम्पोजियम में भाग लिया। जिसका उद्देश्य सकारात्मक बदलाव के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना था। इस आयोजन में सरकार, उद्योग, गैर सरकारी संगठनों, शिक्षा जगत और अन्य सहित कई क्षेत्रों से सक्रिय भागीदारी देखी गई। सिम्पोजियम की शुरूआत उद्घाटन सत्र में विकास और नवीनीकरण के प्रतीक पौधों को पानी देने से हुई, जिसके बाद सम्मानित वक्ताओं ने संबोधन दिए। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने अपने स्वागत भाषण में कहा, एक्सआईएसएस को स्विचऑन फाउंडेशन के साथ पर्यावरण से सम्बंधित इस साझेदारी पर गर्व है। इस प्रयास से हम अर्थशास्त्र, सामाजिक और पर्यावरण के तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करते हैं और अब हमें परिवर्तन के प्रबंधक बनना चाहिए। एक आदिवासी राज्य के रूप में, हम पर्यावरण संरक्षण के तरीकों को बेहतर जानते हैं क्योंकि वे कई शताब्दियों से चलन में हैं और अब बेहतर भविष्य के लिए उनका प्रयोग पर्यावरण की सुरक्षा के लिए शुरू करना होगा, जिससे समाज वह आवश्यक बदलाव आये जो हमारे आने वाली पीढ़ी को जीवन का वरदान दे।

"इस कार्यक्रम पर अपने विचार देते हुए,फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक, विनय जाजू ने कहा, मूव फॉर अर्थ सिम्पोजियम के माध्यम से, हम सरकार, उद्योगों, गैर सरकारी संगठनों, छात्रों, शिक्षाविदों, किसानों, एसएचजी सहित विभिन्न हितधारकों को शामिल करके समुदायों के भीतर स्थिरता को बढ़ावा देना चाहते हैं।

# भारत बंद का रांची जिला कांग्रेस कमिटी ने किया समर्थन : सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश के किसान संगठनों की ओर से आहुत भारत बंद जो कृषि उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी ,बेरोजगारी एवं केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आयोजित थी को रांची जिला कांग्रेस कमिटी ने समर्थन दिया एवं बड़ी तादाद में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। आंदोलनरत किसान संगठनों ने सभी सामाजिक संगठनों, छात्रों, युवाओं, महिलाओं, पेंशनधारकों, छोटे व्यापारियों, ट्रक संचालकों, पत्रकारों एवं सांस्कृतिक आंदोलनकारियों से राष्ट्रीय स्तर पर आम जनों के जीविका से जुड़े मुद्दे को लेकर जन दबाव बनाने हेतु भारत बंद का आह्वान किया था। देश के अन्नदाताओं के ऊपर हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ रांची जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाअध्यक्ष डॉ.राकेश किरण महतो के नेतृत्व में राजधानी रांची में अल्बर्ट एक्का चौक पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया।

## रांची के सात वर्षीय विवान शौर्या ने पेंटिंग में जीता अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार



**रांची।** डोरंडा रांची के रहने वाले कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के 7 साल के विवान शौर्य ने अपनी प्रतिभा के बल पर झारखण्ड का नाम अंतरास्ट्रीय पटल पर रोशन किया है इन्होने इस उम्र में विश्व की प्रतिष्ठित चित्रकला प्रतियोगिता अल्टीमेट एक्सप्रेशन २०२३ पिकासो आर्ट कांटेस्टह्व में अपनी कला प्रतिभा के बल पर स्टार आर्टिस्ट का अवार्ड प्राप्त किया है। ये प्रतियोगिता 2014 से प्रतेक वर्ष आयोजित की जा रही है। इस वर्ष प्रतियोगिता में 35 देशों से 1000 से अधिक प्रतिभागीओं ने भाग लिया था। जिसमे अमेरिका, जापान, इटली, हांगकांग, कनाडा, तुर्की, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, रोमानिया, बुल्गारिया, सायप्रस, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, श्रीलंका, बांग्लादेश, उक्रेन एवं अन्य देश शामिल हैं। जिसमे 6 से 10 वर्ष वाले ग्रुप में 7 वर्षीय विवान ने इस प्रतियोगिता में अपने देश और राज्य का गौरव बढ़ाते हुए ये पुरस्कार प्राप्त किया है। विवान को 100 में से 98 अंक प्राप्त हुए हैं जिसके लिए इन्हें स्टार आर्टिस्ट सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट प्रदान किया गया।

# सरला बिरला के छात्रों का जेईई मेन्स 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेईई मेन्स 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयुश राज यादव ने 98.7884367 पर्सेंटाइल, धैर्य पाण्डेय ने 98.5767311 पर्सेंटाइल, आर्यमान कुमार ने 97.6370999 पर्सेंटाइल, शिवम मिश्रा ने 96.6872740 पर्सेंटाइल, भूमि केशरी ने 95.3957983 पर्सेंटाइल, रणवीर राज ने 94.8922403 पर्सेंटाइल, रूपेश आनंद ने 94.6118212 पर्सेंटाइल, अपूर्बो रॉय ने 94.3480760 पर्सेंटाइल, प्रभु समर्पित नायक ने 93.9703785 पर्सेंटाइल, आकर्ष कुमार सिंह ने 92.6028770 पर्सेंटाइल एवं सौरभ तिवारी ने 92.4346213 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने जेईई मेन्स उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को बधाई दी और अगले चरण के लिए शुभकामनाएँ दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की इस उपलब्धि की सराहना की और उन्हें जेईई एडवांस के लिए शुभकामनाएं दीं।




# झारखंड प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का तबादला




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने गुरुवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव नवीन कुमार को स्थानांतरित करते हुए देवघर का डीडीसी बनाया गया है।

जबकि चतरा के अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल को स्थानांतरित करते हुए चतरा का डीडीसी, गुमला के भूमि सुधार के उपसमाहर्ता सागरी बारल को एसडीओ देवघर, हजारीबाग के चौपारण के अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल को रामगढ़ के पतरातू का अंचल अधिकारी, साहिबगंज के बरहरवा के अंचल अधिकारी एजाज हुसैन अंसारी को जामताड़ा का कार्यपालक दंडाधिकारी, सरायकेला नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को जमशेदपुर का जिला कल्याण पदाधिकारी, श्रम नियोजन विभाग के संयुक्त सचिव संदीप बक्शी को स्वर्ण रेखा परियोजना जमशेदपुर का संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार विशाल दीप खलखो को नगर आयुक्त गिरिडीह , संदीप कुमार को बोकारो डीडीसी, पूनम कच्छप को जामताड़ा का अपर समाहर्ता, मिथिलेश कुमार चौधरी को गोड्डा का भूमि सुधार विभाग का उपसमाहर्ता, भागीरथ प्रसाद को धनबाद का विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, नरेश रजक को धनबाद का भूमि सुधार विभाग का उपसमाहर्ता , हेमा प्रसाद को धनबाद का अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था बनाया गया है। हेमा को धनबाद का लेखा प्रशासन विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी। साथ ही सुदर्शन मुर्मू को रांची का भूमि सुधार एवं नक्सल का अपर समाहर्ता, रंजीत लोहरा को जमशेदपुर का राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम का निदेशक, जेम्स सुरीन को रांची का विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, राजेश कुमार राय को रांची का ग्रामीण विकास विभाग का विशेष सचिव, राकेश कुमार दुबे को रांची का वाणिज्य कर विभाग संयुक्त सचिव,संतोष कुमार सिंह को गृह विभाग का संयुक्त सचिव,अमित कुमार को ग्रामीण विकास विभाग का संयुक्त सचिव, नागेंद्र पासवान को श्रम विभाग का संयुक्त सचिव, महेश कुमार संथालिया को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और कल्याण विभाग का संयुक्त सचिव, राजेश कुमार बरवार को मुख्य सचिव कार्यालय में उपसचिव के पद को संयुक्त सचिव के पद में उत्क्रमित करते हुए पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा नंदकिशोर लाल को स्कूली, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का संयुक्त सचिव, सुषमा नीलम सोरेन को समेकित जनजाति विकास अभिकरण लोहरदगा का परियोजना निदेशक, संगीता लाल को परिवहन विभाग का संयुक्त सचिव, विद्या भूषण कुमार को गुमला का लेखा प्रशासन का निदेशक, संजीव कुमार लाल को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का उपसचिव, शिशिर कुमार सिंह को पंचायती राज विभाग का जिला पंचायत राज पदाधिकारी, कुमार अभिनव स्वरूप को मंत्रिमंडल सचिवालय अवर सचिव बनाया गया है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी दीर्घकालीन योजनाएं गति पकड़ेगी और संतान के करियर में एक अच्छा उछाल आएगा। आपके घर परिवार के सदस्यों में आपसी मनमुटाव के कारण आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित रहेंगे, लेकिन उसे पूरा करने में समस्या आ सकती है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और राजनीति में कार्यरत लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपको श्रेष्ठजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन आप किसी से धन उधार लेने से बचें, नहीं तो बाद में वह आपके लिए समस्या बन सकती है। आप अपनी शान शौकत और दिखावे में अत्यधिक धन व्यय ना करें, नहीं तो बाद में आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर समस्या हो सकती है। आप किसी से बहुत ही तोलमोल कर बोले और यदि आपने किसी के कहने में आकर निवेश किया, तो बाद में वह आपके लिए समस्या बन सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। प्रशासनिक मामलों में आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आप अपनी प्रतिभा से अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहेगा। आपको लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपका कोई मित्र आपसे किसी निवेश संबंधी योजना का जिक्र कर सकता है। संतान की शिक्षा में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो आप उसे दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का प्रेम परवान चढ़ेगा और वह एक दूसरे के प्रति समर्पित नजर आएंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आप अपने घर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको कोई महत्वपूर्ण सूचना सुनने को मिल सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपनी मेहनत में कोई कसर ना छोड़ें, नहीं तो समस्या होगी, जो जातक सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत है, उन्हें अपने सहयोगियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपका धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था और विश्वास बढ़ेगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपके कामों की अधिकारी तारीफ करेंगे, जिसके कारण आपका प्रमोशन भी हो सकता है। परिवार में किसी सदस्य के करियर को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। माता जी का कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए किसी काम को जल्दबाजी में करने से बचने के लिए रहेगा। आप अपने शारीरिक समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे, जिसमें आपको ढील देने से बचना होगा। आप अपने कामों को अनदेखा न करें और संतान से यदि आपने कोई वादा किया था, तो आपको उसे समय रहते पूरा करना होगा। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला आज सुलझता दिख रहा है। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों के समय रहते हल कर लेना होगा, तभी वह पूरे हो सकेंगे। आप अपने जरूरी कामों में आलस्य ना दिखाएं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। निजी जीवन में चल रही समस्या आपको परेशान करेंगी। साझेदारी में यदि आपने किसी काम की शुरूआत की है, तो आप उसमें पार्टनर की किसी गलत बात पर हां में हां ना मिलाएं। आपका किसी भूमि या भवन आदि को खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। आपके किसी मित्र को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याओं को लेकर अपने सीनियर से बातचीत करनी होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी तर्क-वितर्क में पड़ने से बचना होगा। यदि अपने भावुकता में कोई निर्णय लिया, तो बाद में आपकी कोई समस्या खड़ी हो सकती है। आप अपने डेली रूटीन को बनाए रखें। यदि उसमें बदलाव किया, तो बाद में परेशानी होगी। अपनी जिम्मेदारियों में ढील ना दें। आपकी आय बढ़ने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

**धनु :** आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी बुद्धि से काफी सारी मुश्किलों से आसानी से बाहर निकाल सकते हैं। व्यापार कर रहे लोगों के लिए कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपके खर्चे बढ़ने से आपको चिंता होगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप किसी बचत की योजना में धन लगा सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए पारिवारिक मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। कामकाज की तलाश कर रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको अपने निजी मामलों में धैर्य से काम लेना होगा। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपके लिए समस्या बन सकता है। माता-पिता से आप अपनी कुछ समस्याओं को लेकर बातचीत कर सकते हैं। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, तो उसमें वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप संतान से किसी किए हुए वादे को पूरा करेंगे। आपको अपने भाई बहनों से निजी मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपका सामाजिक गतिविधियों पर पूरा फोकस रहेगा। आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपनों से संबंधों को बेहतर बनाए रखना होगा। सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में आप कामयाब रहेंगे। आपको विदेश से व्यापार करना अच्छा रहेगा। आप अपनी कुछ बातें जीवनसाथी से गुप्त रख सकते हैं, जिसके कारण बाद में आपके रिश्ते में दरार भी पैदा हो सकते हैं।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा और आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। किसी धार्मिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपके मन की इच्छा की पूर्ति हो सकती है। आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा।

# बैद्यनाथ राम को मंत्री पद ना मिलना अनुसूचित समाज के साथ धोखा : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की हेमंत पार्ट-2 वाली सरकार का कैबिनेट का दूसरा विस्तार शुक्रवार को हो गया। इस विस्तार में झामुमो के पांच और कांग्रेस के तीन मंत्रियों ने शपथ ली। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी जिसमें डॉ रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन और बेबी देवी शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि राज्य की विडंबना है कि शपथ ग्रहण के ठीक पहले बैद्यनाथ राम जी का नाम आखिरी समय में काटा गया जबकि बैद्यनाथ राम का नाम राजभवन को भेजी गयी सूची में शामिल था। झारखंड के 50 लाख की आबादी वाले अनुसूचित जाति समाज को ठगबंधन सरकार का एक और ठगी-धोखा का सामना करना पड़ा। बाउरी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद का दलित विरोधी चेहरा फिर से एक बार सबके सामने आ गया है।झारखंड के दलित वर्ग सिर्फ उनकी पार्टी का झंडा और डंडा ढोने लायक है ना कि सत्ता में हिस्सेदारी व भागीदारी के लायक है। एक बार फिर मंत्री परिषद में अनुसूचित जाति समाज का प्रतिनिधित्व शून्य रहेगा। इस निकम्मी एवं ठगबंधन वाली सरकार को लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में जनता करारा जवाब देगी।

## अनुसूचित जाति वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना व महिलाओं की भागीदारी घटाना दुर्भाग्यपूर्ण : सुदेश



**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मंत्रिमंडल का स्वरूप सरकार की सोच, नीति और नीयत को दशार्ता है। मंत्रिमंडल में इस बार भी अनुसूचित जाति समुदाय को प्रतिनिधित्व नहीं मिला। मुख्यमंत्री जी से उम्मीद थी कि राज्य की बड़ी आबादी जो पिछले 50 महीनों से नेतृत्व विहीन है उन्हें सरकार में नेतृत्व मिलेगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड देश का इकलौता राज्य है, जहां अनुसूचित जाति का एक भी मंत्री नहीं है। मंत्रिमंडल में राज्य की आधी आबादी का भी प्रतिनिधित्व कम कर दिया गया है। राज्य के इतिहास में पहली बार 12 महिला विधायक चुन कर सदन पहुंची हैं। इनमें आठ महिलाएं विधायक सत्ता पक्ष की हैं लेकिन चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में सिर्फ एक महिला को मंत्री पद दिया गया है। इससे पहले दो महिला मंत्री थीं सरकार ने इस संख्या को बढ़ाने की बजाय आधा कर दिया है। सरकार के पास महिला सशक्तिकरण को बल देने का सुनहरा अवसर था, लेकिन सरकार की इस मामले में भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके अलावा सरकार ने ओबीसी समाज को आबादी के अनुसार मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है। इन्होंने राज्य की सबसे बड़ी आबादी को छलने का काम किया है।

## दीपक के मंत्री बनाने पर जश्न

पश्चिम सिंहभूम जिले से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता सह सदर चाईबासा विधायक दीपक बिरुआ के मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद चाईबासा में जश्न का माहौल है। कार्यकताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। मिठाईयां बांटी। गौरतलब है कि चाईबासा विधायक दीपक बीरूवा को मंत्री बनाने को लेकर कई दिनों से कयास लगाए जा रहे थे । विधायक दीपक बिरुआ झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट से लगातार तीन बार विधायक रहे हैं। 2019 में जब हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी तब भी यह कयास लगाए जा रहे थे कि चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ को मंत्रिमंडल में स्थान मिलेगा, मगर किसी कारणवश उन्हें यह स्थान प्राप्त नहीं हुआ था। मगर आज जैसे ही मंत्रिमंडल में उनके नाम की चर्चा हुई लोगों में उत्साह देखने को मिला।

## बजट सत्र में मंत्रिमंडल विस्तार की मांग

**रांची।** मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कांग्रेस विधायकों में नाराजगी उभर कर सामने आ गई। नाराज विधायक अपनी बात आलाकमान के सामने नई दिल्ली में उठाने की बात की रहे हैं। वहीं नाराज विघायक बजट सत्र के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार करने की मांग कर रहे हैं। वैसे तय कोटे के अनुसार अब कांग्रेस को मंत्रिमंडल में और जगह नहीं मिल सकती। लेकिन झामुमों की बढ़ती परेशानी को देखकर कांग्रेसी विधायक दबाव की राजनीति कर रहे हैं। मंत्रिमंडल में पुराने चेहरों को रखने पर कांग्रेस आपत्ति जताने वालों में दीपिका पांडेय सिंह, कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, इरफान अंसारी, अंबा प्रसाद, नमनविक्सल कोनगाड़ी, रामचन्द्र सिंह, भूषण

## मंत्रिपरिषद विस्तार के बाद मुख्यमंत्री ने शिबू सोरेन से की मुलाकात



**रांची। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शुक्रवार को मंत्रिपरिषद विस्तार के बाद राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री पद का शपथ लेने वाले मिथिलेश कुमार ठाकुर और बसंत सोरेन भी मौजूद थे।**

## झारखंड के दलित वर्ग की हुई उपेक्षा : किशुन

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि चंपाई सोरेन सरकार की कैबिनेट के दूसरा विस्तार किया गया। इस विस्तार में आठ मंत्रियों ने शपथ लिया। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल सी पी राधाकृष्ण ने मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। डॉ रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन और बेबी देवी शामिल रहीं। राज्य की विडंबना है कि शपथ ग्रहण के ठीक पहले बैद्यनाथ राम का नाम आखिरी समय में काटा गया।

## झारखंड हाई कोर्ट से सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में सुनवाई पूरा होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने पैरवी की। मुकेश मित्तल पर वीरेंद्र राम की काली कमाई के लगभग 14 करोड़ रुपये को सफेद करने का आरोप है। इसके एवज में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। पूर्व में मुकेश मित्तल की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका को कोर्ट खारिज कर चुका है। उसकी अग्रिम जमानत याचिका को भी ईडी कोर्ट ने 16 दिसंबर, 2023 को खारिज कर दिया था। इसके बाद उसकी ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी।

## अलेप्पी समेत कई ट्रेनें 31 मार्च तक बदले मार्ग से चलेंगी

**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल में चल रहे विकास कार्यों के चलते ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। धनबाद अलपुजा (अलेप्पी) एक्सप्रेस 26 फरवरी से 31 मार्च तक अपने निर्धारित मार्ग की जगह निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग बदलने के कारण इसका ताडेपल्लीगुडेम व एलूरू स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। वहीं, हटिया-एनार्कुलम एक्सप्रेस ट्रेन 26 फरवरी, चार मार्च, 11, 18, 25 मार्च को निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। इसका एलूरू स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। हटिया सर एम विश्वईश्वरैया-बेंगलुरु एक्सप्रेस दो मार्च, नौ, 16, 23, 30 मार्च को निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। हटिया सर एम विश्वईश्वरैया एक्सप्रेस 27 फरवरी, तीन मार्च, पांच मार्च, 10 मार्च, 12 मार्च, 17 मार्च, 19 मार्च, 24 मार्च और 31 मार्च को निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

## झारखंड हाई कोर्ट ने नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले में फैसला सुरक्षित रखा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खनन मामले में सीबीआई द्वारा एफआईआर दर्ज करने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअली पक्ष रखा जबकि महाधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता मनोज कुमार एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सुनवाई में कपिल सिब्बल को सहयोग किया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाई कोर्ट का आदेश केवल प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज करने का था लेकिन राज्य सरकार की अनुमति के बिना सीबीआई ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली, जो गलत है। पीई में यदि सीबीआई को कुछ मिले थे तो राज्य सरकार की अनुमति लेनी चाहिए थी। सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट का आदेश था कि यदि पीई में कुछ आपराधिक घटनाओं की संलिप्तता मिलती है, तो वह कानून सम्मत निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई कर सकता है। पीई में आपराधिक संलिप्तता और हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में सीबीआई डायरेक्टर ने मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया और मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया गया।एफआईआर दर्ज करने के लिए सीबीआई को राज्य सरकार की अनुमति की जरूरत नहीं है। पीई के बाद आगे की कार्रवाई के संबंध में हाई कोर्ट का आदेश काफी स्पेसिफिक था। उल्लेखनीय है कि विजय हासदा ने पूर्व में पंकज मिश्रा एवं अन्य के जरिए साहिबगंज में नींबू पहाड़ पर अवैध खनन किए जाने को लेकर जो शिकायत की थी।

# लोस चुनाव के लिए सभी जिलों के हेल्प डेस्क मैनेजरों को दिया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लोक सभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी जिलों से आये हेल्प डेस्क प्रबंधकों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 15 व 16 फरवरी को आयोजित हुआ। मुख्यालय के सभागार में आयोजित हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम सह कार्यशाला के अवसर पर विभिन्न जिलों से आये 102 हेल्प डेस्क मैनेजरों को लोक सभा आम चुनाव 2024 के लिए स्वीप एक्शन प्लान, जन शिकायत निवारण पोर्टल एनजीएसपी 2 एवं 1950 वोटर हेल्पलाइन सहित कई तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर हेल्प डेस्क प्रबंधकों को इस बात का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया कि 1950 वोटर हेल्प लाइन पर प्राप्त होने वाली नागरिक शिकायतों को तत्परता से निष्पादन करवाने में वे कैसे अपनी भूमिका को और भी बेहतर कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार ने प्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा कि चूंकि वे ऐसे फ्रंट लाइन कर्मियों के रूप में सेवाएं दे रहे हैं जहां उनका संवाद

**नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु हेल्पलाइन सेंटर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः के. रवि कुमार**

सीधे नागरिकों से होता है, इसलिए उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य के मतदाताओं से जो सुझाव और शिकायतें हेल्पलाइन सेंटर को प्राप्त हों, उन्हें भी डिजिटाइज जरूर करें ताकि मुख्यालय स्तर तक सही फीडबैक पहुंचे। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन से जुड़े विभिन्न आईटी एप्लीकेशन जैसे सी-विजिल, केवाईसी, सुविधा ऐप/पोर्टल सक्षम ऐप आदि के बारे में भी बताया गया। आसन्न लोक सभा आम चुनाव को देखते हुए स्वीप के कार्यक्रमों में सोशल मीडिया का किस प्रकार प्रयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक जुड़ा जाए, इसपर भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त आने आले समय में किसी तरह के अप्रत्याशित फेक न्यूज की संभावनाओं से कैसे निपटना होगा इस पर भी बारीकी से बताया गया।

# सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामले में एजेंसी भी शक के दायरे में

**हिरासत में लिये गए पांच छात्रों के मोबाइल से डाटा गायब**

**एसआइटी ने मोबाइल जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 प्रश्न पत्र लीक मामले में प्रश्न पत्र बनाने वाली एजेंसी सातवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड शक के दायरे में आती जा रही है। चेन्नई स्थित एजेंसी के कार्यालय की जांच कर टीम रांची वापस लौट रही है। कंपनी के कर्मियों से पूछताछ के दौरान एसआइटी ने पाया है कि कहीं न कहीं कंपनी के स्तर पर लापरवाही हुई है, जांच एजेंसी साक्ष्य जुटाने में लगी है। इधर प्रश्न पत्र लीक मामले में शामिल पांच छात्रों को हिरासत में लेकर एसआइटी अब तक पूछताछ कर रही थी उन्हें शुक्रवार को नोटिस देकर छोड़ दिया गया। जांच में यह बात सामने आयी है कि इन्होंने सोशल साइट्स के जरिये प्रश्न पत्र दूसरे को भेजा था। प्रारंभिक जांच में एसआइटी ने पाया है कि इन पांचों के मोबाइल से कई डाटा गायब हैं, इसलिए इन पांचों के मोबाइल को एसआइटी ने फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। पांचों को दिए नोटिस में एसआइटी ने इनसे बांड भराया है कि जांच के दौरान जब भी जरूरत होगी, इन्हें एसआइटी के बुलाने पर आना होगा। इससे पूर्व मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गये झारखंड विधानसभा के गिरफ्तार अवर सचिव मो. सज्जाद इमाम उर्फ शमीम, इनके दोनों बेटे शहजादा और शाहनवाज के मोबाइल से भी कई डाटा डिलिट किये गये थे। इसलिए इनके मोबाइल को भी फोरेंसिक जांच के लिए एसआइटी ने भेजा था। एसआइटी को रिपोर्ट का इंजतार है। उधर, इस मामले में अवर सचिव मो शमीम के दामाद बिहार विधानसभा में मार्शल मो शहंशाह की एसआइटी तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक वह गिरफ्त में नहीं आया है।




## एक नजर

### आठ नया टिपर आने पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन



**रामगढ़।** सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खुली खदान को आठ नया टिपर मिला है। भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर टिपर का उदघाटन किया। बलकुदरा खदान को नया टिपर मिलने पर अधिकारी और मजदूरो में हर्ष का माहौल देखने को मिला। मौके पर बबलू कुमार, पंकज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, पप्पू सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुभाष तिवारी, अमरेंद्र कुमार सिंह, राकेश पांडेय, आमिर खान आदि उपस्थित थे।

### नम आंखों से भक्तों ने दी मां शारदे को विदाई



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में मां सरस्वती की पूजा बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई।क्षेत्र के बरकट्ठा, कोनहरा कला, बेलकपी, बंडासिंघा, सलैया, कपका, बरवां, गंगपाचो, बेडोकला, गोरहर घंघरी, झुरझुरी, गैड़ा,गैयपहाड़ी समेत अन्य स्थानों पर मां शारदे की जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर कई स्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र में कहीं गुरुवार को तो कई स्थानों में शुक्रवार को लोगों ने मां सरस्वती को नम आंखों से विदाई दी । विदाई से पूर्व हवन व मां शारदा की प्रतिमा को सुहागिनों ने खोईछा भराई की। देर शाम तक प्रखंड मुख्यालय स्थित बेलवा नदी में प्रतिमा की विसर्जन की गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विसर्जन जुलूस निकाल कर भक्ति गीतों पर युवक थिरकते नजर आए।

### विभिन्न स्थानों पर हुआ माता सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन

**हजारीबाग।** बरकट्ठा, टाटीझरिया, दारू व इचाक प्रखंड के खैरा, कर्मा, झरपो, भराजो, बेडमक्का, नारायणपुर,काबिलासी, पुनाई, देवकुली, मोकत्मा, करियातपुर, बसरिया समेत कई गांवों मे माता सरस्वती को नम आंखों से विदाई दी गयी। इस दौरान बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार भी मौजूद रहें। कहा कि पुरा क्षेत्र माता सरस्वती की भक्ति में डुबा हुआ है।विसर्जन के दौरान रवि यादव, केदार गौरव, अनिल यादव, युवा समाजसेवी संदीप गिरी, सुमन कुमार, राजकुमार प्रसाद, समाजसेवी रंजीत यादव, राम बाबु समेत दर्जनों लोग मौजुद थें।

### संयुक्त मोर्चा लोकल सेल चालू करने को लेकर गिद्दी पीओ से मिलेगा

**गिद्दी।** संयुक्त मोर्चा गिद्दी लोकल सेल चालू करने को लेकर गिद्दी ए परियोजना के पीओ से मिलकर बात करेगा। संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार को वाशरी कॉलोनी में हुई बैठक में यह निर्णय लिया है।

### सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारंभ

# सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मीना बाजार का होगा आयोजन : राज सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बरही ।** भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरहीडीह स्थित नवनिर्मित सूर्यमंदिर परिसर में शुक्रवार से नौ दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ हुआ. जिसमे 1001 महिलाएं माथे पर पवित्र गंगाजल लेकर नगर भ्रमण किया. जिन्हे स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक इशो सिंह, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, झामुमो बरही विस प्रभारी सह केंद्रीय अध्यक्ष बिनोद विश्वकर्मा, टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू महायज्ञ समिति के पदाधिकारीयों आदि ने पवित्र कलश देकर विदा किया. कलश यात्रा की अगुवाई महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान कर रहे थे. गाजे बाजे के साथ निकाले गए कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर हुई. कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर बरही नदी पहुंची. जहां आचार्य रामचंद्र पांडेय के निर्देशन में ब्राह्मणों की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में गंगाजल समाहत करवाया. जहां से जयकारे के साथ बरही के चारों प्रमुख मार्ग का भ्रमण करते हुए वापस यज्ञ मंडप पहुंचा. अनुष्ठान के नौवें दिन हवन, पूणार्हुति व भंडारा के साथ महायज्ञ की समाप्ति होगी. जल यात्रा में पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर, बासुदेव सिंह, नागेश्वर प्रजापति, सुरेश राणा, पवन सिंह, संजय सिंह, अनुज सिंह सपत्नी मुख्य यजमान थे. जलयात्रा संपन्न करवाने के लिए महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सहित सचिव राजकुमार केसरी, महासचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष देवकी ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंह, संरक्षक स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, राधा केसरी आदि महायज्ञ समिति के सदस्य और पदाधिकारियों ने महती भूमिका निभाई. कलश यात्रा में डॉ निजामुद्दीन अंसारी, गुरुदेव गुप्ता, छोटन ठाकुर, बबलू साहू, विवेक विश्वकर्मा, संजय मेहता, प्रमोद सिंह, भूपेंद्र यादव, अशोक सिंह, राजदेव सिंह, कुजंल प्रसाद, अध्यक्ष श्री चौहान ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मीना बाजार आदि का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से महायज्ञ में आने का अपील किया.

### वृद्धा पेंशन जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हजारीबाग।** सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना को लेकर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी इलाकों में जनजागरूकता करेगी। साथ ही इस योजना के तहत राज्य सकरार ने वृद्धा पेंशन के लिए उम्र सीमा 60 से 50 वर्ष करने की योजना लागू कर दी है। इस योजना के तहत राज्य के 50 वर्ष के सभी महिलाओं और 50 वर्ष के एसटी, एससी पुरुषों को एक हजार रूपय प्रतिमाह पेंशन दी जानी है। 20 फरवरी से 22 फरवरी तक राज्यभर के गांव और शहरों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त के अतिरिक्त सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव सहित कई अन्य मौजूद थे।

# नम आंखों से दी गई मां शारदे की विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** माता सरस्वती की पूजा आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में श्रद्धा भक्तिभाव से संपन्न होने के बाद शुक्रवार को मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन शिवाने नदी में किया गया। इससे पूर्व मां सरस्वती की पूजा अर्चना और खिचड़ी वितरण के बाद बड़ी संख्या में विश्वद्यालय के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए विश्वविद्यालय परिसर से निकलकर एक-दो-तीन-चार सरस्वती मां की जय जयकार, एक साल में आती है, विद्या देकर जाती है जैसे नारे लगाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। छात्र-छात्राएं विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को नम आंखों से विसर्जन किया। बता दें कि बसंत पंचमी के साथ पर्यावरण में भी बदलाव होता है और पेड़ पौधों में नई पत्तियां निकलनी शुरू हो जाती है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि भारत जैसे शांति प्रिय देश में मां सरस्वती की पूजा अर्चना नई ऊंचाइयों को छूने में मददगार साबित होगा। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि बसंत पंचमी का यह पूरे मानव समुदाय के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भविष्य हैं। ऐसे में मां सरस्वती की अराधना उसे बेहतर मार्ग की ओर प्रशस्त करेगी। इस मौके पर डीन एडमिन डॉ एस रथ, एआर एकेडमिक माधवी मेहता, एआर परीक्षा विभाग ललित मालवीय, डीन एकेडमिक एमके मिश्रा, सीएसआईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, डॉ राजकुमार, डॉ दिवाकर निराला, डॉ प्रीति व्यास, डॉ आलोक कुमार, डॉ श्वेता सिंह, डॉ एसपी विश्वकर्मा, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ सोनी मेहता, डॉ बिनिता कुमारी, डॉ पूनम चंद्रा, रविकांत, राजेश रंजन, सबा प्रवीण, प्रभात किरण, अजीत पासवान, प्रभात कुमार, अमित कुमार, विजय लाल, सुप्रिया कुमारी, पंकज प्रज्ञा, संजय दांगी, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, सीमा कुमारी, राजेश कुमार, एकता कुमारी, पूजा सिंह, नेहा सिन्हा, राज तिवारी सहित कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# राणी सती दादी के भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग शहर के जैन मंदिर रोड स्थित संस्कार एनक्लेव के हॉल परिसर में सुरेंद्र खण्डेलवाल के द्वारा राणी सती दादी का भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया जिसमें इक्यावन से भी अधिक महिलाओं ने सामूहिक रूप से दादी का मंगल पाठ किया ।तत्पश्चात दादी मंदिर के प्रधान पुजारी शशीकांत मिश्रा ने सुरेंद्र खण्डेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी शारदा खण्डेलवाल को राणी सती दादी की पुजा करवा कर भव्य मंगल पाठ प्रारंभ करवाया। पाठ के दौरान दादी को छप्पन भोग चढ़ाने के साथ ही फूलों की होली खेली गई। भव्य दरबार के साथ अलौकिक एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया था। पाठ के अंत में तेरह सुहागन महिलाओं के द्वारा भव्य महाआरती किया गया। इस मंगल कार्यक्रम में कोलकाता से पधारी सुप्रसिद्ध पाठ वाचिका डोली अग्रवाल एवं स्वेता अग्रवाल के द्वारा दादी के जन्म से लेकर विदाई तक कई भजन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान दादी का आशीर्वाद तथा ज्योत लेने शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद हुए।

### डीएवी में आशीवर्चन कार्यक्रम का आयोजन

# 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** 10वीं के सीबीएसई परीक्षा में शामील होने वाले सत्र 23- 24 के विद्यार्थियों के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल ने आशीर्वचन कार्यक्रम आयोजित किया. जिसकी शुरूआत शिक्षक सुशील सिंह ने हवन से किया. कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने अपने आशीर्वचन से विद्यार्थियों को आशीष दिया. साथ ही संक्षिप्त समय में परीक्षा की तैयारियो के तरीके भी बताए. सबों की मंगलकामना करते हुए परीक्षा में बेहतर करने की कामना किया. उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए माता-पिता, गुरुजन और शुभचिंतकों के बताए बातो को अमल करना अनिवार्य है. कार्यक्रम के अंत में नरसिंह शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, रमेश कुमार, रेखा सिंह, मुकेश कुमार, अमित चतुवेर्दी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओ ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिया. साथ ही विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा में बेहतर अंको से सफलताओ का आशीष देते हुए विदाई दिया.

### संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कांग्रेसी उतरे सड़क पर

# अन्नदाता को ही नहीं मिल रहा है हक आम जनता की कौन करे बात : डॉ निजाम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** संयुक्त मोर्चा और ट्रेड यूनियन के समर्थन में हाई कमान के निदेर्शानुसार बरही के कांग्रेसियों ने भारत बंद का समर्थन किया. प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी के अगुवाई में कांग्रेसी सड़क पर उतरे. बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन ने बताया केंद्र के तानाशाह शासन ने अन्नदाता किसानों को परेशान कर रखा है. किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने की विवश हो रहे है. उन्होंने बताया कि किसानों के लिए पेंशन, फसलों के लिए एमएसपी, पुरानी पेंशन योजना लागू करने और श्रम कानूनों में संशोधन को वापस लेने, पीएसयू का निजीकरण नहीं करना, कार्यबल का अनुबंधीकरण नहीं करना, रोजगार की गारंटी देना आदि सहित अन्य मांगें को लेकर भारत बंद का आह्वाहन किया गया है. बंद समर्थकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया. जिससे जाम की स्थिति हो गई. मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सभी बंद समर्थकों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया. जहां कानूनी औपचारिकता पूरा करने के बाद सभी को रिहा किया गया. बंद करवाने में विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखंड प्रतिनिधि सुनील साहू, पूर्व मुखिया सह 20 सूत्री सदस्य रघुवीर यादव, स्वास्थ्य प्रतिनिधि रिजवान अंसारी, वारिस अंसारी, गुलजार अंसारी, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष उदय केसरी, शशि जायसवाल, गुलजार अंसारी, आदि सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे.

## न्यूज बॉक्स

### क्षेत्र के हर किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार योजनाएं चला रही है : सुधीर मंगलेश



रामगढ़। दुलमी प्रखंड होन्हे पंचायत में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बैकयार्ड लेयर कुक्कुट योजना से 5 लाभूक तथा बायलर कुक्कुट पालन योजना में 3 लाभूक के बीच वितरित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, जिप सदस्य प्रीति दीवान, पशुपालन पदाधिकारी डॉ शशी सिन्हा,मुखिया राजीव मेहता ने संयुक्त रूप से किसानों को मुर्गी चूजा का वितरण किया। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार की इस योजना से योजना स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को जोड़ा जा रहा है। इसके तहत अंडा का उत्पादन व मांस उत्पादन में वृद्धि होगी। जिससे लोग आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार से जुड़ेंगे। बायलर कुक्कुट पालन योजना के तहत कुल 8 लाभुकों के बीच चूजे का वितरण किया गया। कहा कि क्षेत्र के हर किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार योजनाएं चला रही है उसे धरातल पर सफल बनाने के लिए सभी किसानों को कार्य करना होगा। जो योजनाएं दी जा रही है उसे सफल बनाकर आगे वृहद पैमाने पर योजनाओं को चलाकर लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम करे।

### महिलाओं को उज्ज्वला फाउंडेशन से जोड़कर रोजगार मुहैया कराना प्राथमिकता : जगेश्वर प्रजापति




**रामगढ़।** बोंगावार फोरलेन स्थित जेपी रेस्टोरेंट के बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को उज्जवला फाउंडेशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सह फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति शामिल हुए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का जब निर्माण हुआ था, तब इसकी संख्या बहुत कम थी। लेकिन अब सफल कार्यों को देखते हुए महिलाओं का रुझान फाउंडेशन के प्रति काफी बढ़ रहा है। मांडू प्रखंड में दस हजार महिलाओं को उज्जवला फाउंडेशन से जोड़कर उनके बीच रोजगार मुहैया कराना मेरी प्राथमिकता है। उम्मीद है सभी महिलाओं के सहयोग से फाउंडेशन अपने लक्ष्य पर खरा उतरेगा। बाद में सदस्यों ने मासिक कार्यों की समीक्षा करते हुए अपनी लेखा-जोखा प्रस्तुत की। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष शांति देवी ने किया। मौके पर सुखदेव प्रसाद सोनी, जगत नारायण साव, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, रेखा देवी, सारो देवी, कंचन देवी, रेणु देवी, अनीता देवी, संजू देवी, नीलम देवी, सुशीला देवी, मनी देवी आदि उपस्थित थे।

### आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों को मिला इनोवेशन इन साइंस परसुईट फोर इंस्पायर्ड रिसर्च पुरस्कार



**रामगढ़।** आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ के छात्रों ने विज्ञान एवं प्रौधोगिकी विभाग द्वारा आयोजित इनोवेशन इन साइंस परसुईट फोर इंस्पायर्ड रिसर्च पुरस्कार मानक योजना में शानदार प्रदशर्न किया है। आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ से पंजीकृत 5 छात्रों के विचारों में से 4 को इंस्पायर्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके तहत विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में उनके नवाचारी और महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए प्रत्येक छात्र को 10 हजार रूपए छात्रवृति मिलेगी। जो उनके मेहनत और अनुसंधान में किए गए योगदान को सिद्ध करती है। कक्षा 9 के दिव्यांस बंसल को पैराहेल्प एक सहायता हाथ, कक्षा 9 के शौर्य सिंह को स्वयं रूकने वाली ट्रेन अवरोध पहचान सिस्टम, कक्षा 8 की श्रेया मेहता को गन्ना काटने का उपकरण और कक्षा 6 की युगम सेठी को चोरों और डकैतों को पकड़ने के लिए एक एंटी थेप्ट सिस्टम के लिए सम्मान मिला है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर शैलेश सती व प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने कहा की छात्रों का इस पुरस्कार से सम्मानित होना हमारे लिए गर्व की बात है। कहा की हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### सरस्वती पूजा को लेकर बसरिया में जागरण का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बसरिया में सरस्वती पूजा को लेकर गुरुवार रात में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव व जिप सदस्या कुमकुम देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया ।मौके पर विधायक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को कुछ क्षण के लिए तनाव से मुक्ति मिलती है। साथ ही लोगों में भक्ति व श्रद्धा की भावना जागृत होती है। वहीं संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी ने कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी है और इनकी पूजा अर्चना में विशेषकर बच्चों का योगदान और लगाव बहुत ज्यादा होती है। उन्होंने उपस्थित बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए, शिक्षा का महत्व बताया और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही तथा उनके उज्जवल भविष्य कामना की ।वहीं लोग भक्ति भाव में विभोर होकर रात भर झूमते रहे। वहीं अलबेला एंड म्यूजिक ग्रुप कपका के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, वार्ड सदस्य बेबी कुमारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद ,कमेटी के अध्यक्ष दौलत प्रसाद ,सचिव छोटी रविदास, महासचिव मंटू प्रसाद ,उपाध्यक्ष राजू प्रसाद, कोषाध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद,शिव प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, शंकर प्रसाद,आलोक कुमार समेत सैकड़ो लोग श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### वोटर अवेयरनेस को लेकर विद्यालयों में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम शर्मा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत जिले के विभिन्न स्कूलों में मतदाता जागरूकता को लेकर निबंध लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय छतरमांडू, नारायण हाई स्कूल बरकाकाना, गर्ल हाई स्कूल भुरकुंडा, उत्क्रमित हाई स्कूल बड़की कुंदरु सहित अन्य विद्यालयों में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### 8 वर्षीय बालक का अपहरण, आक्रोश

# थाना प्रभारी को अविलंब किया जाए सस्पेंड : विधायक



**नवीन मेल संवाददात। बरकट्ठा** चलकुशा थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदनी चौक स्थित आठ वर्षीय दीपक साव, पिता दिनेश साव को अपराधियों ने बुधवार को अगवा कर लिया। घटना की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद आक्रोशित हजारों ग्रामीणों ने चलकुशा थाना का घेराव किया। जहां विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, बरकट्ठा उत्तरी जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिप सदस्य सविता सिंह, प्रमुख नीतू कुमारी, मुखिया आलोक सिंह, मुखिया सुखदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि लखन साव समेत अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण पहुंचकर बच्चे को सुरक्षित वापस करने की मांग और थाना प्रभारी को सस्पेंड की मांग करने लगे। वही विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि चलकुसा थाना प्रभारी को अविलंब सस्पेंड किया जाए तथा बच्चा सुरक्षित वापस हर हाल में चाहिए।

**क्या है मामला :** चलकुशा अंतर्गत चांदनी चौक स्थित दिनेश साव की दुकान से उसके आठ वर्षीय पुत्र दीपक साव को सरस्वती पूजा के दिन शाम 6 बजे अपरहण कताओं ने अगवा कर लिया। जिसके बाद परिजन खोजबीन में जुट गए। रात्रि 9 बजे अपहरण कर्ता ने 7739661579 नम्बर से दिनेश साव को फोन पर फिरौती की मांग की जिसके बाद घटना की सूचना बालक की मां चमेली देवी ने थाना को दी। पुलिस ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर लोकेशन के आधार पर चार लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ कर रही है। वहीं घटना के बाद बालक के माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है तथा आसपास के ग्रामीणों में अपहरण के मामले को लेकर काफी आक्रोश है।

### ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता : बजरंग

**गोल।** आमजनों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें सुविधा दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं। सभी तरह के समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते रहेंगे। उक्त बातें रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने गोला प्रखंड के बंदा पंचायत के लदनाटांड़ में ट्रांसफार्मर उद्घाटन समारोह में कहा। यहां उन्होंने 63 केविए के एक नया ट्रांसफार्मर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक गंभीरता पूर्वक पहुंचाने की बात कही। इधर गांव पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने पूर्व प्रत्याशी को माला पहनाकर जोरदार ढंग से स्वागत किया। ग्रामीरणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव में अंधेरा छाया हुआ था। जानकारी होने पर पूर्व प्रत्याशी ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर ग्रामीणों को तुरंत 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करावा दिया।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान मनचलों की पिटाई

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बोकारो ओपी क्षेत्र के दुरु तुरी टोला से गुरुवार की देर शाम मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान कुछ मनचलों को विसर्जन में शामिल युवतियों का विडियो बनाना भारी पड़ गया। भीड़ ने विडियो बना रहे मनचलों की जमकर पिटाई किया उसके बाद माफी मांगने पर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम बसंतपुर पंचायत के दुरु तुरी टोला में स्थापित प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए जुलूस निकालकर लोग जा रहे थे। इसी बीच बंजी न्यू दिल्ली टोला के कुछ युवक विसर्जन जुलूस में डांस कर रही युवतियों के साथ अश्लील हरकत करते हुए विडियो बनाने लगे। युवकों के अश्लील हरकत का युवतियों ने विरोध किया। उसके बाद भी जब युवक नहीं माने तो युवतियों ने इसकी शिकायत अन्य लोगों से की। जिसके बाद भीड़ ने वीडियो बना रहे मनचलों को पकड़कर पिटाई कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर जिप सदस्य भोला तुरी और वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने प्रतिमा विसर्जन संपन्न कराया। वहीं दूसरी ओर दुरु बस्ती निवासी सहदेव तुरी ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान कुछ लोग पीखाकर घर के पास खड़ी महिलाओं के साथ मारपीट की। जिसमें उनकी पत्नी मुंद्रीका देवी को चोट लगी, मां मीना देवी का गाल में चोट लगने से फूल गया है, बहु अंजलि देवी को चोट लगी और भावो ललीता देवी का दांत टूट गया है। मौके पर दलबल के साथ पहुंचे वेस्ट बोकारो ओपी के एएसआई राजेश राय घायलों से मिलकर जानकारी ली और हुड़दंग मचाने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी दी है।

## किसानों के समर्थन में सड़क पर उतरे कांग्रेस-झामुमो कार्यकर्ता

**सिमडेगा।** संयुक्त किसान मोर्चा ने सभी किसान संगठनों से एकजुट होकर शुक्रवार को भारत बंद का आह्वान किया था।जिसका सिमडेगा में मिला-जुला असर देखने को मिला सिमडेगा में महागठबंधन जिसमें कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी के द्वारा सिमडेगा झूलन सिंह चौक के पास शुक्रवार की अगले सुबह 4:00 बजे से ही आवागमन को पूरी तरह से रोक दिया। सिमडेगा से रांची की ओर एवं उड़ीसा की ओर जाने वाली माल वाहक ट्रकों को पूरी तरह से रोक दिया एवं सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। इधर इस मौके पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए किसानों को उनका हक अधिकार दिलाने से संबंधित नारे लगाए गए। मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा किसान अपनी उपज के लिए एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हुए हैं।

## किसान आंदोलन औद्योगिक हड़ताल का गठबंधन ने किया समर्थन

# केन्द्र की मोदी सरकार किसान विरोधी : शैलेन्द्र



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
राष्ट्रव्यापी किसान आंदोलन औद्योगिक हड़ताल भारत बंद का जिला कांग्रेस, झामुमो, सीपीआई, सीपीआईएम, राजद ने खुल कर समर्थन किया सीपीआई के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार जेएमएम निसार अहमद सीपीआईएम गणेश कुमार सिटू सीपीआई महेन्द्र राम राजद के हिरामन उर्फ चरका यादव शामिल हुए । सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने केन्द्र की मोदी सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि किसान संगठन की प्रमुख मांगे जैसे सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बने, डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाए, किसान खेत मजदूरों कर्ज माफ हो, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 दोबारा लागू किया जाए, लखीमपुर खीरी कांड को दोषियों को सजा दी जाए, मुफ्त व्यापार समझौता पर रोक लगाया जाए, विद्युत संसोधन विधयक 2020 को रद्द किया जाए, मनरेगा में हर साल 200 दिन का काम 700 रूपए दिहाड़ी दी जाय, किसान आंदोलन में मृत किसानों के परिवार को मुआवजा व सरकारी नौकरी मिले, नकली बीज कीटनाशक दवाइयां व खाद की कंपनियों पर कड़ा कानून बनाया जाए, मिर्च हल्दी एंव अन्य मशालों के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किया जाए,खाद पर सब्सिडी बढ़ाई जाए , संविधान की 5वी अनुसुची को लागू कर आदिवासियों की जमीन की लूट बन्द की जाय को जायज ठहराते हुए केन्द्र की मोदी सरकार से पुरा करने की मांग की है . किसान राष्ट्रव्यापी आंदोलन भारत बंद का समर्थन करने वालों में कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ,मुन्ना सिंह,निसार खान, दिगम्बर प्रसाद मेहता, बिनोद सिंह, मकसूद आलम, संजय गुप्ता, बेबी देवी, रेणू कुमारी, मनिषा टोप्पो, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार रवी,किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद मेहता, डॉ. प्रकाश कुमार, परवेज अहमद, बबलू सिंह,जावेद इकबाल, बाबर अंसारी, विजय कुमार सिंह, मुस्ताक अंसारी, संगीता देवी, नागेश्वर प्रसाद मेहता, महेश प्रसाद साव, अजित कुमार सिंह, , मनोज यादव, प्रदीप मेहता, दीपक मेहता, अजीम अंसारी, विक्की कुमार सीपीआई के राजेश कुमार, राजन सिंह, सीपीआईएम के लक्ष्मी नरायण सिंह, सुरेश कुमार दास, सोहर राम, कुंजील साव, वासुदेव पासवान के अतिरिक्त गठबंधन के हजारों कार्यकर्त्ता शामिल थे ।

# अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत बुजुर्गों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सरस्वती पूजा के उपलक्ष में हमारे क्लबक्हउ गिरिडीह सनशाइन ने पीडीसी पूनम सहाय के रेसीडेंस पर लिटरेसी से रिलेटेड प्रोजेक्ट किया जिसमें 25 बच्चों को स्टेशनरी दी गई जिसमें ड्राइंग बुक और कॉपी पेंसिल रबर इरेजर और क्रेयॉन थे साथ में उनको नाश्ते का भी पैकेट दिया गया। बच्चों ने डांस और एक नाटक भी प्रस्तुत किया जो की ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ पर आधारित था । बहुत ही हर्षोल्लास के साथ बच्चों ने सरस्वती पूजा हमारे मेंबर्स के साथ सेलिब्रेट किया। इसी के साथ हमारे क्लब का रनिंग प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा जो की पी डी सी पूनम सहाय की देखरेख में उनके रेसीडेंस पर चलाया जाता है उसी के तहत आज बुजुर्ग लोगों को खाना खिलाया गया और साथ ही फ्रूट्स भी दिया गया।

# किसानों पर अत्याचार कर रही केंद्र सरकार : राजकुमार यादव



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कृषि कानून बिल के खिलाफ मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि किसान आंदोलन में 1 साल 1 महीने में 703 किसान शहीद हुए। उसके बाद मोदी सरकार झुककर कृषि काला कानून को वापस लिया था। सात मांगो पर तय हुआ था कि हम इसे लागू करेंगे। पहली मांग एमएसपी को लागू करने की थी लेकिन मोदी सरकार ने एमएसपी कानून नहीं बनाया। उसके बाद दूसरा 703 किसान जो आंदोलन में मारे गए थे उसके परिवार मुआवजा व नौकरी देने का, तीसरा था किसानों के सभी तरह के कर्ज माफ करने का, चौथा था बिजली बिल माफ करने का, पांचवा था जो किसानों का फसल बर्बाद होता है उसके फसल बीमा लागू करने सहित सात मांग पर कोई पहल नही हुई है। किसान आंदोलन में किसान दिल्ली की ओर जा रहे थे। पूरे रास्ते में लोहा का कील गड़ा हुआ है। जगह-जगह बैरिकेड किया हुआ है। बड़े-बड़े दीवार लगाया गया है ताकि किसान दिल्ली ना पहुंच पाए। मोदी सरकार किसानों से डर गई है। इसलिए किसानों पर अत्याचार किया जा रहा है किसान आंदोलन पर लाठी आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं ताकि किसान दिल्ली ना पहुंच पाएं। किसानों ने ठान लिया है कि मोदी सरकार हमारी मांगों को पूरी करो नहीं तो 2024 में मोदी सरकार को जाना होगा। पूरे देश में किसानों ने आज पूरा भारत को बंद किया है इसी को लेकर आज हम लोगों ने भी सांकेतिक बंद किया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के बाबूलाल मरांडी, अन्नपूर्णा देवी ने कहा था कि हम जीते तो ढीबरा चालू होगा। ढिबरा पर कानून बनाकर ढिबरा को चालू किया जाएगा लेकिन आज ढीबरा गाड़ी पकड़ा रहा है और गरीब खाने को मोहताज है।

## न्यूज बॉक्स

### विभिन्न योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, एनआरईपी,राष्ट्रीय उच्च पथ,पथ निर्माण, भवन प्रमण्डल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने सभी विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएससी, पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण व अन्य कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं यहां की ग्रामीण जनता के लिए लाभकारी है। सभी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र योजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, सभी संबंधित विभाग कनीय अभियंता एवं अन्य उपस्थित थे।

### ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस की विधि-व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच एवं निरीक्षण किया। ईवीएम की सुरक्षा में पैनी नजर रखने हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरे का उपायुक्त ने एलइडी स्क्रीन के माध्यम से मुआयना किया। प्रत्येक कमरों की वस्तुस्थिति का सीसीटीवी के माध्यम से अवलोकन किया। साथ ही अग्निशमन यंत्रों, फायर अलार्म, पानी पाइप आदि की मरम्मती करने हेतु निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, उप निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज, अग्निशामक पदाधिकारी के अलावे निर्वाचन विभाग के कर्मी गण अन्य उपस्थित थे।

### रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का



**सिमडेगा/कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के कुंदरडेगा गांव में सरस्वती पूजा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एनोस एक्का अभय विश्वकर्मा, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम उप प्रमुख सुनीता देवी, कोलेबिरा पंचायत मुखिया अंजना लकड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर सुरू किया गया। मौके पर आयोजन समिति के द्वारा सभी का स्वागत माला पहना और बैच लगाकर किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने से हमारी विलुप्त होती सभ्यता संस्कृति के संरक्षण में मदद मिलती है।वही मौके पर उन्होंने सभी लोगों को समाज में संगठित रहते हुए कार्य करने की बात कही और साथ ही अपने अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की बात कही।आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए लगातार इस प्रकार का आयोजन करने की बात कही जिसमें उन्होंने झारखंड पार्टी की ओर से हर संभव मदद देने का बात कही पूर्व में गांव के लोगों के द्वारा बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने से बिजली नहीं होने से हो रही समस्या से अवगत कराया था और नए ट्रांसफार्मर की मांग की गई थी जिसे लेकर पूर्व मंत्री ने मंच से घोषणा की कि बहुत जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी। इस मौके मौके पर नागपुरी कलाकार कयूम अंसारी हुलास महतो डांसर काव्य ने गीत संगीत व नृत्यवके माध्यम से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया इधर विधि व्यवस्था को लेकर कोलेबिरा पुलिस मौजूद रहे एवं शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### भक्ति गीतों के साथ निकाला गया माँ सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस

**गुणवत्ता आश्वासन और बेंचमार्किंग:** गुणवत्ता आश्वासन, राधाकृष्णन समिति द्वारा रेखांकित एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता है, जो आईआईटी दिल्ली-अबू धाबी के लोकाचार में अंतर्निहित है। मान्यता, समय-समय पर पाठ्यक्रम की समीक्षा और संस्थागत मूल्यांकन को नियमित आधिकारिक प्रयोग नहीं माना जायेगा, बल्कि इसे शिक्षा की गुणवत्ता को उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाये रखना सुनिश्चित करने का तंत्र माना जायेगा। मानकीकृत परीक्षणों, शैक्षणिक प्रगति, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के माध्यम से छात्र प्रवेश गुणवत्ता की बेंचमार्किंग ऐसे स्नातक तैयार करने की दिशा में संस्थागत प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो केवल उत्कृष्टता की अपेक्षाओं को ही पूरा न करते हों,बल्कि उससे कहीं बेहतर हों। **बदलती हुई दुनिया में नई साझेदारियां :** संयुक्त अरब अमीरात की जीवंत राजधानी अबू धाबी, इस नये परिसर के लिए सिर्फ एक स्थल से कहीं अधिक है। यह शिक्षा और नवाचार के इस साहसिक उद्यम में पूर्ण सहयोगी एवं भागीदार रही है। इस तरह का निर्बाध एवं उपयोगी संयुक्त प्रयास भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के उद्देश्यों एवं दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस परिसर में संस्कृतियों, विचारों और दृष्टिकोणों का अपेक्षित सम्मिलन हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उदाहरण के लिए, इस बात की परिकल्पना की गई है कि स्नातक पाठ्यक्रमों में भारतीय छात्रों को अमीराती छात्रों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के साथ-साथ शामिल किया जायेगा। इसी तरह, आईआईटी दिल्ली द्वारा संयुक्त अरब अमीरात के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संकाय और कर्मचारियों की भर्ती किये जाने की भी उम्मीद है जो अबू धाबी परिसर में विश्वस्तरीय शिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम को विकसित व कार्यान्वित करने हेतु दिल्ली परिसर के संकाय के साथ मिलकर काम करेंगे। **आगे की राह :** अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली का परिसर स्थापित करने की पीछे भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच की साझेदारी आकांक्षाओं और संभावनाओं से भरी है। यह निश्चित रूप से दो देशों और वहां के लोगों के बीच व्यापक साझेदारी का आधार बनेगा। यह दुनिया के कल्याण के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संयुक्त उद्यमों के लिए छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रशिक्षित करके दोनों देशों के परे जाकर नये आयाम जोड़ेगा। अब जबकि आईआईटी-दिल्ली वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में लगातार अग्रसर है, इसका लक्ष्य मानचित्र पर कोई एक स्थान नहीं, बल्कि साझा वैश्विक समृद्धि के लिए ज्ञान का एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना है। अग्रणी भारतीय संस्थानों ने परिपक्वता हासिल कर ली है और अब वे भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' के दर्शन के अनुरूप 'विश्व मित्र' के रूप में भारत की छवि को मजबूत करने की दिशा में अपने वैश्विक प्रभाव को और गहरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। **(लेखक, केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री है।)**

रणनीतिक भागीदारी की पुष्टि करते हुए, प्रधानमंत्री व संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अबू धाबी में आईआईटी, दिल्ली के एक परिसर की परिकल्पना की थी- इस निर्णय का रिकॉर्ड समय में साकार होना, दोनों देशों के नेतृत्व की साझा दृष्टि व प्राथमिकताओं का प्रमाण देता है।

## आपकी बात



### आशीर्वाद व प्यार से रुक सकती है आत्महत्या



देवेश कु. घोष

**असफलता** का आघात लगा मन यदि माँ बाप, रिश्तेदारों का शीतल वक्ष स्थल मिल जाने को आश्वस्त हो , उन पर विश्वास हो, उसके पीठ को कोई प्यार से सहला दे, सिर पर अगली सफलता के लिए आशीर्वाद का हाथ रख दे, तो वह आघात को सह सकेगा। उसकी प्रतिज्ञा मजबूत हो जायेगी और वह घर, समाज, बिरादरी को अपने अगले प्रयास की सफलता पर जश्न मनाने का अवसर देने हर संभव प्रयास करेगा। मुश्किल वक़्त में माँ बाप को बच्चों का सहारा बनना चाहिए। संतान को सफल बनाने के लिए उनमें दो शक्तियों का संचार जरूरी है। एक सहन शक्ति और दूसरी समझ शक्ति। असफल बच्चों को कभी गलत समझ कर उन्हें दुखी नहीं करना चाहिए। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या और उपलब्ध स्थान का अनुपात क्या हर किसी को चुन सकता है, भले ही अभ्यर्थी बहुत मेहनती और मेधावी ही क्यों न हो? भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उदाहरण के तौर पर माना जाय कि एक स्थान के लिए सौ आवेदन हैं तो निन्यानवे को तो आवेदित स्थान पाना ही नहीं है। यहाँ नहीं हुआ तो वहाँ सही। विकल्पों की भरमार है, विकल्पों को खुशी खुशी ग्रहण करने का उत्साह रहना चाहिए । आइएएस बनने में असफल उम्मीदवार डेप्युटी कलक्टर बन कर अपनी कुशाग्र बुद्धि और कुशल कार्य क्षमता से आई ए एस की बराबरी करते हुए उच्च अधिकारियों के प्रिय पात्र बन जाते हैं। कोचिंग संस्थानों के सफल शिक्षकों की आमदनी अविश्वसनीय होती है । खुद आई आई टी में नहीं आ सके तो क्या, सैकड़ों को आई आई टी में भेज दिया। खुद आइएएस नहीं बन सके तो क्या, दर्जनों को आइएएस बना दिया। ऐसे शिक्षक समाज में बहुत आदर पाते हैं। जीवन की असफलताओं को भी गौरवशाली समझने की आवश्यकता है यह सोच कर कि सच्चे मन से, पूरी ईमानदारी से, प्रयास किया गया था। नियति की चुनौती को स्वीकार करना और उससे दो-दो हाथ करना ही मानवी गौरव को स्थिर रख सकने वाला आचरण है ताकि फिर से उठ कर खड़ा हुआ जा सके। छात्र को प्रभावित करने वाले माध्यम, शिक्षक, शिक्षण संस्थान, परिवार, बुजुर्ग, मित्र वर्ग की जिम्मेदारी किशोर वर्ग के आहत होते जीवन को बचा सकते हैं। अभिभावकों को सफलता के आँसू की कामना हो तो बच्चों की असफलता पर उनके झरने वाले आंसुओं को संभालने की भी जुगत रखनी होगी। थोड़ी सी सफलता पर भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया जा सकता है। माता, पिता, शिक्षकों का प्यार, सहानुभूति व सहयोग बच्चे की खोई क्षमता वापस ला सकता है। **(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# सोनिया ने क्यों दिया रायबरेली को भावनात्मक संदेश?



प्रभुनाथ शुक्ल

'मैं अपने बच्चों को भीख मांगते देख लूंगी, परंतु मैं राजनीति में कदम नहीं रखूंगी।' यह पीड़ा सोनिया गांधी की थी जो उन्होंने अपने पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को खोने के बाद व्यक्त की थी। यह एक मां और औरत की पीड़ा थी, क्योंकि राजीव को खोने के बाद सोनिया अकेली पड़ गई थीं। वह डरी और सहमी थीं, क्योंकि पारिवारिक संघर्ष में वह अकेली थीं। उन्हें सबसे अधिक फिक्र दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा की थी। इसकी वजह से वह राजनीति में नहीं आना चाहती थीं। वह राजनीति की वजह से पति और सास को खो चुकी थीं। इसकी वजह से उन्हें राजनीति से घृणा हो गई थी। सोनिया के दृढ संकल्प ने उन्हें विषम परिस्थितियों में भी डिगने नहीं दिया। कांग्रेस को संभालने के लिए उन्हें अंततः राजनीति में आना पड़ा। लंबे कालखंड के बाद सोनिया गांधी ने अब सक्रिय राजनीति को अलविदा कह दिया है। खराब स्वास्थ्य के चलते अब वह चुनाव नहीं लड़ेंगी और राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस की सेवा करेंगी। उन्होंने रायबरेली की जनता के नाम एक भावनात्मक चिठ्ठी लिखी है। सोनिया गांधी के इस फैसले के बाद अब देखना यह होगा कि रायबरेली की सीट क्या कांग्रेस के लिए सुरक्षित रह पायेगी या अमेठी की तरह उस पर भी भाजपा का कब्जा हो जायेगा। सोनिया गांधी के इस फैसले पर भाजपा ने तंज कसा है। कांग्रेस ने इसे सोनिया गांधी का निजी फैसला बताया है। कांग्रेस बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। इंदिरा गांधी के जाने के बाद राजीव गांधी ने पार्टी को संभाला। राजीव की अनुपस्थिति में सोनिया गांधी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, लेकिन राहुल गांधी खरे उतरते नहीं दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के फैलाव से कांग्रेस का जनाधार सिकुड़ता जा रहा है है। सच यह है कि कमजोर कांग्रेस को मजबूत आधार दिलाने वाला कोई राजनेता नहीं दिख रहा है। प्रियंका गांधी से पार्टी को काफी उम्मीद थी, लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्हें जो करिश्मा करना था वह नहीं कर पाईं।

इंदिरा गांधी के जाने के बाद राजीव गांधी ने पार्टी को संभाला। राजीव की अनुपस्थिति में सोनिया गांधी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, लेकिन राहुल गांधी खरे उतरते नहीं दिख रहे हैं।



बोधि वृक्ष

## भगवान शिव के बाबा बैजनाथ बनने की कथा

जातक इस कवच को धारण कर घर बैठे-बैठे ही भगवान शिव के वैद्य स्वरुप को महसूस कर सकते हैं। माना जाता है कि भगवान शिव के महा मृत्युंजय कवच में इतनी शक्ति समाहित है जो मरते व्यक्ति में भी प्राण डाल दे।

**रावण ने शिवलिंग को कहाँ पर रखा था?**
त्रेतायुग में रावण ने कैलाश पर्वत से लाये हुए शिवलिंग को झारखंड के देवघर नामक स्थान पर रखा था जिसे आज इंल्लंइ ऊँके नाम से जाना जाता है।

**बैजनाथ क्यों प्रसिद्ध है?** भगवान शिव को समर्पित एक प्रसिद्ध धाम है जिसके बारे में मान्यता है कि यहाँ मौजूद बाबा वैद्यनाथ अपने भक्तों के सभी दुःख और कष्ट वैद्य बनकर हर लेते हैं और एक खुशहाल और दीघार्यु वाला जीवन प्रदान करते हैं। वैद्यनाथ वही स्थान है जहाँ पर रावण ने कैलाश पर्वत से लाये हुए शिवलिंग को ग्वाले के हाथ थमाया और उसने कामना लिंगम वहीं पर रख दिया था और भगवान शिव द्वारा दी गई शर्त के अनुसार बाबा वैद्यनाथ ज्योर्तिलिंग वहीं पर स्थापित हो गया। रावण की लाख कोशिशों के बाद भी उसे वहां से उठाया न जा सका।
**(समाप्त)**

### पहाड़ी मंदिर रांची

पहाड़ी मंदिर झारखंड की राजधानी रांची में पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर समुद्र तल से 2140 फीट और जमीन से 350 फीट ऊपर स्थित है। मंदिर तक पहुँचने के लिए 468 सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती हैं। पूरे रांची शहर को मंदिर से देखा जा सकता है। पहाड़ी मंदिर में भगवान शिव को लिंग रूप में पूजा जाता है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Chandi Dutta Jha**
1 h ·

**Dear राजनीतिक दलों कमेटी, जांच, धरना प्रदर्शन जैसे शब्द बन्द ही कीजिये. ऐसे भाषण सुन जनता थककर ऊब चुकी है. भाषण देने, कमेटी गठन से आगे बढ़ो जमीनी स्तर पर कुछ करके दिखाओ. पक्ष विपक्ष अपना उल्लू सीधा कर**
**ही लेती है, बस बेवकूफ ओर निर्दोष जनता इस खेल में पीसती है. मई 2021 में भी एक समिति बंगाल गई थी, समिति के रिपोर्ट पर क्या हुआ किसी को पता नही है. कमेटी के नाम पर सिर्फ धोखा दिया जाता है.**


अरुण सिंह
राष्ट्रीय महासचिव
भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party
दिनांक : 14 फरवरी, 2024

प्रेस विज्ञप्ति :

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जगत प्रकाश नड्डा जी ने पश्चिम बंगाल में संदेशखाली, उत्तर परगना जिले में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न एवं हिंसा की घटना को हृदय विदारक बताया है। महिला उत्पीड़न एवं गुंडागर्दी की घटना निरंतर हो रही है एवं प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है।

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने इस संपूर्ण घटना हेतु पार्टी का उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो घटना स्थल पर जाकर तथ्यों की जानकारी एकत्रित कर अपनी रिपोर्ट शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सौंपेगी।

समिति के सदस्य निम्नलिखित हैः-

1. श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री – संयोजक
2. सुश्री प्रतिमा भौमिक, केन्द्रीय मंत्री
3. श्रीमती संगीता दुग्गल, सांसद
4. श्रीमती कविता पाटीदार, सांसद
5. श्रीमती संगीता यादव, सांसद
6. श्री बृजलाल, राज्यसभा सांसद, पूर्व पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

अरुण सिंह,
राष्ट्रीय महासचिव एवं
मुख्यालय प्रभारी

## X - से

**BBC News Hindi** @BBCHindi · 1h
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थक और आलोचक इस बात पर सहमत हैं कि मोदी एक 'शोमैन' हैं, जिनके पास हर छोटे-छोटे मौकों को बड़े इवेंट में बदलने का हुनर है. आप बताइए... क्या भारतीय राजनीति में कोई ऐसा चेहरा आपको दिखता है जो पीएम मोदी को टक्कर दे सकता है?




316 · 84 · 424 · 34K

# हिंसक किसान आंदोलन के निहितार्थ



आरके सिन्हा

***मरने*** -मारने के अंदाज में किसान एक बार फिर सड़कों पर उतर आये हैं। चुनाव माहौल गरम होते ही वे दिल्ली को घेरने के इरादे पर डट जाते हैं। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है। यह सारा देश दिन भर टेलीविजन पर देख रहा है। सरकार से बातचीत करके कोई हल निकालने को किसान नेता मानने को तैयार तक नहीं हैं। वे तो चाहते हैं कि उनकी हरेक मांग को सरकार मान जाये। याद रखें कि किसानों की कुछ मांगों को मानना लगभग असंभव सा है। किसान नेता कह रहे हैं कि उनके 24 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ हो जाएं । सरकारें किसानों के बहुत सारे लोन समय-समय पर माफ करती भी रहती हैं। पर सारे लोन माफ करना नामुमकिन ही है। क्या पैसा पेड़ों में लगा है जिसे सरकार तोड़ कर किसानों को दे देगी? किसानों को देश अन्नदाता मानता है, पर उन्हें भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए कि क्या उनकी मांगें सही हैं। जब चुकाने का इरादा ही नहीं था तो लोन लिया क्यों था? बेईमानी करने के लिए? इसके साथ ही किसान संगठन बार बार न्यूनतन समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन करते हैं। वे इस बार भी एमएसपी के लिए कानून बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर दिल्ली आकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते हैं। इनका कहना है कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार, एमएसपी लागू हो। अफसोस होता कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों की इस मांग का समर्थन करते हैं। स्वामीनाथन कमीशन ने 2006 में अपनी रिपोर्ट दी थी। तब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र में यूपीए सरकार थी। यूपीए सरकार 2014 तक रही। सबको पता है कि उसके सर्वेसर्वा राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ही थे। उन्होंने तब यूपीए सरकार पर दबाव डालकर स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को क्यों नहीं लागू किया। अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जायेगा।

पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है।

टेक वर्ल्ड

## जीमेल के छिपे हुए फीचर्स से अपने काम को करें आसान

**गूगल ड्राइव इंटीग्रेशन:** यह फीचर आपको ईमेल के अंतर्गत फाइलों को सीधे आपके गूगल ड्राइव में सहेजने की सुविधा प्रदान करता है। इससे आपको अपनी फाइलों को संगठित रखने में मदद मिलती है और ईमेल के अनुलग्नक का अनुप्रयोग अधिक सरल हो जाता है। जीमेल के इन गुप्त फीचर्स का उपयोग करके, आप अपने काम को आसान बना सकते हैं और अधिक समय और ध्यान को उसके महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर लगा सकते हैं। इससे न केवल आपका काम आसान होगा, बल्कि आपकी उत्पादकता भी बढ़ेगी। **(समाप्त)**




### अब शब्दों से जल्दी बन सकेगा वीडियो

इसके जरिये शब्दों की मदद से वीडियो को बनाया जा सकेगा। गूगल और मेटा जैसे बड़े टेक दिग्गजों ने कई वर्षों पहले ही इस तरह के टूल पेश किये थे। दावा किया जा रहा है कि ओपनएआई टूल को कुछ वर्षों पहले भी पेश किया गया था। टेक्नोलॉजी की दुनिया में रोज नये नये अपेडट देखने को मिल रहे है। चैट जीपीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित भी कई अपडेट सामने आते रहे है। इसी बीच कंपनी ओपनएआई ने भी नया टूल पेश किया है, जो कि सोरा है। ये नया फीचर है जिसके जरिये नये टेक्स्ट टू वीडियो को जनरेट किया जा सकता है। ये नया एआई टूल पेश किया गया है। इसके जरिए शब्दों की मदद से वीडियो को बनाया जा सकेगा। गूगल और मेटा जैसे बड़े टेक दिग्गजों ने कई वर्षों पहले ही इस तरह के टूल पेश किये थे। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रोटोकॉल उल्लंघन मामले में बर्खास्त कर्मचारी बहाल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने जिला न्यायपालिका के उस चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सेवा में बहाल कर दिया है, जिसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और तत्कालीन मुख्यमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों के समक्ष सीधे अपनी समस्या रखने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब वित्तीय कठिनाई में होता है, सीधे वरिष्ठों के सामने अपनी बात रखता है, लेकिन यह अपने-आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है, जिसके लिए सेवा से बर्खास्तगी की सजा दी जानी चाहिए। यह मानते हुए कि जांच अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए अपराध का निष्कर्ष विकृत है, पीठ ने अपीलकर्ता को सभी लाभों के साथ सेवा में बहाल करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आक्षेपित फैसले के साथ-साथ 30 अप्रैल 2007 के आदेश को रद्द कर दिया जिसके तहत अपीलकर्ता को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

# संदेशखाली के हिंसाग्रस्त क्षेत्र में जाने से बीजेपी टीम को रोका गया

- संदेशखाली हिंसा को लेकर नहीं थम रहा सियासी संग्राम
- प्रतिपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी को भी रोका गया था

**एजेंसी। कोलकाता**

छह सदस्यीय केंद्रीय समिति को संदेशखाली हिंसा का जायजा लेने के दौरान पुलिस ने रोक दिया है। इस समिति में केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद शामिल थे। संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुई हिंसा और यौन दुराचार की जांच करने के लिए इस समिति का गठन किया गया है। जहां एक तरफ बीजेपी की केंद्रीय टीम को पुलिस ने रोक दिया, वहीं दूसरी तरफ टीएमसी की फैक्ट फाइंडिंग टीम को संदेशखाली में लोगों से बातचीत करते हुए देखा गया था।

भाजपा की समिति में अग्निमित्रा पॉल भी शामिल थीं, जो सुबह ही संदेशखाली के लिए रवाना हो गईं, लेकिन जैसे ही उन्होंने रामपुर में प्रवेश किया, जो कि संदेशखाली से कुछ ही दूरी पर



स्थित है, तो उन्हें पुलिस ने रोक दिया। इस घटना के बाद समिति के सदस्यों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि, समिति के सदस्यों ने दलील दी कि महज पांच लोग ही संदेशखाली में प्रवेश करेंगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें इजाजत नहीं दी। पुलिस के रोके जाने के बाद समिति के सदस्य सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे।

समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि राज्य प्रशासन को इस बात का डर है कि कहीं संदेशखाली की महिलाएं फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां को लेकर कहीं कोई बड़ा खुलासा ना कर दें। पॉल ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंशा साफ है। वो अपनी पार्टी के लोगों को बचाना चाहती हैं, जो प्रदेश में ऐसे जघन्य वारदातों के जिम्मेदार हैं। वो पश्चिम बंगाल के लिए शर्म हैं। इससे पहले गुरुवार को पश्चिम बंगाल में प्रतिपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में संदेशखाली जा रहे बीजेपी विधायकों को भी पुलिस ने रोक दिया था, जब वो रास्ते में थे। बता दें कि उच्चस्तरीय केंद्रीय समति की संयोजक अन्नपूर्णा देवी हैं। दूसरे सदस्यों में केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक, सांसद सुनीता दुग्गल, सांसद कविता पाटीदार, सांसद संगीता यादव और बृज लाल (राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक) शामिल हैं।

## आईएनडीआईए की सरकार बनी तो किसानों को मिलेगा वाजिब एमएसपी : राहुल गांधी



**पटना (बिहार)।** राज्य के सासाराम में शुक्रवार को राहुल गांधी ने न्याय यात्रा में घोषणा किया कि आईएनडीआई गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को उनका वाजिब एमएसपी मिलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि आपकी जमीन आपसे छीनी जा रही है। सही राशि और सही मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। जब हमारी सरकार थी तब किसानों के जमीन की रक्षा के लिए जमीन अधिग्रहण बिल लाया गया। राहुल गांधी ने कहा कि यह कानून हमारी सरकार लेकर आई और वह कानून आपके लिए देश के किसानों के लिए लागू किया गया था लेकिन इस कानून को केंद्र सरकार ने रद्द कर दिया और किसानों के साथ हकमारी कर रहे हैं। याद रखें जब हमारे गठबंधन की सरकार आएगी तो किसानों को वापस से वह सभी सुविधाएं मिलेंगी जो हमारी सरकार में पहले से मिला करती थी। हमारी सरकार बनेगी तो जितने भी सरकारी बहाली हैं वह पूरी कर ली जाएगी। यह हमारी गठबंधन का पूरे देश से लागू होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल का सही दाम नहीं मिल रहा है। हमारी सरकार में आने के बाद कांग्रेस एमएसपी की लीगल गारंटी देगी। जब भी किसानों ने कांग्रेस से कुछ मांगा है, उन्हें दिया है। चाहे वो कर्ज माफी हो या फिर एमएसपी कांग्रेस ने हमेशा किसानों के हितों की रक्षा की है और हमेशा करेंगे।

## 'उड़ान' फेम कविता चौधरी का निधन अमृतसर में हुआ संस्कार



**चंडीगढ़।** दूरदर्शन की चर्चित धारावाहिक 'उड़ान' में मुख्य भूमिका निभाने वाली कविता चौधरी का गुरुवार रात अमृतसर में निधन हो गया। 62 वर्षीय कविता चौधरी लंबे समय से कैंसर पीड़ित थीं। कविता चौधरी का जन्म अमृतसर में ही हुआ था। जीवन का अंतिम समय अमृतसर में व्यतीत करने के लिए उन्होंने वर्ष 2018 में मन्नावाला में घर लिया था। शुक्रवार को अमृतसर में ही कविता चौधरी का अंतिम संस्कार किया गया। कविता चौधरी को उनके भाई कपिल चौधरी ने मुखाग्नि दी। परिजनों के अनुसार कविता चौधरी का अमृतसर के पार्वती देवी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां बीती रात उनकी मौत हो गई।

## कांग्रेस के बैंक खातों से हटा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के बैंक खातों पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने कहा कि आयकर अपीलीय अधिकरण में सुनवाई लंबित रहने तक कांग्रेस पार्टी के खातों पर लगी रोक को बुधवार तक हटा दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस नेता अजय माकन ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान आरोप लगाया था कि मोदी सरकार के इशारे से देश की मुख्य विपक्षी पार्टियों के खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। माकन ने कहा कि देश में लोकतंत्र पूरी तरह से खत्म हो चुका है। मुख्य विपक्षी पार्टी के सारे अकाउंट्स फ्रीज कर दिए गए हैं। कांग्रेस पार्टी के अकाउंट पर तालाबंदी कर दी गई है। माकन ने कहा था कि बैंक खाते तो भाजपा के फ्रीज होने चाहिए, क्योंकि जो असंवैधानिक कॉर्पोरेट बांड उन्होंने अपने खातों में डाल रखे हैं, सुप्रीम कोर्ट के अनुसार असंवैधानिक हैं। माकन ने कहा कि हमें 31 दिसंबर, 2019 तक अपने अकाउंट्स जमा करने थे, लेकिन हमें कुछ देर हो गई। इस वजह से हमारे खातों को सील कर दिया गया। 2018-19 चुनाव का वक्त था, जिसमें कांग्रेस के 199 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इसमें हमारे विधायकों और सांसदों ने सिर्फ 14 लाख 40 हजार रुपये कैश में जमा किए थे, जो उनका वेतन था। इस वजह से कांग्रेस पर 210 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगा दी गई।

# भगवान राम को काल्पनिक मानने वाले अब जय सिया राम बोलने लगे हैं : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने इससे पहले हरियाणा के लिए कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला।

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के जो लोग भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, जो कभी नहीं चाहते थे कि राम मंदिर बने, वो भी अब जय सिया राम बोलने लगे हैं। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि देश की इच्छा थी कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, आज पूरा देश भव्य राम मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन कर रहा है। उन्होंने यहां रेवाड़ी की जनता को



संबोधित करते हुए कहा कि 2013 में जब मुझे भाजपा ने पीएम पद का उम्मीदवार घोषित किया था, तब मेरा पहला कार्यक्रम रेवाड़ी में हुआ था और रेवाड़ी ने मुझे 272 पार का आशीर्वाद दिया था। आपका वो आशीर्वाद सिद्धि बन गया। मैं फिर एक बार रेवाड़ी आया हूं, तो आपका आशीर्वाद है - अबकी बार, एनडीए सरकार, 400 पार!

उन्होंने कांग्रेस पर इसके साथ ही निशाना साधते हुए कहा कि एक परिवार के मोह में फंसी कांग्रेस आज अपने इतिहास के सबसे दयनीय दौर से गुजर रही है। इनके नेता से अपना एक स्टार्ट अप नहीं संभल रहा, ये लोग देश संभालने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने आगे कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि इनका ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, देश की आधे से अधिक आबादी को दशकों तक छोटी-छोटी जरूरतों से दूर रखने का है। सिर्फ एक परिवार के हित को देश और देशवासियों के हित से ऊपर रखने का है। इनका इतिहास सबसे बड़े घोटालों का है। आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने का है। सेना और सैनिक, दोनों को कमजोर करने का है।

## शरद पवार ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वो शरद पवार की याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। दरअसल, पवार ने हाल ही में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है। बता दें कि बीते दिनों आयोग ने डिप्टी सीएम अजीत पवार के गुट वाले एनसीपी को असली एनसीपी बताया था और उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी आवंटित किया था। इस पर शरद पवार ने आपत्ति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ से मांग की है कि वो इस मामले को सूचीबद्ध करें।

## पीएम ने राजस्थान में 17 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन




**एजेंसी। जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान में करीब 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम द्वारा वर्चुअली लॉन्च की गई परियोजनाओं में रेलवे, सड़क और ऊर्जा क्षेत्र, पेयजल, पेट्रोलियम और अन्य विभागों के विकास कार्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा राजस्थान की डबल इंजन सरकार ने तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को राजस्थान के विकास के लिए 17 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। इन योजनाओं से राजस्थान के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

मैं इस उपलब्धि के लिए राजस्थान के लोगों को बधाई देता हूं। शिलान्यास के बाद पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना पीएम सूर्य घर शुरू की है। इसके तहत सरकार हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की तैयारी कर रही है।

## यूपी एसटीएफ ने चार टाइमर बम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ यूनिट की उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शुक्रवार को एक विशेष सूचना पर मुजफ्फरनगर जिले के खालापार इलाके से चार टाइमर बम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को आईईडी बम के संबंध में एक विशेष गुप्त सूचना मिली थी। विशिष्ट इनपुट के आधार पर शुक्रवार सुबह को छापेमारी कर आरोपी जावेद को उसके ठिकाने से पकड़ लिया गया। उसके कब्जे से चार जिंदा टाइमर बम को जब्त किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि बम एक महिला के ऑर्डर पर बनाए थे। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है। एसटीएफ अपर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी जावेद को छापेमारी के दौरान मुजफ्फरनगर के खालापार इलाके से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से चार जिंदा टाइमर बम को जब्त किया गया है। बम डिस्पोजल स्कवॉड मेरठ की टीम मौके पर मौजूद है। आरोपी जावेद ने टाइमर बम बनाने की बात कबूल की है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह डिमांड पर इससे पहले भी टाइमर बम बना चुका है।

# कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, चार छात्र पकड़े गए

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान पुलिस ने कोटा में नीट की कोचिंग कर रहे चार छात्रों को 16 वर्षीय एक छात्रा के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जो मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी भी कर रही थी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।



पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि चारों आरोपियों में से एक ने उसे अपने फ्लैट पर बुलाया। वहां उसने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने कहा कि आरोपी वयस्क हैं, फिर भी सुरक्षा चिंताओं के कारण उनकी पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता की कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश के एक लड़के से दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान उसे पता चला कि वह नीट की तैयारी कर रहा है और लैंडमार्क इलाके में किराए के मकान में रहता है। 10 फरवरी को लड़के ने पीड़िता को अपने फ्लैट पर मिलने के लिए बुलाया, जहां उसके तीन दोस्त भी मौजूद थे। जब लड़की फ्लैट पर पहुंची तो चारों ने उसके साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। अन्य तीन आरोपी पश्चिम बंगाल और बिहार के रहने वाले हैं। ये सभी कोटा में कोचिंग ले रहे हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने कहा, पीड़िता यूपी की रहने वाली है। वह करीब एक साल से कोटा में नीट की तैयारी कर रही थी।

# मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारने पर मौलाना बरेलवी ने अखिलेश को सुनाई खरी-खोटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को जमकर खरी-खरी सुनाई। उन्होंने अखिलेश यादव पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ मुसलमानों का वोट चाहिए। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा 2022 के विधानसभा चुनाव में मुसलमानों ने समाजवादी पार्टी को जमकर वोट दिया। जितने भी एमएलए सपा से जीतकर आए हैं, चाहे वह मुस्लिम हों या गैर



मुस्लिम ये सभी मुसलमानों के वोट से जीतकर आए हैं। ऐसे में राज्यसभा की 3 सीटों पर मुस्लिम का हक बनता है। इन सीटों पर मुसलमानों को कैंडिडेट बनाया जाए। लेकिन, अखिलेश यादव ने किसी भी मुस्लिम को प्रत्याशी न बनाकर गैर मुस्लिम को कैंडिडेट बनाया। उन्होंने आगे कहा कि इसका सीधा-सीधा मतलब है कि उन्हें सिर्फ मुसलमानों का वोट चाहिए। वह सिर्फ कुर्सी के लालच में मुसलमानों के वोट का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें बेवकूफ समझते हैं। आजम खां को लेकर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने आगे कहा, जो हश्र आजम खां का हुआ है, इस स्थिति के पीछे अखिलेश यादव का भी हाथ है। जब शुरूआती दौर में आजम खां पर दबिश दी गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया, तब, अखिलेश यादव खामोश रहे। उनको एक बार भी तकलीफ नहीं हुई कि एक बार सीतापुर जेल में जाकर आजम खां से मिलें। उन्होंने अखिलेश यादव पर कई मुस्लिम नेताओं को साइडलाइन करने का भी आरोप लगाया।

बता दें कि अखिलेश यादव ने जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन को सपा से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। मौलाना बरेलवी ने राज्यसभा में किसी भी मुस्लिम को प्रत्याशी न बनाए जाने पर सपा प्रमुख को चिट्ठी लिखकर अपनी नाराजगी जताई।

## आईआईटी दिल्ली का छात्र हॉस्टल के कमरे में मृत पाया गया

**नई दिल्ली।** आईआईटी-दिल्ली के एक 23 वर्षीय छात्र का शव द्रोणागिरी हॉस्टल में छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान महाराष्ट्र के नासिक के मूल निवासी और एमटेक अंतिम वर्ष के छात्र वरद संजय नेरकर के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को एक छात्र द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर नेरकर को बेडशीट के सहारे छत के पंखे से लटका पाया गया। अधिकारी ने कहा, सभी पहलुओं से जांच चल रही है।

## राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को झटका, प्रियंका हुईं बीमार

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को अस्वस्थ होने के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जिसकी वजह से वो राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं हो सकेंगी। प्रियंका ने अपने एक्स अकाउंट पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं को शुभकामनाएं दी। इसके अलावा उन्हें यह आश्वासन भी दिया कि जैसे ही उनकी तबीयत में सुधार आएगा, तो वो यात्रा में शामिल हो जाएंगी। दरअसल, राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार शाम उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर जाएगी।

## केंद्र ने कर्नाटक के किसानों के लिए 235 करोड़ रुपये की किस्त जारी की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार की ओर से किसानों के लिए 'राष्ट्रीय कृषि विकास योजना' के अंतर्गत 235.14 करोड़ रुपए जारी किए गए। इस स्वीकृत राशि का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में सुधार, गोदामों का निर्माण, जल संचयन संरचनाएं, प्राथमिक प्रदर्शन इकाइयों की स्थापना, ट्रैक्टर, पावर टिलर और ड्रोन खरीद, एकीकृत खेती को बढ़ावा देना, मिट्टी की स्वास्थ्य उर्वरता और कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना के लिए किया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने 'राष्ट्रीय कृषि विकास योजना' के अंतर्गत वित्त वर्ष 2023-24 में कर्नाटक के किसानों के कल्याण के लिए 761.89 करोड़ रुपए आवंटित किये।

## रिश्वत के आरोप में सीबीआई ने तीन अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वत मामले में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय जालंधर के तीन अधिकारियों, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी (आरपीओ) और दो सहायक पासपोर्ट अधिकारियों (एपीओ) को गिरफ्तार किया है।

## शंभू बार्डर पर जीआरपी के एसआई की आंसू गैस के गोले से मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सीमा पर तैनात रेलवे पुलिस के एसआई की मौत हो गई। मौत का कारण आंसू गैस के गोले से दम घुटने के कारण हुई है। पुलिस के अनुसार गांव चुलकाना, पानीपत निवासी एसआई हीरालाल की पोस्टिंग जीआरपी समालखा चौकी में थी। हाल ही में इनकी ड्यूटी किसान आंदोलन के चलते अंबाला में लगी थी। इस दौरान आंसू गैस के गोलों से दम घुटने से उनकी मौत हुई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मोस्ट वॉन्टेड को यूएई से भारत लाया गया

**चंडीगढ़।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम हरियाणा के मोस्ट वांटेड को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण करके शुक्रवार को भारत ले आई है। उसके खिलाफ फतेहाबाद जिले के टोहाना पुलिस थाने में मर्डर, दंगे और जानबूझकर नुकसान पहुंचाने जैसी संगीन धाराओं में दर्ज मामले दर्ज हैं। नरेंद्र सिंह नाम के इस मोस्ट वांटेड अपराधी को उम्रकैद की सजा भी मिल चुकी है। हरियाणा पुलिस के अनुसार नरेंद्र सिंह के खिलाफ दिसंबर, 1994 में फतेहाबाद के टोहाना पुलिस स्टेशन में हत्या, दंगा और जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया था। करीब चार साल बाद ट्रायल कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। इस पर पुलिस ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में अपील की, जिसने फैसले को पलट दिया।

# किसान संगठनों व सरकार के बीच अच्छी बातचीत हुई, रविवार को फिर होगी वार्ता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के मंत्रियों और किसान संगठनों के बीच हुई बातचीत के बारे में बताते हुए कहा है कि केंद्र सरकार ने किसान संगठनों को बातचीत का निमंत्रण दिया था, जिस पर वह आए।

उन्होंने कहा कि किसान संगठनों और सरकार के बीच अच्छी बातचीत हुई है। अनुराग ठाकुर ने सरकार और किसान संगठनों के बीच चौथे दौर की बातचीत के लिए भी दिन तय हो जाने की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को किसान संगठनों के साथ अगली बातचीत होगी।

केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि रविवार को भी सरकार और किसान संगठनों के बीच अच्छे वातावरण में बातचीत होगी और इन मुद्दों के हल के लिए हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा




सवाल उठाने पर पलटवार करते हुए केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए तमाम कामों को गिनाते हुए कहा कि अगर 5-6 मुद्दों को देखा जाए तो खाद, पानी, एमएसपी पर खरीद या फिर बैंकों से ऋण से लेकर मुआवजे तक इन सभी मामलों में मोदी सरकार ने जो काम किया है, वह आज तक किसी सरकार ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि किसान को संपन्न और समृद्ध बनाने के लिए सरकार की ओर से तमाम प्रयास हुए हैं और स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागत प्लस 50 प्रतिशत मुआवजा, मोदी सरकार ने ही सुनिश्चित किया है। एक सवाल के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा कि कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, उन्हें अपने यहां कानून-व्यवस्था बनानी है। उन्हें पूरा विश्वास है कि प्रदर्शनकारी भी कोई हिंसा, आगजनी या तोड़फोड़ नहीं करेंगे और राज्य सरकार भी आंदोलन शांतिपूर्ण होगा तो वैसा ही व्यवहार करना चाहिए।

# ज्ञान किताबों से नहीं, फील्ड में ड्यूटी के दौरान अनुभव से मिलता है : योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि ज्ञान वह नहीं होता है जो पुस्तकों में लिखा होता है, ज्ञान वह है जो फील्ड की ड्यूटी के दौरान आप अनुभव करते हैं। अपराध की बदलती प्रकृति के अनुसार हम सभी को अपने आप को तैयार करना होगा। हम जब अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को जनता के सामने शेयर करते हैं तो बहुत कुछ जानने और सीखने को मिलता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मीट की स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने विभिन्न प्रतिस्पधाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था का ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं




चाहता था। 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 10 लाख से अधिक निवेश के प्रस्तावों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से धरातल पर उतारा जाएगा। इससे 35 लाख नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी, जो यह दशार्ता है कि संकल्प के साथ कानून व्यवस्था को लागू किया जाए तो उसके परिणाम भी सामने आते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें दोहरी मानसिकता के साथ काम करना पड़ता है। वह असामाजिक और अराष्ट्रीय तत्वों के साथ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपने काम को अंजाम तक पहुंचाते हैं, जबकि कॉमन मैन के गुहार लगाने पर संवाद स्थापित कर न्याय दिलाते हैं। इससे कॉमन मैन के मन में एक नया विश्वास पैदा होता है। यह पुलिस बल की संवेदनशीलता को भी दशार्ता है। उन्होंने कहा कि समारोह में देश भर के विभिन्न बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है।

# डकेट का नाबाद शतक, इंग्लैंड का करारा जवाब




**राजकोट।** बेन डकेट (नाबाद 133) के शानदार शतक से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को करारा जवाब देते हुए स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 207 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड अभी भारत के पहली पारी के 445 रन के स्कोर से 238 रन पीछे है जबकि उसके आठ विकेट बाकी हैं। डकेट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बैजबाल शैली का नजारा पेश किया और 118 गेंदों पर नाबाद 133 रन में 21 चौके और दो छक्के लगाए। भारत 445 रन बनाने में जरूर कामयाब रहा लेकिन तीसरे सेशन में बेन डकेट का कमाल देखने को मिला। उन?होंने 118 गेंद में ही नाबाद 133 रन बना डाले। इस बीच जैक क्रॉली के विकेट के साथ अश्विन ने टेस?ट करियर में अपने 500 विकेट पूरे किए। ओली पोप के तौर पर भारत को एक और विकेट मिला जो मोहम्मद सिराज ने दिलाया। जैक क्रॉली 15 और ओली पोप 39 रन बनाकर आउट हुए जबकि डकेट के साथ जो रुट नौ रन बनाकर क्रीज पर हैं। डकेट ने ओपनिंग साझेदारी में 89 और पोप के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। डकेट ने रुट के साथ तीसरे विकेट की अविजित साझेदारी में 25 रन जोड़ डाले हैं। इससे पहले ध्रुव जुरेल के साथ-साथ रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह के उपयोगी योगदान ने भारत को पहली पारी में 445 रनों के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अश्विन (37) और जुरैल (46) ने आठवें विकेट के लिए 77 रन जोड़े, इसके बाद अंत में बुमराह ने 26 रन बनाकर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए, तेज गेंदबाज मार्क वुड ने चार विकेट लिए, जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी विकेट लिए। हालाँकि, मेहमान टीम को अपने कैच छोड़ने और डीआरएस का सावधानी से उपयोग नहीं करने पर अफसोस होगा। वे अपनी पारी 5/0 से शुरू करेंगे, पांच पेनल्टी रन के जरिए भारत पर अश्विन और जडेजा के पिच के डेंजर एरिया पर दौड़ने के कारण जुमार्ना लगाया गया। भारत ने सुबह के सत्र में केवल 62 रन जोड़े। जेम्स एंडरसन ने सत्र के चौथे ओवर में नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव के बल्ले का हल्का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स को दिया। अगले ओवर में, जड़ेजा ने अंशकालिक ऑफ स्पिनर जो रूट के पास सीधा ड्राइव लगाया, जिससे उनका विकेट 112 रन पर गिर गया। दो नए ताजा बल्लेबाजों के साथ, इंग्लैंड मार्क वुड की तेजी की तरफ गया, और अश्विन ने कवर के माध्यम से चार के लिए एक सुंदर पंच के साथ छाप छोड़ी। उन्होंने जुरेल पर बाउंसर डाला ,जिन्होंने गेंद को छह रन के लिए स्लिप के ऊपर से निकाल दिया। अश्विन ने सुंदर ड्राइव और बाउंड्री के लिए कट लगाना जारी रखा, जबकि जुरैल ठोस दिख रहे थे और उन्होंने चतुराई से नजर डाली और अपने रन लेने के लिए गैप में ड्राइव किया, क्योंकि 400+ बनाना अब भारत के लिए एक यथार्थवादी लक्ष्य लग रहा है। इंग्लैंड को अंततः मौका मिला जब अश्विन रेहान अहमद की गेंद पर चूक गए और फॉरवर्ड-डाइविंग मिड-ऑन पर लपके गए। आश्विन ने छह चौकों की मदद से 37 रन बनाये।

## रविचंद्रन अश्विन के 500 टेस्ट विकेट पूरे

### अश्विन भारत की तरफ से यह उपलब्धि हासिल करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे गेंदबाज बने

**राजकोट (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने राजकोट टेस्ट मैच की पहली पारी में इग्लैंड के ओपनर बल्लेबाज जैक क्राउली को जैसे ही आउट किया उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना 500वां विकेट पूरा कर लिया। अश्विन भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में विकेट के इस आंकड़े तक पहुंचने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे गेंदबाज बने। अश्विन ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर के 98वें टेस्ट में यह कमाल किया जबकि कुंबले ने विकेट का यह आंकड़ा 105वीं टेस्ट में छूआ था। वहीं गेंदों के मामले में सबसे तेज 500 टेस्ट विकेट लेने की बात की जाए तो अश्विन दूसरे नंबर पर पहुंच गए और जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### आर अश्विन ने जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ा

आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में अपना 500 विकेट लेने के लिए कुल 25,714 गेंदें फेंकी जबकि जेम्स एंडरसन ने इसके लिए 28,150 गेंदें फेंकी थी। अब सबसे कम गेंदों पर 500 टेस्ट विकेट लेने की बात की जाए तो इस लिस्ट में आर अश्विन दूसरे नंबर पर पहुंच गए जबकि जेम्स एंडरसन तीसरे नंबर पर खिसक गए। टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंदों पर 500 विकेट लेने का रिकॉर्ड ग्लेन मैक्ग्रा के नाम पर दर्ज है जिन्होंने 25,528 गेंदों पर इतने विकेट हासिल किए थे।




### टेस्ट में सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 800 | : मुथैया मुरलीधरन |
| 708 | : शेन वार्न |
| 696 | : जेम्स एंडरसन |
| 619 | : अनिल कुंबले |
| 604 | : स्टुअर्ट ब्रॉड |
| 563 | : ग्लेन मैक्ग्रा |
| 519 | : कर्टनी वॉल्श |
| 517 | : नाथन लियोन |
| 500 | : रविचंद्रन अश्विन |

### टेस्ट में सबसे कम गेंदों पर 500 विकेट लेने वाले गेंदबाज

| | |
|---|---|
| 25528 गेंद | ग्लेन मैक्ग्रा |
| 25714 गेंद | आर अश्विन |
| 28150 गेंद | जेम्स एंडरसन |
| 28430 गेंद | स्टुअर्ट ब्रॉड |
| 28833 गेंद | कर्टनी वॉल्श |

### सबसे कम पारियों में 500 विकेट लेने वाले टॉप 5 गेंदबाज

| | |
|---|---|
| 144 | : मुथैया मुरलीधरन |
| 184 | : रविचंद्रन अश्विन |
| 186 | : अनिल कुंबले |
| 201 | : शेन वार्न |
| 214 | : ग्लेन मैक्ग्रा |

### अश्विन के नाम कमाल का रिकॉर्ड

टेस्ट क्रिकेट में अश्विन ने 500 विकेट का आंकड़ा छू लिया और वह भारत की तरफ से टेस्ट में सबसे तेज 50, 100, 150, 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। इसके अलावा वह टेस्ट प्रारूप में वह 500 विकेट लेने वाले 9वें गेंदबाज बने।

## अश्विन और जडेजा के कारण, भारत पर लगा पांच रन का जुर्माना

**राजकोट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन के पहले सत्र के दौरान शुक्रवार को ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन के पिच के संरक्षित क्षेत्र में दौड़ने के बाद भारत पर पांच रन का जुमार्ना लगाया गया है। भारत की पारी के 102वें ओवर में जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर क्षेत्र की ओर खेला और एक रन लेने का प्रयास किया। इस दौरान अश्विन अपनी पारी में पिच के बीच दौड़ते हुए पाए गए। इसके चलते मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने भारत पर पांच रन का जुमार्ना लगाया, जिन्होंने पेनल्टी का संकेत देने से पहले अश्विन से बात की थी। जिसके कारण इंग्लैंड अपनी पहली पारी 5/0 से शुरू करेगा। भारत को पहली और आखिरी चेतावनी पहले ही मिल चुकी थी जब टेस्ट के पहले दिन ही ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को पिच पर दौड़ने के लिए चेतावनी दी गई थी। नियम 41.14 जो एक बल्लेबाज द्वारा पिच को नुकसान पहुंचाने की स्थिति से संबंधित है। नियम के अनुसारः 'पिच को जानबूझकर या टालने योग्य क्षति पहुंचाना अनुचित है।

## 'चीनी दीवार' तोड़ने के बाद भारत ने हॉन्गकॉन्ग का भी किया सूपड़ा साफ, महिला टीम ने रचा इतिहास

**शाह आलम (एजेंसी)।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार 16 फरवरी 2024 को मलेशिया के शाह आलम में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) के क्वार्टर फाइनल में हॉन्गकॉन्ग पर 3-0 की जीत हासिल की। इसके साथ ही भारतीय महिला टीम ने अपना पहला पदक पक्का किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हॉन्गकॉन्ग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।



**निचली रैंक की खिलाड़ी के खिलाफ सिंधु को करना पड़ा संघर्ष :** चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए पीवी सिंधु ने अपने से निचली रैंकिंग वाली लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की। इसके बाद तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी की। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर 21-12, 21-13 की आसान जीत से भारत की जीत सुनिश्चित की और टीम के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का किया। टीम के साथ मौजूद पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने शाह आलम से पीटीआई को बताया, ह्ययह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। थोड़ा ड्रिफ्ट था इसलिए शुरू में शटल को नियंत्रित करना मुश्किल था क्योंकि शटल बाहर जा रही थी। ड्रिफ्ट के कारण एक छोर से मुश्किल होने के कारण पीवी सिंधु को थोड़ा जूझना पड़ा, लेकिन यह एक अच्छा परिणाम है, हम सेमीफाइनल में हैं।

**पीवी सिंधु और हॉन्गकॉन्ग की खिलाड़ी के बीच हुई कड़ी टक्कर :** दुनिया की 77वें नंबर की खिलाड़ी लो के खिलाफ पीवी सिंधु ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले गेम में 11-1 की बढ़त बनाई। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पीवी सिंधु और लो के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और दोनों खिलाड़ी 10-10 पर बराबरी पर थीं। हॉन्गकॉन्ग की खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई लेकिन खेल दोबारा शुरू होने पर लगातार 4 अंक के साथ बढ़त

## सौरव घोषाल वाशिंगटन में फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे




**वाशिंगटन (एजेंसी)।** सौरव घोषाल ने कड़े मुकाबले में स्पेंसर लवजॉय (अमेरिका) को लगभग एक घंटे में 4-11, 11-8, 11-4, 13-11 से हराकर स्क्वैश फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के 26वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी, जो छठी वरीयता प्राप्त हैं और 51,500 पीएसए वर्ल्ड टूर ब्रॉन्ज इवेंट में पहले दौर में बाई प्राप्त कर चुके हैं। घोषाल क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर क्राउइन से भिड़ेंगे। इस बीच, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन मलावन सेंथिलकुमार, जिन्होंने पिछले हफ्ते पिट्सबर्ग में अपने पहले पीएसए वर्ल्ड टूर सिल्वर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी, मिस्र के दूसरे वरीय यूसुफ सोलिमन से 11-6, 11-8, 11-2 से हार गए। तमिलनाडु के बाएं हाथ के खिलाड़ी ने शुरूआती दौर में ब्रिटेन के मार्क ब्रोकमैन को 22 मिनट में 11-4, 11-4, 11-2 से हराया था।

## पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने किया संन्यास का ऐलान

**जमशेदपुर (एजेंसी)।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन झारखंड और राजस्थान के बीच चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच के बाद लाल गेंद क्रिकेट को अलविदा कहेंगे, लेकिन फिलहाल सफेद गेंद क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। रेड-बॉल क्रिकेट में वरुण आरोन की यात्रा 2008 में शुरू हुई जब उन्होंने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी लीग मैच में झारखंड के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया। उनकी तेज गति और प्रतिभा ने उन्हें जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचा दिया। उन्होंने 2011 में वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में भारत के लिए डेब्यू किया। एक महीने बाद, उन्होंने उसी स्थान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भी डेब्यू किया। वरुण आरोन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, 'मैं 2008 से रेड बॉल क्रिकेट खेल रहा हूं। चूंकि मैंने तेज गेंदबाजी की, इसलिए मुझे कई चोटें लगीं। अब मैं समझता हूं कि मेरा शरीर मुझे रेड बॉल क्रिकेट में तेज गेंदबाजी जारी रखने की इजाजत नहीं देगा, इसलिए मैंने इसे छोड़ने का फैसला किया है। 'यह मेरे परिवार और जमशेदपुर के लोगों के सामने मेरा आखिरी मैच हो सकता है, क्योंकि हम अक्सर यहां सफेद गेंद मैच नहीं खेलते हैं। मैंने अपना करियर यहीं से शुरू किया था, इसलिए यह मेरे लिए काफी भावनात्मक है।'



## हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने कथित दुर्व्यवहार के आरोप में महिला टीम के कोच को निलंबित किया

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने शुक्रवार को सीनियर महिला टीम के मुख्य कोच विद्युत जयसिम्हा को टीम बस में कथित तौर पर शराब पीने और महिला क्रिकेटरों के साथ दुर्व्यवहार करने के बाद निलंबित कर दिया। एचसीए अध्यक्ष जगन मोहन राव ने जांच के आदेश दिए और जयसिम्हा को जांच पूरी होने तक क्रिकेट गतिविधियों से दूर रहने का निर्देश दिया। जयसिम्हा को लिखे पत्र में, एचसीए अध्यक्ष ने एचसीए को प्राप्त एक गुमनाम ईमेल का हवाला दिया, जिसमें वीडियो के साथ उन्हें हैदराबाद राज्य टीम के साथ कोचिंग असाइनमेंट के दौरान टीम बस में शराब ले जाते और पीते हुए दिखाया गया था। 'इसके अलावा वीडियो विभिन्न व्हाट्सएप समूहों में भी प्रसारित किए गए और टीवी समाचार चैनलों पर भी दिखाए गए। यह गंभीर चिंता का विषय है और मैंने इस मामले में गहन जांच करने के लिए कहा है और जांच के बारे में परिणाम के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। महिला क्रिकेटरों द्वारा कथित तौर पर जयसिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस से संपर्क करने के बाद एचसीए ने कार्रवाई की। यह घटना तब घटी जब कुछ दिन पहले महिला टीम एक मैच के लिए हैदराबाद से विजयवाड़ा जा रही थी। महिला खिलाड़ियों के माता-पिता और रिश्तेदारों ने चार दिन पहले एचसीए अधिकारियों से शिकायत की थी।

## 8- अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** कार्लोस अल्काराज ने अर्जेंटीना के क्वालीफायर कैमिलो उगो काराबेली के खिलाफ अर्जेंटीना ओपन के पहले मैच में सीधे सेटों में जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे स्पैनियार्ड ने गुरुवार रात दूसरे मैच में दो मैच प्वाइंट गंवाने के बाद 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की। अल्काराज का अगला मुकाबला क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी से होगा जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त इटली के लास्लो जेरे को 6-4, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अल्काराज ने मैच के बाद एटीपी टूर के हवाले से कहा, 'यह वास्तव में एक कठिन मैच रहा है। मैच में उसे हराना वास्तव में कठिन था। मैं सच बताऊं तो उसके प्रति फैंस का समर्थन देखकर मैं घबरा गया था।"

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंचा, भारत का नुकसान

## न्यूजीलैंड ने 92 साल बाद जीती साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज

**हैमिल्टन (एजेंसी)।** केन विलियमसन के 32वें टेस्ट शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने 16 फरवरी 2024 को हैमिल्टन में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई। यह प्रोटियाज पर न्यूजीलैंड की लगातार दूसरी टेस्ट जीत थी। इस तरह न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैच की सीरीज में साउथ अफ्रीका का सूपड़ा साफ किया। न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार टेस्ट सीरीज भी जीती। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच 1932 से टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। दोनों के बीच अब तक 18 टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी हैं। इसमें से साउथ अफ्रीका ने 13 टेस्ट सीरीज अपने नाम कीं, जबकि 4 बराबरी पर छूटीं। यह पहली बार है जब न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती।

**न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच भी होगी रोचक जंग :** इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दो टेस्ट मैच की सीरीज खेली जानी है। सीरीज का पहला मैच 29 फरवरी से 4 मार्च और दूसरा मैच 8 से 12 मार्च के बीच क्रमशः वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में खेला जाना है। ऐसे में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में भी जबरदस्त जंग देखने को मिल सकती है। न्यूजीलैंड उम्मीद कर रहा होगा कि केन विलियमसन ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ भी अपनी हालिया मजबूत फॉर्म को जारी रखें। दुनिया के नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज ने अपने सात हालिया टेस्ट मैच में सात शतक लगाए हैं। वह सबसे कम पारियों में 32 टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।




### इंग्लैंड को हुआ एक स्थान का फायदा

साउथ अफ्रीका इस हार के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में 8वें स्थान पर खिसक गया। पहले इंग्लैंड 8वें नंबर पर था। अब इंग्लैंड 7वें नंबर पर पहुंच गया। साउथ अफ्रीका की जीत-हार का प्रतिशत अब 25 हो गया है।

### भारत तीसरे नंबर पर खिसक गया

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अब न्यूजीलैंड की जीत-हार का प्रतिशत 75 हो गया है। न्यूजीलैंड की जीत से ऑस्ट्रेलिया और भारत को नुकसान हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम इससे पहले शीर्ष पर थी और भारत दूसरे नंबर पर था। अब ऑस्ट्रेलिया दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर खिसक गया है।

## खबरें व्यापार जगत की

### रियलमी 12 प्रो सीरीज ने पहली सेल के दौरान 1 लाख 50 हजार यूनिट बेचकर तोड़ा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल प्रौद्योगिकी ब्रांड रियलमी की हाल ही में लॉन्च की गई रियलमी 12 प्रो सीरीज को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। 6 फरवरी 2024 को शुरू हुई सेल के दौरान 1 लाख 50 हजार इकाई बेचीं। रियलमी ने हाल ही में रियलमी 12 प्रो सीरीज लॉन्च की थी, जो इसकी अपस्केल नंबर सीरीज में लेटेस्ट प्रवेशक है। कंपनी ने कहा, 'भारतीय स्मार्टफोन बाजार की भीड़भाड़ के बावजूद, रियलमी अपने इनोवेटिव, क्वालिटी और वैल्यू-ड्रिवन प्रोडक्ट के कारण लगातार टॉप पर बनी हुई है।' रियलमी 2023 में भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 20,000 से 30,000 रुपये की कीमत में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पांचवें स्थान पर रही। कंपनी ने कहा, "रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी ने सभी प्लेटफॉर्म पर 150,000 से अधिक प्री-बुकिंग के साथ 25,000 से 35,000 रुपये के बीच कीमत वाले मिड-प्रीमियम सेगमेंट में मजबूत शुरूआत की है। लग्जरी घड़ी से प्रेरित डिजाइन और टॉप क्वालिटी वाले पेरिस्कोप टेलीस्कोपिक लेंस जैसी यूनिक फीचर्स हाई-एंड यूजर्स एक्सपीरियंस पर रियलमी के फोकस को दशार्ती हैं।" जालान टेलीकॉम के संजय जालान ने कहा कि रियलमी 12 प्रो सीरीज के स्मार्टफोन से दूर की फोटो को अच्छी क्वालिटी में कैप्चर किया जा सकता है। फोटोग्राफी के मामले में भी यह फोन बहुत बेहतर है। यह लेटेस्ट रियलमी नंबर सीरीज नये फीचर्स, स्टाइलिश डिजाइन और पावरफुल हार्डवेयर से लैस है। हाई-रिफ्रेश-रेट डिस्प्ले और योग्य चार्जिंग तकनीक जैसे हाई-एंड फीचर्स यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाते हैं। वैल्यू-ड्रिवन, फीचर-पैक डिवाइसों की बढ़ती मांग ने भारत के स्मार्टफोन बाजार में मिड-प्रीमियम सेगमेंट को बढ़ावा दिया है।

### ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए फॉक्सवैगन व महिंद्रा एंड महिंद्रा के बीच आपूर्ति को लेकर करार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फॉक्सवैगन समूह और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म इंग्लो के लिए फॉक्सवैगन के एमईबी कंपोनेंट्स के पहले आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस सौदे में कुछ इलेक्ट्रिक कंपोनेंट्स के साथ यूनिफाइड सेल्स की आपूर्ति भी शामिल है। समझौते के साथ, फॉक्सवैगन और महिंद्रा अपने सहयोग को और गहरा कर रहे हैं जो 2022 में एक साझेदारी समझौते और एक टर्म शीट के साथ शुरू हुआ था। दोनों कंपनियां सहयोग के संभावित विस्तार का मूल्यांकन करना जारी रखेंगी। महिंद्रा फॉक्सवैगन की बैटरी स्ट्रेटेजी के कोर एलिमेंट यूनिफाइड सेल्स कांसेप्ट का उपयोग करने वाला पहला बाहरी भागीदार होगा। आपूर्ति समझौता कई वर्षों तक चलेगा और जीवनकाल में इसकी कुल मात्रा लगभग 50 गीगावॉट ऑवर होगी। फॉक्सवैगन समूह और महिंद्रा का लक्ष्य भारतीय ऑटोमोटिव बाजार में अपने ई-मोबिलिटी पदचिह्न को मजबूत करना और क्षेत्र में विद्युतीकरण में तेजी लाना है। महिंद्रा ने दिसंबर 2024 से अपने नए उद्देश्य-निर्मित इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म आईएनजीएलओ के आधार पर भारत में पांच सभी इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च करने की योजना बनाई है।

### अश्विनी वैष्णव 'मेड इन इंडिया' इंडस ऐपस्टोर का उद्घाटन करेंगे : फोनपे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 फरवरी को एंड्रॉइड-आधारित पहले 'मेड-इन-इंडिया' ऐप स्टोर इंडस ऐपस्टोर का उद्घाटन करेंगे। फिनटेक और डिजिटल भुगतान में अग्रणी कंपनी फोनपे ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'आत्मनिर्भर भारत' के एक दृढ़ समर्थक मंत्री के रूप में वैष्णव पहली बार अभूतपूर्व ऐप स्टोर द्वारा आत्मनिर्भरता की दिशा में लगाई गई बड़ी छलांग के साक्षी बनेंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'वैश्विक स्तर पर अपने तरह के पहले प्रयास में इस मील के पत्थर वाली लॉन्चिंग के मौके पर भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम एकजुट होकर वैश्विक दिग्गज कंपनियों को तकनीक, वाणिज्यिक और वितरण एकाधिकार को चुनौती देंगे तथा एंड्रॉइड ऐप मार्केटप्लेस को लोकतांत्रिक बनायेंगे।' इंडस ऐपस्टोर के लॉन्च के मौके पर ऐप मार्केटप्लेस द्वारा सशक्त स्टार्टअप और डेवलपर समुदायों के 300 से अधिक सदस्यों के ऐप उपलब्ध होंगे। कंपनी ने कहा, इसमें भारत की अग्रणी और नवोन्मेषी कंपनियों के सीईओ और संस्थापक शामिल हैं।

### अमेरिका और चीन के बाद डिजिटलीकरण को अपनाने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बना भारत




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक रैंकिंग में सुधार के साथ अब भारत जी20 देशों में अमेरिका और चीन के बाद डिजिटलीकरण को अपनाने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। डिजिटलीकरण ने प्रगति की है लेकिन जिस तरह से इसे विश्व स्तर पर मापा जा रहा है, उसमें प्रगति नहीं हुई है। अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों पर भारतीय अनुसंधान परिषद और वैश्विक उपभोक्ता इंटरनेट समूह प्रोसस की रिपोर्ट में कहा गया है कि, अधिकांश वैश्विक सूचकांक 'भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति 2024' के अनुसार विकासशील देशों के अपनाए गए डिजिटलीकरण के मार्ग को पूरी तरह से नहीं अपना पाते हैं। नैसकॉम के अध्यक्ष देबजानी घोष ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, "दुनिया अभी भी वास्तव में नहीं समझ पाई है कि प्रौद्योगिकी ने भारतीयों के दैनिक जीवन में खुद को कैसे शामिल कर लिया है, जो मेरे लिए वास्तविक डिजिटल अर्थव्यवस्था है।

### भारत के वियरेबल डिवाइस मार्केट ने 2023 में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के वियरेबल डिवाइस मार्केट ने 2023 में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की और रिकॉर्ड 134.2 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के अनुसार, 2023 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 28.4 मिलियन यूनिट्स देखी गई, जो 12.7 प्रतिशत (साल-दर-साल) बढ़ रही है। स्मार्टवॉच शिपमेंट में 73.7 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई, जो कुल 53.4 मिलियन हो गई। वियरेबल्स के भीतर, इसकी हिस्सेदारी 2022 में 30.7 प्रतिशत से बढ़कर 39.8 हो गई। त्योहारी सीजन की सेल और भारी छूट के कारण एवरेज सेलिंग प्राइस (एएसपी) 42.5 डॉलर से 38.7 प्रतिशत गिरकर 26.1 डॉलर हो गया। एडवांस स्मार्टवॉच की हिस्सेदारी 4.5 से 2.1 प्रतिशत से घटकर 1.1 मिलियन यूनिट हो गई। वियरेबल डिवाइस के लिए आईडीसी इंडिया मार्केट विश्लेषक आनंद प्रिया सिंह ने कहा, "सामर्थ्य, कम उत्पाद पहुंच और विकल्पों की अधिकता के कारण स्मार्टवॉच की मांग में वृद्धि हुई। गैर-ब्रांडेड घड़ियों की बढ़ती लोकप्रियता कंपनियों को प्रभावित कर रही हैं, जो लोकप्रिय मॉडलों के सस्ते विकल्प पेश कर रहे हैं।' रिपोर्ट के अनुसार, सभी तीन प्रमुख निमार्ता- बोट, नॉइस और फायर-बोल्ट, डाइवर्स प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और निरंतर इनोवेशन के माध्यम से समग्र वियरेबल मार्केट में अपनी-अपनी जगह सुरक्षित करने में सक्षम थे, लेकिन कम एवरेज सेलिंग प्राइस पर।' इयरवियर श्रेणी में मामूली 16.9 प्रतिशत (साल-दर-साल) वृद्धि दर्ज की गई, जो 80.4 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई।

## ज्ञान मेला में उमड़ीभीड़ विभिन्न प्रकार की झांकियां प्रस्तुत किया गया



**पांकी।** पांकी प्रखण्ड अंतर्गत कोनवाई हाई स्कूल के मैदान में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञान मेला का आयोजन किया गया। बताते चलें कि यह ज्ञान मेला बीते कई वर्षों से आयोजन किया जा रहा है, मेला बसंत पंचमी अर्थात सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित किया जाता है। ज्ञान मेला में प्रखण्ड के विभीन्न गांव मुहले से माता सरस्वती की प्रतिमा को लेकर मेला आयोजन के स्थल पर पहुंचकर प्रर्दशन करते है जहाँ ज्ञानवर्धक और आकर्षक झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सहित कई विभिन्न प्रकार की कला प्रस्तुत किया जाता है जो आकर्षक मनमोहक होता है। इस वर्ष ज्ञान मेला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ शशि भूषण मेहता जी के अनुपस्थित में उनके निर्देश पर उनके जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता और निजी सचिव बच्चन ठाकुर और विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज द्वारा कार्यक्रम को फीता काट कर उद्घाटन किया गया। उसके पुर्व झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री स्व.मधु सिंह और स्व. अमरनाथ सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। भाजपा पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज जी ने सम्बोधन करते हुए कहा की ठाकुर साहब के याद में हरेक वर्ष ज्ञान मेला का आयोजन किया जाता है।

## हुसैनाबाद में मैट्रिक के 15 और इंटरमीडिएट में 30 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**हुसैनाबाद।** जैक द्वारा मैट्रिक व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा 2024 में शुक्रवार की परीक्षा शांतिपूर्ण रही। हुसैनाबाद के सभी मैट्रिक परीक्षा केंद्रों में गणित की परीक्षा में 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट के भैतिक विषय की परीक्षा में 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे ।मैट्रिक के सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर परीक्षा केंद्र में 650 में एक ,प्लस टू बालिका उवि. में 590 में 5, स्तरोन्नत उवि कामगार पुर में 459 में एक, हार्वे उवि में 619 में 3 ,शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में 718 में 1,बक्शी उवि. में 360 में 3,उर्दू मवि. में 218 में 1,बालक रामवि. में 224 में शून्य परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वीतीय पाली में इंटरमीडिएट की छह परीक्षा केन्द्रों पर 30 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। फ्लाइंग टीम ने केंद्रों का निरीक्षण कर शांतिपूर्ण संचालन में जुटे परीक्षकों व केंद्राधीक्षको को कई निर्देश दिया।परीक्षा के दौरान सक्रिय रहने की बात कही। शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की। साथ ही द्वितीय पाली में सभी केंद्रों में इंटर की परीक्षा भी शांति पूर्ण रही।

## हुसैनाबाद में अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल,एक रेफर

**हुसैनाबाद ।** जपला छतरपुर मुख्य सड़क केखादी ग्रामोद्योग के समीप गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों में अक्षय कुमार (18 ) और सुदामा पासवान (38 ) दोनों ग्राम मोहम्मदाबाद के निवासी हैं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां अक्षय कुमार को चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिती को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त बाइक सवार जपला से दोनों बाइक से अपने गांव जा रहे थे।

## शिलान्यास के 20 दिनों बाद भी शुरू नहीं हुआ पुलिया निर्माण का कार्य

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत में भुनेश्वर राम के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास 20 दिन पहले किया गया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ. इस पुलिया निर्माण की ला परिषद के द्वारा कराया जाना है. लेकिन संवेदक द्वारा अब तक कार्य को प्रारंभ करने में किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है. कार्यस्थल पर अभी तक निर्माण सामग्रियां नहीं गिरायी गयी है. इससे स्थानीय लोगों में रोष देखा जा रहा है. ग्रामीण उपेंद्र पासवान ने कहा कि यह पुलिया का निर्माण होना काफी जरूरी है. दर्जनों गांव के लोगों को यहां पुलिया नहीं होने से आवागमन करने परेशान होते हैं।

## नये थाना प्रभारी ने योगदान दिया

**लातेहार ।** सदर थाना के नये पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के रूप में प्रमोद सिन्हा ने गुरुवार को यहां योगदान दिया है. योगदान देने के बाद थाना के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया. नव पदस्थापित थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा ने कहा कि पुलिसिया कार्रवाई के बाद उग्रवाद व नक्सलवाद पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है. उन्होंने कहा कि उग्रवाद व अपराध पर नियंत्रण करना उनकी प्राथमिकता है. आपराधिक घटनाओं के रूकने से व्यवसायी, ठेकेदार व कारोबारी निर्भर होकर काम कर सकेंगे. आगे कहा कि थाना क्षेत्र में किसी को भी सुरक्षा को लेकर परेशानी हो तो वह थाना आकर संपर्क कर संपर्क सकते हैं.

# केंद्र मनरेगा को बंद करना चाहती है : जयराम रमेश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा स्थगित होने के बाद गढ़वा जिले के रंका हाई स्कूल के मैदान में राष्ट्रीय मनरेगा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश और कन्हैया कुमार मौजूद रहे। मौके पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को मारना चाहता है। कार्यक्रम में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान राज्यों से मनरेगा मजदूरों, गैर-पार्टी ट्रेड यूनियन, जन संगठन और जमीनी स्तर के जन आन्दोलनों से जुड़े कार्यकर्ताओ ने हिस्सा लिया। जनसुनवाई में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश और युव नेता कन्हैया कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**ग्रामीणों ने कहा कि मनरेगा में अब नहीं मिल रहा काम :** अलग-अलग राज्यों से आये हुए 20 से अधिक मजदूरों ने अपने इलाकों में मनरेगा से संबंधित समस्याओं और चुनौतियों को जनता के समक्ष रखा लातेहार के मजदूर महावीर परहैया ने बताया कि पिछले दो सालों से उनके गाँव में नियमित रूप से मनरेगा में काम नहीं मिल रहा है। काम का भुगतान भी समय पर नहीं हुआ। बिहार के कटिहार की फूल कुमारी का कहना था कि यहाँ अगर 76 लोग काम की मांग करते हैं तो मुश्किल से 7 लोगों को काम मिलता है। छत्तीसगढ़ से भोलू पंडो और सेवक लकड़ा का कहना है कि मनरेगा आने से उनके जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आये



### मनरेगा में तकनीकी जटिलता ला रही सरकार : जयराम रमेश

जन सुनवाई में जयराम रमेश ने मनरेगा कानून के पीछे के संघर्ष को याद किया तथा इसके उद्देश्यों को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार पारदर्शिता के नाम पर मनरेगा में अनावश्यक तकनीकी जटिलता ला रही है, जिससे लोगों के काम के अधिकार का हनन हो रहा है. असल में सरकार का मुख्य उद्देश्य मनरेगा को खत्म करना है. यह भी कहा कि राजस्थान के बाद झारखण्ड दूसरा राज्य हो सकता है जहाँ शहरी रोजगार गारंटी लागू होना चाहिए. उन्होंने इस बात पर जोर डाला कि जन प्रतिनिधियों का कर्त्तव्य है की ऐसे जन सुनवाई में भाग लें. जमीनी सच्चाई पर नजर रखते हुए नीतियों को लोकतांत्रिक तरीके से पारित करें. जन सुनवाई के दौरान युवा नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि इस देश को मजदूरों ने बनाया है और मजदूरों के बिना देश एक कदम भी नहीं चल सकता. उन्होंने यह भी कहा कि गारंटी शब्द देश के श्रमिक आंदोलन से निकला हुआ है. अगर मौजूदा केंद्र सरकार पूंजीपति के 14 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर सकती है तो उसे मनरेगा मजदूरों का काम और मजदूरी की गारंटी सुनिश्चित करना होगा. मशहूर अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने नरेगा मजदूरों द्वारा बनाये गए तालाब से एक मछली दिखाते हुए जयराम रमेश से कहा कि मनरेगा ऐसा निवेश है जो ग्रामीण गरीबों के बीच समृद्धि लेकर आया. मनरेगा संघर्ष मोर्चा और झारखण्ड मनरेगा वॉच की तरफ से बलराम और जेम्स हेरेंज ने मांग पत्र सामने रखा.

### परिवार के हर सदस्य को 100 दिन के काम की गारंटी

नरेगा का मजदूरी दर 800 रुपया होना चाहिए. केंद्र सरकार पर दबाव डाला जाये नरेगा कानून के अनुसार 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान हो. केंद्र सरकार को स्वराज अभियान केस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए लंबित भुगतान का मुआवजा भरना चाहिए. भुगतान के लिए आधार आधारित भुगतान प्रणाली को अनिवार्य न करें. नरेगा में डिजिटल हाजिरी को तत्काल बंद किया जाये. सामाजिक अंकेक्षण के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन हो और सामाजिक अंकेक्षण विभाग के स्वायत्तता को कायम रखा जाए. हर काम के सामाजिक अंकेक्षण में ग्राम सभा के समक्ष, समस्त जानकारी को रखते हुए के नियामवली के अनुसार किया जाए. मनरेगा कानून के धारा 27 के नाम पर पश्चिम बंगाल के नरेगा मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को रोका जाए. धारा 27 का संशोधन हो ताकि दूसरे राज्यों के साथ इस तरह का अन्याय न हो.

## एक नजर

### आग से जल कर 25 वर्षीया महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा जीएलए कॉलेज निवासी जयपाल साव की पत्नी रिंकी देवी उम्र 25 वर्ष शुक्रवार की सुबह आग से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गई।इस घटना के बारे घायल महिला के पती जयपाल साव ने बताया की शुक्रवार की सुबह रिंकी अपने घर में आग जला कर ताप रही थी।इसी बीच वह आग की चपेट में आ गई।आग से जलकर उसका पूरा शरीर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### चचेरे भैंसुर ने महिला को लाठी-डंडे से पीट कर किया घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा काशी नगर निवासी अमरेश यादव की पत्नी फुलवंती देवी उम्र 30 वर्ष को गुरुवार की दोपहर मामूली बच्चो के विवाद में चचेरा भसुर दिलीप यादव और आशीष यादव ने लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद फुलवंती देवी खतरे से बाहर है। इस घटना के बारे में घायल महिला फुलवंती देवी ने बताया कि गुरुवार की दोपहर बच्चों के बीच हुई लड़ाई में उसे चचेरा भसुर दिलीप यादव और आशीष यादव से बहस होने लगा। बहस इतना बढ़ गया कि दिलीप यादव और आशीष यादव ने फुलवंती देवी को सिर में लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद फुलवंती देवी शहर थाना पहुंचकर घटना से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है। वही मामला दर्ज होने के बाद से शहर थाना की पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### होमगार्ड की बहाली में घूसखोरी का छात्रों ने किया विरोध

**मेदिनीनगर।** पलामू के सैकड़ो छात्र नौजवान भाकपा जिला सचिव श्री रुचिर तिवारी से पलामू जिला में हुए होमगार्ड के बहाली में धांधली को लेकर शिकायत किया। जिसको लेकर जिला सचिव छात्रों नौजवानो के साथ उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दरमियान होमगार्ड के हुए बहाली को रद करो। होमगार्ड बहाली में हुए घूसखोरी का पदार्फाश करो जैसे नारे छात्र एवं नौजवानों ने लगाया। मौके पर भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की हेमंत सरकार ने रोजगार देने के नाम पर युवाओं को गुमराह कर ठगने का काम किया है पलामू सहित झारखंड राज्य में जो भी सरकारी बहाली हो रही है उसमें भारी घूसखोरी किया जा रहा है उदाहरण स्वरूप जेसी जीएल बहाली है और फिलहाल यही हाल होमगार्ड में हुए बहाली का हुआ जिसमें मेरिट में आए छात्रों को बहाल न करके बैक डोर के माध्यम से घूसखोरी कर बहाल किया गया जो मेरिट वाले छात्र एवं नौजवानों के साथ अन्याय है।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सांकेतिक रूप से किया भारत बंद



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

समर्थन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मेदिनीनगर में भारत बंद का सांकेतिक रूप से समर्थन किया। कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता जिला सचिव रुचिर तिवारी के नेतृत्व में स्थानीय छहमुहान पर किसानों के मांगों को लेकर नारेबाजी किया। किसानों को उनका हक देना होगा एमएसपी की गारंटी करो किसानों के साथ सौतेला व्यवहार बंद करो आज भारत बंद है जैसे नारे लगाए गए। मौके पर रूचिर तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार के सौतेले रवैया के कारण भारत के किसान संकट में पड़ गए हैं । हिंदुस्तान एक कृषि प्रधान देश है हिंदुस्तान की 70% आबादी खेती और किसी पर निर्भर है इसके बावजूद भी किसानों के हित में केंद्र सरकार ने अभी तक कोई कानून नहीं बनाया बल्कि कॉर्पोरेट पक्षी तीन काला कानून पिछले साल लाए थे जिन्हें किसानों ने आंदोलन के बल पर खारिज करवा दिया और मोदी सरकार को झुकना पड़ा और उन्होंने किसानों से वादा किया था कि एम एसपी पर कानून बनाएंगे लेकिन कानून न बनाकर उन्होंने देश के किसानों को धोखा दिया जिसके चलते आज किसानों को पुनः सड़क पर उतरना पड़ रहा है केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। जिसे किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे ।उन्होंने कहा कि किसानों को उनका वाजिब हक मिलना चाहिए।

इधर श्री तिवारी ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के कारण छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए कुछ देर बाद प्रदर्शन समाप्त किया। प्रदर्शन के दरमियान, किसान नेता रामराज तिवारी चंद्रशेखर तिवारी आलोक कुमार तिवारी, नसीम राइन, सोनू अहमद, दिनेश राम निरंजन कमलापुरी जमालुद्दीन, सुरेश ठाकुर, मृत्युंजय तिवारी शहीद कई लोग उपस्थित थे।

# मोतीराज कॉलेज में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जैक द्वारा संचालित मैट्रिक व इंटर के परीक्षा में शुक्रवार को हरिहरगंज मोतीराज महिला इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के गणित विषय की परीक्षा में 524 परीक्षार्थियों में 514 ने परीक्षा दी. परीक्षा में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जबकि द्वितीय पाली में इंटर के भौतिकी विषय की परीक्षा में 425 परीक्षार्थियों में 420 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी. द्वितीय पाली इंटर की परीक्षा में 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. परीक्षा केंद्रों पर

### मैट्रिक में 10 व इंटर की परीक्षा में पांच अनुपस्थित

केंद्राधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि परीक्षा सदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में हो रही है. इस मौके पर डंडाधिकारी विद्यासागर कुमार, वीक्षक रिंकू चौधरी, श्यामदेव चौधरी, नरेंद्र प्रियदर्शी, निर्भय कुमार, मोहम्मद कौसर अलम, प्रवीन रंजन मिश्रा अंजू ठाकुर पीयूष कुमार के अलावे एसआई जितेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद थे.

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष शह भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने शहर के नए थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार से शिष्टाचार मुलाकात की ।भाजपा नेताओ ने थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने क्षेत्र में अमन, शांति के लिए हर प्रकार से पुलिस को सहयोग देने की बात कही ।मौके पर उपस्थित शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि क्षेत्र में प्रेम सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक का सामंजस्य जरुरी है ।उन्होंने कहा कि आम लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है। इसलिए लोग पुलिस प्रशासन का मिल कर सहयोग करें, पुलिस से डरें नहीं। पुलिस अपराध एंव अपराधियों के लिए है। आम लोगों के लिए पुलिस प्रशासन भी आम इंसान है ।उन्होंने कहा कि पुलिस आम लोगों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है ।मौके पर प्रभात गुप्ता, ओम तिवारी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुराने किरायेदार ने घर में घुसकर महिला को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाहाता इलाके में दिनदहाड़े घर में घुसकर एक 37 वर्षीय महिला को गोली मार दी गई। गोली महिला के गर्दन में लगी। गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली मारने वालों की पहचान हो गयी है। जानकारी के अनुसार गोली नावाहाता निवासी विश्वेश्वर गिरि की पुत्री मीनाक्षी देवी को मारी गई है। मीनाक्षी मायके में ही रहती है। गढ़वा जिले के भंडरिया में उसकी शादी हुई है। उसका पति राजू गोस्वामी भी उसके साथ यहीं रहकर व्यवसाय करता है। उसके दो छोटे बच्चे हैं। गोली मारने वाले की पहचान संतोष गोस्वामी के रूप में हुई है। संतोष चार साल पहले विश्वेश्वर गिरि के घर में किराए पर रहता था। संतोष और उसका साला गोलू सुबह 10 बजे विश्वेश्वर गिरि के घर पहुंचे और मीनाक्षी को टारगेट कर गोली चला दी। गोली मीनाक्षी के गर्दन में लगी है।



घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोली चलाने वाले संतोष और उसका साला गोलू फरार हैं। पुलिस घटना के कारणों का पता लगा रही है। समाचार भेजे जाने तक हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ था। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि संतोष गोस्वामी का आपराधिक इतिहास रहा है। हत्याकांड में जेल जा चुका है। गोली संतोष के साले गोलू ने चलायी।

मीनाक्षी और उसके पिता ने घटना के कारण नहीं बताए हैं। पिता का कहना है कि कुछ महीने पहले जब पता चला कि संतोष का आपराधिक इतिहास है तो उसे घर से निकाल दिया था। अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संतोष और उसके साले को पकड़ने के लिए अलग अलग टीम लगाई गई है।

# आजसू ने सीबीआई जांच के लिए राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



### पेपर लीक मामला

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

अखिल झारखंड छात्र संघ ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर पलामू समेत पूरे राज्य में उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को स्मार-पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया कि झारखंड सरकार जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराए। जांच के लिए राज्य सरकार ने एक एसआईटी गठित है लेकिन आजसू की समझ है कि यह जांच इस मामले के लिए पर्याप्त नहीं हैं। कहा गया है कि पेपर लीक मामले में राज्य के उच्च अधिकारियों की भी संलिप्तता है। इसलिए एसआईटी द्वारा की जा रही जांच प्रभावित होने की संभावना है। पलामू के उपायुक्त शशि रंजन से अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज ने किया।

आजसू ने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की सीबीआई जांच के लिए हम लगातार आंदोलन कर रहे हैं। सीबीआई जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को न्याय मिलेगा। इसी कड़ी में 17 फरवरी को आजसू हजारों अभ्यर्थियों के साथ उनके हक के लिए राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन करेगा।

## पीटीआर क्या संजय डूबरी से आगे निकलने की है तैयारी

# बोमा ट्रकों को है चीलसों का इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

अभी पिछले सप्ताह ही पलामू टाइगर रिजर्व की 25 सदस्य दल संजय डूबरी टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया था, यहां पलामू टाइगर रिजर्व की टीम ने एक बाघ सॉफ्ट रिलीज केंद्र को देखा यह एक बड़ा आश्चर्य था। संजय डूबरी में बाघ सॉफ्ट रिलीज केंद्र उन बाघों के लिए बनाया गया है। जो बचपन में ही या तो मां-बाप से बिछड़ गए या फिर मां बाप की मौत हो गई। ऐसे ही बाघों को रेस्क्यू करके संजय डूबरी टाइगर रिजर्व के अधिकारियों सॉफ्ट रिलीज केंद्र में रखते हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया के संजय डूबरी टाइगर रिजर्व में बाघ के इस सॉफ्ट रिलीज केंद्र में इस समय के छोटे भाई-बहन बाघ मौजूद है। उन्होंने कहा कि जब ये दोनों भाई-बहन बाघ डेढ़ साल या पौने दो साल के हो जाएंगे तो संजय डूबरी टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने उनसे कहा कि वह लोग इन दोनों भाई-बहन बाघ को अपने जंगल में छोड़ देंगे। जैना ने कहा वे सभी पलामू टाइगर रिजर्व में ऐसे दिन का इंतजार कर रहे हैं। जब यहां भी बाघों के लिए एक सॉफ्ट रिलीज केंद्र बने और उनमें बाघ रहे। इस समय पलामू टाइगर रिजर्व में चीतलों को रखने के



लिए चार शॉर्ट रिलीज केंद्र बनकर तैयार है। इंतजार है कि बस ये चितल बोमा ट्रक पर सवार हो और उन्हें इन सॉफ्ट रिलीज केंद्रो में जो पलामू टाइगर रिजर्व में ही बनकर तैयार है, भेजा जा सके। एक दूसरे प्रश्न के उत्तर में की बेतला नेशनल पार्क में ही केवल बायसन है और क्या इन्हें पलामू टाइगर रिजर्व दक्षिणी प्रमंडल भेजा जाएगा। तो जैना ने बताया कि यह पलामू टाइगर रिजर्व की एक योजना है जिसमें बेतला नेशनल पार्क से कुछ बायसन को लेकर दक्षिणी प्रमंडल में छोड़ने की प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभी इस समय बेतला नेशनल पार्क के चीतल को ही सॉफ्ट रिलीज केंद्रो में भेजा जाना है। बायसन को एक जगह से दूसरी जगह भेजना एक चुनौती है। बायसन को पहले बेहोश किया जाना होगा और तब ही उन्हें बोमा ट्रक से स्थान परिवर्तन किया जा सकता है।

## पेज एक के शेष

**चंपई मंत्रिमंडल का विस्तार...**

उन्होंने मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में जाने से इनकार कर दिया था, लेकिन बाद में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उन्हें मनाकर समारोह में आने को राजी किया। उन्हें कहा गया है कि उनकी मुलाकात कांग्रेस आलाकमान से कराई जाएगी। नाराज विधायकों में अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, रामचंद्र सिंह, भूषण बाड़ा, अनूप सिंह समेत अन्य शामिल हैं। झारखंड में अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं।

**इमिग्रेशन काउंटर तक...**

फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली। ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद उसके पीछे चलने लगा। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई। मृतक भारतीय मूल के यूएस-पासपोर्ट धारक थे। उनकी एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-116 की इकोनॉमी क्लास की यात्रा रविवार को न्यूयॉर्क से आरंभ हुई थी। उड़ान में 32 व्हीलचेयर यात्री थे, लेकिन 15 को ही सहायक के साथ व्हीलचेयर दी गई थी। एक सूत्र ने बताया कि न्यूयॉर्क-मुंबई उड़ान सुबह 11.30 बजे उतरने वाली थी, लेकिन 12 फरवरी को यह देर से दोपहर 2.10 बजे लैंड हुई थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# वंशवाद के कुचक्र में फंसी कांग्रेस को सबक सिखायेगा युवा वोटर: प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी वंशवाद के कुचक्र में फंसी हुई है और इसी कारण मोदी की कही हर बात का विरोध करती है। उसकी इस तरह की राजनीति को युवा वोटर खासकर पहली बार वोट करने वाला कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।





कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को पूरा करती हैं।

कांग्रेस के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास एक ही एजेंडा है, मोदी विरोध, घोर मोदी विरोध। मोदी विरोध में ये ऐसी-ऐसी बातें फैलाते हैं, जिससे समाज बंट जाए। आज हर कोई कांग्रेस का साथ छोड़ रहा है, सिर्फ एक परिवार ही वहां दिखता है।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान में पेपर लीक के मामले में एसआईटी गठित किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को इससे बचाने के लिए केन्द्र सरकार कानून लेकर आई है। अब संगठित तौर पर पेपर लीक कराने वाले लोगों में डर पैदा होगा।

केन्द्र और राज्य सरकार में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस की कार्यशैली की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के पास दूरगामी सोच और सकारात्मक नीतियों का अभाव रहा है। पार्टी के पास कभी भी भविष्य का रोडमैप नहीं रहा। इसी कारण से सालों तक देश बिजली क्षेत्र में काफी पीछे रहा है। उनकी सरकार के प्रयासों से आज देश बिजली उत्पादन के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बन गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के माध्यम से उनकी सरकार युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त करने का प्रयास कर रही है। उनके लिए यही चार सबसे बड़ी जातियां हैं।

**हल्द्वानी हिंसा**

## उत्तराखंड पुलिस ने मास्टर माइंड समेत 9 उपद्रवियों के पोस्टर किये जारी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपियों के पोस्टर नैनीताल पुलिस ने जारी कर दिए हैं। पुलिस ने हल्द्वानी हिंसा के 9 उपद्रवियों की पहचान कर ली है, जिनमें अब्दुल मलिक (मास्टरमाइंड), तस्लीम, वसीम उर्फ हप्पा, अयाज अहमद, अब्दुल मोईद, रईस उर्फ दत्तू, शकील अंसारी, मौकिन सैफी और जिया उल रहमान के नाम शामिल हैं। जगह-जगह पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं। जिससे इन आरोपियों की जल्द-जल्द से गिरफ्तारी हो सके। बता दें कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस, प्रशासन और मीडियाकर्मियों पर हमला कर दिया था।

## दिल्ली अग्निकांड : पेंट फैक्ट्री से 11 जले हुए शव बरामद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक पेंट फैक्ट्री सह गोदाम से 11 जले हुए शव बरामद किए गए, जहां 15 फरवरी की शाम भीषण आग लग गई थी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि आसपास के गोदामों और दुकानों तक फैल गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, जबकि घायलों की पहचान ज्योति (42), दिव्या (20), मोहित सोलंकी (34) और दिल्ली पुलिस कांस्टेबल करमबीर के रूप में हुई है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने कहा तलाशी अभियान जारी है। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि आग लगने के संबंध में शाम 5:26 बजे एक कॉल प्राप्त हुई थी। गर्ग ने बताया दमकल की 22 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जो रात 9 बजे तक आग पर काबू पाने में कामयाब रहीं। तलाशी अभियान जारी है।

गर्ग ने आगे कहा आग ने दो पेंट और केमिकल गोदामों और आठ दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। शुक्रवार सुबह तक अब तक 11 शवों को निकालकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है, जबकि चार घायलों को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने कहा कि गुरुवार को अलीपुर के नेहरू एन्क्लेव में एक पेंट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई थी। डीसीपी ने कहा, सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और देखा कि आग पड़ोसी 'नशा मुक्ति केंद्र' सहित कई अन्य इमारतों में फैल गई थी, जहां 4-5 लोग आग में फंसे हुए थे। कांस्टेबल करमवीर जलने सहित कई चोटें आईं और अब उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि पास की इमारत से तीन घायल लोगों को एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया है। डीसीपी ने बताया कि दमकल विभाग के साथ एनडीआरएफ भी मौके पर पहुंची और जली हुई इमारतों में तलाशी अभियान चलाया। फैक्ट्री का संचालन सोनीपत निवासी अखिल जैन द्वारा किया जा रहा था। इस संबंध में अलीपुर थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने दिल्ली की पेंट फैक्टरी में 11 मजदूरों की मौत पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 मजदूरों की मौत पर दुख जताया है। राष्ट्रपति ने शुक्रवार को घटना पर दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट में कहा कि दिल्ली के अलीपुर में एक फैक्टरी में आग लगने से अनेक लोगों की मृत्यु होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, नई दिल्ली के अलीपुर में एक फैक्टरी में आग लगने की दुखद घटना में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

## सिद्दारमैया के बजट में 'तुष्टीकरण की राजनीति'

### 110 करोड़ वक्फ संपत्तियों के लिए तो 220 करोड़ ईसाई धार्मिक स्थलों के लिए

**नई दिल्ली।**

कर्नाटक विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना बजट पेश किया। विधानसभा में बजट पेश होने के बाद राज्य सरकार विवादों में घिर गई है। बजट के बाद विधानसभा में ही विपक्षी विधायकों द्वारा इस बजट का विरोध किया जाने लगा और इस बजट को कांग्रेस के तुष्टीकरण वाला बजट बताया जा रहा है। इसके पीछे की वजह यह है कि सिद्दारमैया सरकार ने अपने बजट में वक्फ बोर्ड और ईसाइयों के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। जबकि, हिंदू मंदिरों को लेकर बजट में कोई खास राशि का जिक्र नहीं किया गया है। कर्नाटक सरकार ने अपने बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान वक्फ संपत्तियों के लिए किया है। वहीं, 200 करोड़ ईसाई समुदाय के लिए और अन्य धार्मिक स्थलों के लिए 20 करोड़ रुपये के फंड का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 10 करोड़ रुपए की लागत से भव्य हज भवन बनाने की भी घोषणा की गई है। यह हज भवन मंगलौर में बनाया जाएगा। अल्पसंख्यक समुदायों खासकर मुस्लिम और ईसाइयों के लिए इस बजट में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गई हैं। कर्नाटक विधानसभा में बजट के दौरान विपक्षी दलों ने कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया। हैरान करने वाली बात यह है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने बजट में वक्फ संपत्ति और ईसाई समुदाय के लिए 330 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।



400 मंदिरों से सालाना औसतन दान 450 करोड़ सरकार के खजाने में जाता है

### मंदिरों का दान सरकारी खजाने में

कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जहां मुजराई (हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती) विभाग द्वारा नियंत्रित 'ए और बी' यानी की बड़े और छोटे श्रेणी के 400 के करीब मंदिरों से हिंदू भक्तों द्वारा दिया जाने वाला सालाना औसतन दान 450 करोड़ रुपये सरकार के खजाने में जाता है। ऐसे में चौंकाने वाली बात है कि कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार हिंदू मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने वाले किसी भी विधेयक का विरोध करते आई है। इसके साथ ही हिंदू मंदिरों से हर साल इतना धन सरकार के खजाने में जाने के बाद भी सरकार की तरफ से बजट में इन मंदिरों के विकास या अन्य के लिए राशि का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

## श्रीलंका में 11 बौद्ध मंदिर पवित्र स्थल घोषित

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने देश के महत्वपूर्ण पुरातात्विक, ऐतिहासिक और पवित्र महत्व वाले 11 बौद्ध मंदिरों को पवित्र स्थल घोषित किया है। राष्ट्रपति देश के संविधान के अनुसार बौद्ध धर्म की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय भौतिक नियोजन विभाग ने महत्वपूर्ण पुरातात्विक, ऐतिहासिक और पवित्र महत्व के 11 मंदिरों को सरकारी राजपत्र में पवित्र स्थलों के रूप में नामित किया है।

## आतंकवादियों से निपटने की तकनीक में एक कदम रहें आगे: स्टॉक

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

इंटरपोल के महासचिव जर्गेन स्टॉक के अनुसार, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को प्रौद्योगिकी के गैर-नियमित क्षेत्रों का फायदा उठाने वाले आतंकवादी समूहों का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों के मामले में एक कदम आगे रहना चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल आपराधिक समूहों, आतंकवादी समूहों द्वारा किया गया है और वे किसी भी विनियमन से बंधे नहीं हैं। वे सामाजिक नेटवर्क सहित जो भी उपलब्ध है उसका उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा, बेशक, कानून प्रवर्तन (एजेंसियों) को सुसज्जित करने की जरूरत है, प्रशिक्षित होने की जरूरत है, क्योंकि आधुनिक तकनीक के बिना हम कानून को लागू करने में अपना काम नहीं कर सकते। सुरक्षा परिषद सदस्यों को आईएसआईएस द्वारा उत्पन्न खतरे पर जानकारी देने से पहले, परिषद के कक्ष के बाहर उन्होंने कहा कि समूह कमजोर हुआ है, लेकिन खतरा खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आईएसआईएस समूह पर उच्च दबाव बनाए रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। स्टॉक ने कहा, हम जो भी कमी छोड़ते हैं और किसी भी कमजोरी का फायदा उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, आधुनिक उभरती प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल से समूह मजबूत हुआ है। स्टॉक ने कहा कि इंटरपोल के सदस्यों के लिए जानकारी साझा करना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण है।

## डीयू के शिक्षकों को नहीं मिला तीन महीने से वेतन, विस पहुंचे नाराज शिक्षक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय के सैकड़ों शिक्षक अपना विरोध जताने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा पहुंचे। इस दौरान डीयू के सभी कॉलेजों में पूर्ण हड़ताल रही। विधानसभा के बाहर अपनी नाराजगी जताने पहुंचे शिक्षकों का कहना था कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कई कॉलेजों में तीन महीनों से शिक्षकों को सैलरी तक नहीं मिल रही है। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के मुताबिक शुक्रवार को शिक्षक कॉलेज नहीं गए और कक्षाएं नहीं ली गईं। डूटा और विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी के 19 जनवरी को लिखे गए पत्रों की निंदा की। डूटा अध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार भागी ने आईएएनएस से कहा कि



शिक्षा मंत्री आतिशी द्वारा दो पत्र लिखे गए थे, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित 12 कॉलेजों में अवैध रूप से 939 शिक्षण पद सृजित किए गए हैं। भागी ने कहा, "फंड में कटौती और इन कॉलेजों को आर्थिक रूप से बीमार घोषित करने वाले ये पत्र दिल्ली सरकार की उच्च शिक्षा विरोधी रणनीति के अलावा और कुछ नहीं हैं। इसका उद्देश्य इन कॉलेजों को डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय और कौशल विश्वविद्यालय की तरह, राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों में स्थानांतरित करना है। डूटा के मताबिक सरकार इन कॉलेजों को डिग्री देने वाले स्वायत्त कॉलेज के रूप में चाहती है। इसका सीधा मतलब है कि इन सार्वजनिक वित्त पोषित संस्थानों को स्व-वित्तपोषित संस्थानों में परिवर्तित करना। उन्होंने कहा है कि बिना किसी देरी इन कॉलेज में काम कर रहे शिक्षकों के वेतन हेतु धनराशि जारी की जाए।

## इनसैट-3 डीएस का प्रक्षेपण आज शाम


### उल्टी गिनती शुरू, श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण केंद्र से होगा लॉन्च

**एजेंसी। चेन्नई**

देश के नवीनतम मौसम उपग्रह इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती शुक्रवार दोपहर दो बजे शुरू हो गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रक्षेपण शनिवार शाम प्रस्तावित है।

अपने 16वें मिशन में जीएसएलवी रॉकेट (कोड-नाम जीएसएलवी-एफ14) शनिवार शाम 5.35 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा।

कुल 420 टन वजन वाला 51.7 मीटर लंबा जीएसएलवी रॉकेट भारत के नवीनतम मौसम उपग्रह इनसैट-3डीएस को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित करेगा। बाद में इसकी कक्षा को चरणबद्ध तरीके से बदलकर इसे भू-स्थिर कक्षा में ले जाया जाएगा। पहले इसरो ने कहा था कि रॉकेट शाम 5.30 बजे उड़ान भरेगा लेकिन बाद में समय बदलकर शाम 5.35 बजे कर दिया गया। इनसैट-3डीएस भारत का तीसरी पीढ़ी का मौसम विज्ञान उपग्रह है और यह पूरी तरह से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है। इसे मौसम की भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए उन्नत मौसम संबंधी अवलोकन और भूमि तथा महासागर सतहों की निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है। यह उपग्रह वर्तमान में कार्यरत इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ-साथ मौसम संबंधी सेवाओं को भी बढ़ाएगा।



## म्यांमार में सशस्त्र बलों और विद्रोहियों के ताजा संघर्ष से बांग्लादेश में दहशत

**ढाका।** बांग्लादेश के नागरिक सीमापार म्यांमार में सशस्त्र बलों और विद्रोहियों (अराकान सेना) के बीच हुए ताजा संघर्ष से दहशत में हैं। म्यांमार के रखाइन राज्य में तेज धमाकों और भीषण गोलीबारी से बांग्लादेश के कॉक्स बाजार के टेकनाफ उप जिला में नफ नदी सीमा के पास स्थित घरों की दीवारों पर हुए कंपन से लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में बाहर आ गए। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार मोर्टार शेल के विस्फोटों की आवाज से बांग्लादेश के लोग थर्रा गए। ह्निला, सबरंग और सेंट मार्टिन द्वीप में रहने वाले बांग्लादेश के लोगों ने शुक्रवार सुबह से दोपहर करीब 2:45 बजे तक मोर्टार गोले दागने की आवाज सुनी। टेकनाफ नगर पालिका में नफ नदी के पास रहने वाले मोहम्मद इस्लाम ने कहा, शुक्रवार सुबह से म्यांमार सीमा पर रुक-रुक कर भारी गोलाबारी की आवाज सुनाई दे रही है। हमारे घर हिल रहे हैं। कभी-कभी ऐसा महसूस होता है, जैसे भूकंप आ गया हो। टेकनाफ-2 बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहिउद्दीन अहमद ने कहा कि मुझे म्यांमार के अंदर भारी गोलीबारी की खबर मिली है। परिणामस्वरूप, सीमा पर गश्त बढ़ा दी गई है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया है कि एक हेलीकॉप्टर बांग्लादेश के शापुरी द्वीप के दूसरी छोर पर म्यांमार के माउंगडॉ के ऊपर से उड़ान भर रहा था। उन्होंने कहा सीमा पार के गांवों में जुंटा सरकार और अराकान सेना के बीच भारी झड़पें हो रही हैं। दोनों पक्ष भारी हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सीमावर्ती इलाकों में घर हिल रहे हैं।

## पाकिस्तान आम चुनाव में हुई धांधली पर आवाज उठाए अमेरिका : इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अमेरिका से इस संबंध मे आवाज उठाने की अपील की है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में पार्टी नेताओं की एक बैठक के बाद पीटीआई नेता असद कैसर ने मीडियाकर्मियों को बताया कि पार्टी ने उमर अयूब खान को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। कैसर ने कहा, खान ने संदेश दिया है कि अमेरिका को चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने (खान) कहा है कि अमेरिका ने समुचित ढंग से अपनी भूमिका नहीं निभाई है। पीटीआई पदाधिकारी ने दावा किया कि खान का संदेश है कि अमेरिका के पास एक मौका है और उसे चुनावों में धांधली के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

## रूस के विपक्षी नेता नवलनी की जेल में मौत

**लंदन।** रूस के सबसे महत्वपूर्ण विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की आर्कटिक जेल कॉलोनी के अंदर जेल में मौत हो गई है। वह यमालो-नेनेट्स जिले की जेल में पिछले एक दशक से कैद थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी और विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी राजनीति से प्रेरित माने जाने वाले अपराधों के लिए 19 साल जेल की सजा काट रहे थे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल के अंत में उन्हें आर्कटिक जेल कॉलोनी में ले लाया गया, जिसे सबसे कठोर जेलों में से एक माना जाता है। यमालो-नेनेट्स जिले की जेल सेवा ने कहा कि शुक्रवार को टहलने के बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई और वह तुरंत ही बेहोश हो गए। आपातकालीन चिकित्सा टीम को फौरन बुलाया गया। टीम ने उन्हें पुनर्जीवित करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## लेबर पार्टी से दो उपचुनाव हारने के बाद ऋषि सुनक को दोहरा झटका

**लंदन।** पिछले दो उपचुनावों में लेबर पार्टी की करारी शिकस्त के बाद यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को दोहरा झटका लगा है। किंग्सवुड और वेलिंगबोरो दोनों नीले से लाल हो गए, जिसका अर्थ है कि इस सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी भी कंजर्वेटिव प्रशासन की तुलना में सबसे अधिक उप-चुनाव हार देखी है। यह नुकसान अच्छा संकेत नहीं है, क्योंकि डाउनिंग स्ट्रीट ने इस साल होने वाले आम चुनाव के लिए अपनी तैयारी जारी रखी है। लेबर नेता के लिए एक चुनौतीपूर्ण सप्ताह के बाद नतीजे कीर स्टार्मर के लिए कुछ राहत प्रदान करते हैं, जिन्होंने अपनी पार्टी की हरित निवेश योजना को कम कर दिया था और यहूदी-विरोधी संकट में उलझ गए थे।

## तेजस्वी की 'जन विश्वास यात्रा' 20 फरवरी से 10 दिन में 32 जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**पटना।** बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 'जन विश्वास यात्रा' पर निकलेंगे। 20 से 29 फरवरी तक होने वाली इस यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव राज्य के विभिन्न इलाकों में 32 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने शुक्रवार को बताया कि 20 फरवरी को तेजस्वी यादव अपनी यात्रा की शुरूआत मुजफ्फरपुर से करेंगे। वे इसी दिन सीतामढ़ी और शिवहर भी पहुंचेंगे, जहां जनसभा को संबोधित करेंगे। तेजस्वी 21 फरवरी को मोतिहारी, बेतिया और गोपालगंज और 22 फरवरी को सीवान, छपरा और आरा पहुंचेंगे। यात्रा के अन्तिम दिन 29 फरवरी को तेजस्वी कटिहार, भागलपुर, बांका और जमुई पहुंचेंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे। राजद प्रवक्ता ने बताया कि पिछले दिनों नेता विरोधी दल तेजस्वी प्रसाद यादव की उपस्थिति में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में हुई जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों की बैठक में 'जन विश्वास यात्रा' का निर्णय लिया गया था। इस यात्रा में उनके साथ पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ ही महागठबंधन के अन्य नेता और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

## अनुसूचित जाति आयोग ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने शुक्रवार को संदेशखाली हिंसा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की। एनसीएससी प्रमुख अरुण हलदर ने कहा कि रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की गई है। आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न किया गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं ने महिलाओं का उत्पीड़न किया। हलदर ने कहा कि संदेशखाली के लोगों ने अपने ऊपर हुए अत्याचार और हिंसा के बारे में विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित लोगों ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा करने वाले समिति के सदस्यों के साथ अपना दर्द साझा किया। टीम ने संदेशखाली का दौरा किया जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कार्यकताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित तौर पर अत्याचार किए गए थे।